लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

मंगलवार 03 मार्च, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ / वर्ष: 17, अंक: 141 / www.janexpresslive.com/epaper

ट्रेनों ने किया मायूस, विमानों के सस्ते टिकटों से... 03

## ईरान-अमेरिका जंग का तीसरा दिन: डिएगो गार्सिया को लेकर ट्रम्प और ब्रिटेन में ठनी, मिडिल-ईस्ट में 6 अमेरिकी ठिकानों पर हमला

# मिडिल-ईस्ट में महायुद्ध

- **डिप्लोमैटिक संकट:** 'कोई बातचीत नहीं होगी' लारीजानी के कड़े तेवर, ब्रिटेन की 'शर्तों' ने बढ़ाई राष्ट्रपति ट्रम्प की नाराजगी
- **युद्ध का मैदान: ईरान का पलटवार:** कुवैत समेत 4 देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले, 'फ्रेंडली फायर' में गिरे 3 अमेरिकी फाइटर जेट्स
- **जंग के बीच ट्रम्प ब्रिटेन से नाराज:** ईरान पर हमले के लिए जल्दी ब्रिटिश मिलिट्री बेस चाहते थे, पीएम स्टार्मर ने 48 घंटे बाद परमिशन दी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरान**

इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने पुराने सहयोगी ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। दरअसल ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद अपना मिलिट्री बेस डिएगो गॉर्सिया देने में काफी देर लगाई है। अमेरिका जंग के पहले दिन ही इस बेस से ईरान पर हमला करना चाहता था। लेकिन ब्रिटेन ने 48 घंटे बाद इसकी इजाजत दी और कहा कि अमेरिका को यहां से सिर्फ ईरान के मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की परमिशन होगी। इसे लेकर ट्रम्प ने कहा है कि वे ब्रिटिश पीएम से बेहद निराश है।





### 'ईरान के 2 खुफिया अधिकारियों को मारा'

इजराइल ने कहा है कि उसने ईरान के खुफिया मंत्रालय के 2 अधिकारियों को मार गिराया है। इजराइली रक्षा बल ने दावा किया कि सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर की गई एयर स्ट्राइक में सैयद यह्या हमीदी और जलाल पोर हुसैन को निशाना बनाया गया। हमीदी 'इजराइल मामलों' के डिप्टी मिनिस्टर थे और उन पर विदेशों में यहूदियों, पश्चिमी देशों के नागरिकों और ईरान विरोधी तत्वों के खिलाफ गतिविधियों का नेतृत्व करने का आरोप था। जलाल पोर हुसैन मंत्रालय के जासूसी डिवीजन के प्रमुख थे।

### ईरान का 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला

ईरान ने सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया है। कुवैत में अमेरिका के कई फाइटर जेट क्रैश हो गए है। जेट हवा में गोल-गोल घूमने के थोड़ी देर बाद जमीन से टकरा गए। हालांकि, इसमें किसी मौत की नहीं हुई है। दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है। वहीं कुवैत ने सोमवार को गलती से 3 अमेरिकी फाइटरजेट्स को दुश्मन का विमान समझकर निशाना बनाया। हादसे में सभी अमेरिकी पायलट सुरक्षित हैं।

### ईरान में 555 की मौत, 740 घायल

अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल ने मिलकर अब तक ईरान के 1000 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। इस दौरान शुरुआती 30 घंटे में 2000 से ज्यादा बम गिराए गए। इनमें अब तक 555 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 180 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं।

### इजराइल ने पहली बार आयरन बीम डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया

इजराइल ने पहली बार आयरन बीम नाम की नए लेजर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया। इसकी मदद से हिज्बुल्लाह की तरफसे दागे गए रॉकेटों को हवा में ही रोक दिया गया। आयरन बीम एक ऐसी तकनीक है जो तेज लेजर बीम से रॉकेट और ड्रोन को मार गिराती है।

### ईरानी हमले से साइप्रस में ब्रिटिश मिलिट्री बेस को मामूली नुकसान

ईरान ने साइप्रस में ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स के अक्रोटिरी बेस पर ड्रोन हमला किया है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रविवार देर रात हुए इस हमले में बेस को मामूली नुकसान पहुंचा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। इसके जवाब में ब्रिटिश सेना कार्रवाई कर रही है। दरअसल, ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर ने ईरानी मिसाइल साइट्स पर हमले के लिए अमेरिका को इस बेस का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी।

### कतर के 2 एनर्जी ठिकानों पर ईरान का ड्रोन अटैक



कतर के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि ईरान के दो ड्रोन देश की एनर्जी फैसिलिटी (ऊर्जा ठिकानों) पर गिरे हैं। बताया गया है कि एक ड्रोन मेसाईद में एक बिजली घर के पानी के टैंक से टकराया। दूसरा ड्रोन रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में मौजूद कतर एनर्जी की एक ऊर्जा ठिकाने पर गिरा। अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ है। नुकसान कितना हुआ है, इसकी जांच की जा रही है।

### ईरानी राष्ट्रपति ने कार्यवाहक रक्षा मंत्री नियुक्त किया

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के जनरल माजिद एब्नेलरेजा को देश का कार्यवाहक रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब हालिया इजराइल-अमेरिका हमलों में पूर्व रक्षा मंत्री की मौत हो गई थी।

### ईरान ने मिडिल ईस्ट में 6 अमेरिकी बेस को निशाना बनाया

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के हमलों में मिडिल ईस्ट में मौजूद कम से कम छह अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने बहरीन, इराक, यूएई और कुवैत में स्थित अमेरिकी बेस पर हमला किया। इन हमलों में मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

### खामेनेई की मौत पर भारत में प्रदर्शन

इधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन हुए। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा। भारत के अलावा पाकिस्तान में भी खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा जारी है। आज सुबह पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया है। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगाई। वहीं, स्कर्दू में एसपी ऑफिस और कई सरकारी इमारतों को जला दिया। इस दौरान सुरक्षाबलों की ओर से की गई फायरिंग में 7 प्रदर्शनकारी मारे गए, 12 से ज्यादा घायल हैं। इससे पहले रविवार को पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में खामेनेई की मौत के विरोध में हंगामा हुआ था। घुसपैठ करने वाले प्रदर्शनकारियों पर दूतावास के अंदर से गोलियां चलाई गई थीं। अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। 10 से ज्यादा घायल हैं।

### बहरीन में भारत ने वीजा-पासपोर्ट सर्विस बंद की

इजराइल-ईरान जंग के कारण बीते दो दिन में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। आज भी दिल्ली एयरपोर्ट पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। बहरीन में स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि मौजूदा हालात को देखते हुए इंडियन कांसुलर एप्लीकेशन सेंटर ने भारतीय वीजा और पासपोर्ट सर्विस अगले नोटिस तक बंद करने का फैसला किया है। ओमान की खाड़ी में सोमवार को एक तेल टैंकर पर बम से लैस ड्रोन बोट से हमला किया गया, जिसमें एक भारतीय नाविक की मौत हो गई। मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक विजिटर्स के लिए बंद किया गया है। इधर पीएम नरेंद्र मोदी ने आज इजराइल-ईरान जंग के बीच दिल्ली में कनाडा के पीएम मार्क कार्नी से मुलाकात के बाद कहा- पश्चिम एशिया में हालात चिंताजनक हैं। भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करेगा। हम बातचीत से समस्या का समाधान निकालने के पक्ष में हैं।
























# ऑटो ई-रिक्शा सत्यापन, जागरूकता व रूट डायवर्जन अभियान चलाया

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के मार्गदर्शन सहायक पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी मेविस टॉक, सीओ यातायात प्रतीज्ञा सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस के सहयोग से ऑटो एवं ई-रिक्शा सत्यापन और जागरूकता अभियान के साथ-साथ रूट डायवर्जन से संबंधित विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई, वहीं आमजन और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक भी किया गया। अभियान के तहत उपस्थित अधिकारियों ने राइफल क्लब ग्राउंड बाबूलाल ट्रैफिक चौराहे पर जन जागरूकता कैंप लगा कर चेकिंग अभियान चलाकर ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के साथ दस्तावेजों की जांच के साथ पंजीयन भी किया, इस दौरान वाहन पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी), ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, फिटनेस प्रमाण पत्र और परमिट की जांच की गई।बिना वैध दस्तावेज पाए जाने वाले वाहनों को हिदायत दी।सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ मेविस टॉक ने बताया कि कई चालक निर्धारित रूट का पालन नहीं कर रहे थे।और ओवरलोडिंग की शिकायतें भी सामने आई थीं।ऐसे मामलों में चालकों को नियमों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी दी गई और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी निकटतम पुलिस चौकी, 112 पर तुरंत दें।जिससे टप्पेबाजी सहित सभी घटनाओं को तुरंत रोका जा सके। इसके साथ ही शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए रूट डायवर्सन की व्यवस्था लागू की गई। प्रमुख मार्गों पर वैकल्पिक रास्ते निर्धारित किए गए तथा सूचना पट्टों के माध्यम से आमजन को मार्ग परिवर्तन की जानकारी दी गई। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर यातायात सुचारु रूप से संचालित कराया गया।अभियान के दौरान सीओ यातायात प्रतीज्ञा सिंह ने चालकों को सड़क सुरक्षा, गति सीमा, सिग्नल पालन और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए सभी का नियमों का पालन करना आवश्यक। उक्त जागरूकता अभियान में जिला सड़क सुरक्षा समन्वयक समिति सदस्य सुनील सक्सेना, उप निरीक्षक यातायात त्रिलोकी नाथ पांडे ने चालकों को वृहद जानकारी के साथ होलिका दहन की शुभकामनाएं दी। इस अभियान में सैकड़ो की संख्या में आटो एवं ई रिक्शा चालक सहित यातायात पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के जरिए शुरु हुई महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन की नई पहल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



मिशन शक्ति द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल शुरु की गई। जिसमें जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है।

जन जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चैपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चैराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण किया गया।

महिला बीट पुलिस द्वारा प्रत्येक थाने में जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी एवं महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है।

बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच व बैड टच की जानकारी कराना है। महिला व बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ प्रदान करना। 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारियां दी गईं।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है। जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं की सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं, बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने व शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया।

इसी क्रम में महिलाओं को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर मनचलो के द्वारा आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद मनचलो के खिलाफ हिदायत व कार्यवाही की जाती है।

# 5 अभियुक्तों से 119 अदद क्वॉर्टर अवैध देशी व 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जनपद पुलिस ने 5 अभियुक्तों से 119 क्वार्टर अवैध देशी व 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया।

उपनिरीक्षक रामअधार सिंह आरक्षी राकेश कुमार व आरक्षी शुभम त्रिपाठी थाना मऊ द्वारा अभियुक्त पंचराज निषाद उर्फ बुल्लू पुत्र रामइच्छा निषाद निवासी ग्राम बरहा कोटरा थाना मऊ उम्र 35 वर्ष को एक पिपिया में 10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

उपनिरीक्षक वंशनारायण सिंह आरक्षी संदीप यादव व आरक्षी दुर्गेश नन्दन पटेल थाना मऊ द्वारा अभियुक्त अशोक कुमार पुत्र बेनी प्रसाद निवासी ग्राम बम्बुरी थाना मऊ को एक बोरी में 25 पाउच अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

उपनिरीक्षक वंशनारायण सिंह आरक्षी संदीप यादव व आरक्षी दुर्गेश नन्दन पटेल थाना मऊ द्वारा अभियुक्त विनोद कुमार सेन पुत्र सुग्रीव प्रसाद निवासी ग्राम चंदई थाना मऊ को एक बोरी में 28 पाउच अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

उपनिरीक्षक सुरेश प्रताप सिंह मुख्य आरक्षी सौरभ यादव व आरक्षी दीपक कुमार थाना पहाड़ी द्वारा अभियुक्त राहुल गुप्ता पुत्र लालूराम निवासी बांदा जनपद बांदा वर्तमान निवासी लोहदा रोड़ पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 26 पाउच अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना पहाड़ी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

उपनिरीक्षक सुभाषचन्द्र उपाध्याय आरक्षी मंगला प्रसाद थाना मारकुण्डी द्वारा अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र सम्पत पाल निवासी दीपू कोलान थाना मारकुण्डी को 40 पाउच अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना मारकुण्डी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# 11 हजार हाई टेंशन तार गिरने से लाखों का हुआ नुकसान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिले की राजापुर तहसील के सिधौली गांव में एक बड़ा हादसा टल गया। दिनेश राजपूत के ट्यूबवेल पर खड़े ट्रैक्टर पर 11 हजार वोल्ट का हाई टेंशन तार गिर गई, जिससे ट्रैक्टर के चारों टायरों में आग लग गई और लाखों का नुकसान हो गया। घटना के समय राजेश के पिता रामबली राजपूत तार से मात्र पांच मीटर दूर सब्जी तोड़ रहे थे।

ट्रैक्टर मालिक राजेश राजपूत ने बताया कि उन्होंने तीन महीने पहले ही ट्रैक्टर के चारों टायर बदलवाए थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस 11 हजार वोल्ट के हाई टेंशन तार को ट्यूबवेल के ऊपर से हटाने के लिए कई बार अधिकारियों को सूचित किया गया था, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। यह तार पहले भी कई बार गिर चुका है, जिससे भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पी.आर.वी. 112 पुलिस, लाइनमैन, जूनियर इंजीनियर और अधिशासी अभियंता सहित संबंधित अधिकारियों को फोन पर कई बार सूचना दी।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पी.आर.वी. 112 पुलिस, लाइनमैन, जूनियर इंजीनियर और अधिशासी अभियंता सहित संबंधित अधिकारियों को फोन पर कई बार सूचना दी। मौके पर 112 पुलिस सरधुवा पहुंच कर जमफर कटवाया और आश्वाशन दिया कि लिखित पत्र के माध्यम से बिजली विभाग के अधिकारीयों को अवगत कराएं, जिससे समस्या का निवारण जल्द किया जाएगा। पुलिस के अलावा विद्युत विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे ट्यूबवेल मालिक दिनेश कुमार राजपूत ने बताया कि उनके ट्यूबवेल के पास से जबरन 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन अन्य स्थानों के लिए खींची गई है। उन्होंने जेई और लाइनमैन से इसे हटाने का अनुरोध भी किया था, क्योंकि उनके यहां छोटे बच्चे खेलते रहते हैं और इससे खतरा बना रहता है। लेकिन उनकी गुजारिश पर किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया।

# चार अतिरिक्त एक्स-रे टेक्निशियन संविदा पर रखने की मिली स्वीकृति

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय में एक्स-रे टेक्नीशियन की कमी, ओ.पी.डी. में रोगियों की बढ़ती संख्या तथा अस्पताल में एक्स-रे परामर्श हेतु आने वाले रोगियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए, रोगियों को सुगमता एवं समयबद्ध रूप से एक्स-रे सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिसमें उन्होंने जिला संयुक्त चिकित्सालय में 4 अतिरिक्त एक्स-रे टेक्नीशियन को आउटसोर्सिंग संस्था के माध्यम से संविदा पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

जनपद के एक्स-रे टेक्नीशियन इच्छुक अभ्यर्थी आउटसोर्स संस्था मेसर्स जीत सिक्योरिटी सर्विसेज, प्रयागराज के टॉल फ्री नम्बर पर सम्पर्क कर इस पद के सापेक्ष आवेदन कर सकते हैं। आउटसोर्स संस्था द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची के आधार पर ही अभ्यर्थी साक्षात्कार में बैठ सकते हैं।

जिसमें एक्स-रे टेक्नीशियन को 1 वर्ष की अवधि के लिए मानदेय के आधार पर तैनात किया जाएगा। जिससे शासन की मंशा के अनुरुप जनपद को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

## पुलिस ने 30 वर्षो से डकैती के मामले फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** एसपी पलाश बंसल के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वाछिंत/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी के क्रम में थाना गिरवां पुलिस द्वारा 30 वर्षो से फरार डकैती के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष लम्बित दाण्डिक अपील संख्या 1282/1988 अन्तर्गत धारा 395 भादवि के प्रकरण में अभियुक्त के विरुद्ध गैर जमानतीय वारण्ट जारी किया गया था व अभियुक्त 30 वर्षों से फरार चल रहा था। थाना गिरवां पुलिस द्वारा सुरागरसी पतारसी, सर्विलांस व मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को केन नदी पुल के पास बृहद ग्राम स्योढा थाना गिरवां से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मुनव्वर पुत्र भिक्खा निवासी ग्राम स्योढा थाना गिरवां है।

## होली मिलन के साथ ही कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस, हमीरपुर।** मौदहा में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तहत होली मिलन के साथ ही कवि सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक और मौदहा तहसील के अध्यक्ष हरी प्रकाश कुशवाहा ने अंगवस्त्र और फूल माला से आये हुये कवियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय संयुक्त मंत्री कवि रेवती कुमार पाठक, संस्था के जिलाध्यक्ष लखनलाल जोशी ललित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संरक्षक शिवकरण सिंह सरस, भूतपूर्व अध्यक्ष जगदीश चन्द्र जोशी, कवि वीरेंद्र कुमार पाल शजर, उपाध्यक्ष नीतिराज सिंह, कवि कमलेश सिंह गौर, कवि संतोष कुमार माधव, कवि कमल किशोर कमल, कवि बालकिशुन जोशी चंचल, उपाध्यक्ष धर्मात्मा प्रसाद अभिलाषी, उपाध्यक्ष गीता ओमर, डॉ ज्ञानेंद्र द्विवेदी, हास्य कवि दिनेश दुबे, हरीराम गुप्त निरपेक्ष आदि ने कविता पाठ किया। विचारक चन्द्रशेखर अग्निहोत्री ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर कवि बालकिशन जोशी चंचल को तहसील राठ का अध्यक्ष घोषित किया गया।

# केन नदी पर बने तटबंध की करायी जाये मरम्मत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



सोमवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा चित्रकूट लोकसभा सांसद कृष्णा देवी पटेल से जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर बबेरू स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर मांग पत्र सौपा गया कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपने मांग पत्र में सांसद कृष्णा देवी पटेल से मांग की कि केन नदी में बना हुए तटबंध जो काफी जर्जर हो चुका है उसकी मरम्मत समय अनुसार कराई जाए क्योंकि जर्जर हालत में होने के कारण किसी भी समय टूट सकता है जिससे शहर की बरसात के मौसम में बाढ़ आने से दर्जनों मोहल्ले और हजारों लोग उससे प्रभावित होते हैं साथ ही प्राइवेट स्कूल मनमानी फीस वसूली कर रहे हैं बच्चों को स्कूल से ही कॉपी किताबें आदि मनमानी रेट पर मुहैया कराई जाती है अवकाश के दिनों में भी शुल्क लिया जाता है प्रत्येक वर्ष बच्चों का पाठ्यक्रम बदल दिया जाता है।जिससे सभी अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ का सामना करना पड़ता है।इस पर अंकुश लगाया जाए। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान ने बताया मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय के अधिकांश डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करके मरीजों का शोषण कर रहे अपने क्लीनिक में उनको इलाज कराने के लिए मजबूर किया जाता है साथ ही चिकित्सालय में पर्याप्त टेस्टिंग मशीन सुलभ नहीं है जिससे मरीजों को प्राइवेट में महंगे टेस्ट करवाने पड़ते हैं जिला महिला चिकित्सालय में अधिकांश वार्डों में गंदगी रहती है तामीरदार बरामदे में लेटने के लिए मजबूर हैं गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। प्रत्येक वार्ड में कूलर एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई जाए। सांसद कृष्णा देवी पटेल द्वारा आश्वस्त किया गया कि मेरे द्वारा सभी स्थानों का निरीक्षण शीघ्र कर कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर होली के पर्व की कांग्रेस परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं भी दी गई।

# रपटा की ढाल पर पलटा टेंपो, महिलाओं व बच्चों समेत 15 घायल पांच रेफर

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जसपुरा थाना क्षेत्र के गौरीकला गांव के श्रद्धालु सिद्ध बाबा स्थान से मुंडन संस्कार कर लौट रहे थे।तभी सोमवार को अमारा-गौरीकला रपटा की ढाल पर उनका टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया।

हादसे में महिलाओं व बच्चों समेत 15 लोग घायल हो गए। पांच की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गौरीकला निवासी सुशीला (40) अपने एक वर्षीय बेटे होरीलाल का मुंडन कराने हमीरपुर जिले के कैथी गांव स्थित सिद्ध बाबा स्थान गई थीं। उनके साथ गुड्डो पत्नी कल्लू पाल (40) सुमन पत्नी भुजबल (40) सुशीला पत्नी चुन्नू पाल, सुधा पत्नी अमर पाल(45), गीता(15), माया पत्नी रामरती(50), सुमन पत्नी भुजबल(50), फूलमती पत्नी गंगा (60), अंजली सहित कुल 15 लोग टेंपो से गए थे।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मुंडन कार्यक्रम के बाद सभी लोग वापस गौरीकला लौट रहे थे। जैसे ही टेंपो अमारा-गौरीकला रपटा की ढाल पर पहुंचा। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और टेंपो पलट गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद पांच घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य का इलाज सीएचसी में चल रहा है। थाना प्रभारी ऋषि देव ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## घर के बाहर खड़ी मोटर साईकिल ले गये चोर

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** शहर के क्योटरा चौराहा निवासी सन्तोष कमार रैकवार पुत्र रामकिशोर ने चौकी इंचार्ज जेल रोड को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि 2 मार्च सोमवार को दोपहर के करीब 3.50 बजे वह अपने घर में पूजा करवा रहा था। तभी उसकी मोटर साईकिल यूपी 90 जेड 1563 घर के बाहर से चोरी हो गयी। काफी देर खोजबीन करने के बाद भी उसको कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित पुलिस से मोटर साईकिल बरामद करने की मांग की है।

# आबकारी मदिरा दुकानों एवं भांग की दुकानों का किया सघन निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

रविवार को होली के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश पर जिलाधिकारी के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा संचालित विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम मे आबकारी मदिरा दुकानों एवं भाँग की दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। दुकानों के निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर से दुकानों पर रखे स्टॉक का आबकारी ऐप से स्कैन कर स्टॉक का सत्यापन किया गया। दुकानों पर उपस्थित विक्रेताओं को नियमानुसार दुकान संचालन करने तथा मदिरा की शत प्रतिशत बिक्री मशीन से करने हेतु निर्देशित किया गया। मऊ से रामनगर मार्ग के ढाबो को भी चेक किया गया व टोल प्लाजा के पास रखी गुमटियों को भी चेक किया गया। चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## पद्मश्री डॉ. बी.के. जैन की श्रद्धांजलि सभा आयोजित, हजारों ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन

**चित्रकूट।** पूज्य संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा स्थापित सदगुरु सेवा संघ के ट्रस्टी एवं सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के निदेशक पद्मश्री डॉ. बी.के. जैन का एक गंभीर बिमारी के चलते 27 फरवरी को निधन हो गया, उनके निधन से पूरे विंध्य सहित देश में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. जैन के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन कार्यक्रम 29 फरवरी को रखा गया एवं 1 मार्च को चिकित्सालय परिसर में ही राजकीय सम्मान के साथ उनको अंतिम विदाई दी गई। उनके दोनों पुत्रों जिनेश जैन, एवं डॉ. इलेश जैन ने मुखाग्नि दी। सोमवार को उनकी श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें जनपद के साधु-संत सहित सदगुरु सेवा संघ के सभी ट्रस्टी एवं सदगुरु परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। उनके श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण के साथ हुई इसके बाद भजनों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, एवं सभा में उपस्थित सभी साधु-संत, ट्रस्टी, गणमान्य नागरिक एवं पारिवारिक जनों ने भावांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# चेक बाउंस के मामले में हरीशनपुर विद्यालय के सहायक अध्यापक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

चेक बाउंस होने के मामले में हरीशनपुर विद्यालय के सहायक अध्यापक अभिषेक कुमार को पहाड़ी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे अलीगढ़ जेल भेजा गया है। पहाड़ी थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि अलीगढ़ न्यायालय से कुचारम गांव के निवासी अभिषेक कुमार वर्मा का गैर जमानती वारंटी जारी था। जिसके आधार पर अभिषेक को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराते हुए अलीगढ़ भेजा है। इस मामले में डी.आर.एस. कंपनी के प्रतिनिधि आकाश गर्ग ने बताया कि अभिषेक द्वारा उनके संस्थान को 533610 रुपये का चेक दिया गया था। भुगतान के लिए बैंक के लगाने पर यह चेक बाउंस हो गया। इसके चलते संस्थान को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। कई बार तलब किए जाने के बावजूद अभिषेक के उपस्थित न होने पर न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। काफी समय से वारंट जारी होने पर भी आरोपी की गिरफ्तार न होने पर न्यायालय द्वारा पुलिस के उच्चाधिकारियों को भी पत्र भेजा गया था।कई बार तलब किए जाने के बावजूद अभिषेक के उपस्थित न होने पर न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। काफी समय से वारंट जारी होने पर भी आरोपी की गिरफ्तार न होने पर न्यायालय द्वारा पुलिस के उच्चाधिकारियों को भी पत्र भेजा गया था। अभिषेक की गिरफ्तार होने के बाद गांव में हडकंप मच गया। हालांकि जब पुलिस द्वारा इस मामले में गैर जमानती वारंट होने की जानकारी दी गई तो ग्रामीण शांत हो गए। गौरतलब है कि अभिषेक की भाभी कुचारम गांव की प्रधान है।

## ग्रामोदय विवि के दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश की तिथि बढ़ी

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत् शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ाकर 30 मार्च तक कर दी गई है। निदेशक प्रो. कमलेश कुमार थापक ने बताया कि जनवरी सत्र में संचालित दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में एमपी ऑनलाइन के माध्यम से प्रवेश लेने की अंतिम तिथि को विस्तारित कर 30 मार्च कर दी गई है। दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के पंजीकृत विद्यार्थियों को एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पाठ्यक्रम परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि को भी बढ़ा कर 30 मार्च कर दिया गया है।

## डॉ. अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कार्तिकेय का प्रदेश में स्थान

**चित्रकूट।** डॉ. अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा, युवा एवं बाल विकास समिति अन्तर्गत भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश स्तरीय डॉ. अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा 2025 के परीक्षाफल की घोषणा की गई। जनपद में तीन परीक्षा केंद्रों, सरस्वती विद्या मंदिर भरतकूप, एबेनेजर जूनियर हाईस्कूल कर्वी, कम्पोजिट विद्यालय मिर्जापुर, में परीक्षा सम्पन्न हुई थी। जिसमे जूनियर वर्ग मे 300, तथा सीनियर वर्ग में 25 छात्रों ने प्रतिभाग किया गया। प्रदेश में सांत्वना पुरस्कार में कार्तिकेय ज्ञान भारती इन्टर कालेज कर्वी का छात्र 74 अंक प्राप्त किया है। जिसको भारतीय बौद्ध महासभा उ.प्र. द्वारा , 8 अप्रैल को नगद धनराशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए, डॉ. ज्ञानचन्द्र बौद्ध अध्यक्ष, विनोद कुमार वर्मा, चन्द्र प्रकाश, विनोद कुमार, विजय कुमार, जाहर सिंह, रामलखन, कपिल गौतम, प्रेमलता, नगीना, गीता वर्मा, दिनेश कुमार, गया प्रसाद बौद्ध, आदि शिक्षकों ने बधाइयां दी गया।

# मदन भारद्वाज स्मृति सम्मान से सम्मानित हुए उपन्यासकार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



सोमवार को शहर के तिंदवारी रोड मे स्थित डी. आर.पब्लिक इण्टर कालेज के प्रांगण में मदन भारद्वाज स्मृति कथा सम्मान 2025 का आयोजन किया गया।इस वर्ष इस सम्मान को समकालीन कथा जगत के ख्यातिलब्ध कथाकार हरि भटनागर को उनके उपन्यास दो गज जमीन के लिये दिया गया है। इसके पहले यह कथा सम्मान वर्ष 2023 के लिये महेश कटारे एवं वर्ष 2024 के लिए उर्मिला शिरीष को प्रदान किया गया था।मदन भारद्वाज स्मृति कथा सम्मान ऐसे कथाकार को प्रदान किया जाता है जिसने कथा के क्षेत्र में नितान्त मौलिक और जमीन से जुड़ी सच्चाईयों को गहरे से छुआ हो और जिसने अपनी रचनाओं में दृढ सृजनात्मक क्षमता और खोजी दृष्टि का परिचय दिया हो। हरि भटनागर का कथा साहित्य गहरे जन सरोकारों एवं उत्कृष्ट रचना दृष्टि का परिचायक है।बदलती दुनिया में समाज के सबसे कमजोर मूक एवं साधारण तबकों के संघर्ष व पीड़ा को उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से व्यक्त किया है। यह कथा सम्मान स्व0 मदन भारद्वाज की स्मृति में ष्केदार स्मृति न्यास के सौजन्य से प्रत्येक वर्ष दिया जाता है। मदन भारद्वाज नगर के गणमान्य समाजसेवी व्यक्तित्व थे।उनका जीवन शिक्षा और साहित्य के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने बच्चों की शिक्षा के लिए अपने निजी प्रयासों से शिक्षण संस्थान की स्थापना की और अपना पूरा जीवन नगर के बच्चों की शिक्षा के लिये समर्पित किया।उनके द्वारा स्थापित डी. आर. पब्लिक इण्टर कालेज नगर के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों में से एक है। सम्मान सत्र की अध्यक्षता वैभव सिंह ने की मुख्य वक्ता अमृता बेरा रहीं।मुख्य अतिथि बलराम रहे तथा विशिष्ट अतिथि विवेक मिश्र रहे। डी. आर.पब्लिक के चेयरमैन तथा इस सम्मान कार्यक्रम के अधिष्ठाता चन्द्रमौलि भारद्वाज ने हरि भटनागर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कहानी पाठ सत्र की अध्यक्षता बलराम ने की जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अमृता बेरा उपस्थित रहीं। कहानी पाठ हरि भटनागर, विवेक मिश्र एवं वैभव सिंह के द्वारा सम्पन्न किया गया। इस सम्मान समारोह में डी. आर. पब्लिक इण्टर कॉलेज की प्रबंधक श्रुति भारद्वाज, चेयरमैन चन्द्रमौलि भारद्वाज, प्रधानाचार्य सुनील कुमार त्रिपाठी सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहे।इसके अतिरिक्त केदार स्मृति न्यास के सचिव नरेन्द्र पुण्डरीक,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. शबाना रफीक, उपाध्यक्ष अंकित कुशवाहा, श्रृद्धा निगम, छाया सिंह, रामचन्द्र सरस, मनीष श्रीवास्तव, अमित अग्रवाल, राममिलन गुप्ता, दिलीप सविता, कमल यादव सहित नगर के अन्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।



**अमरिया में संवेदना और सख्ती का संदेश...**

**पीलीभीत।** जनपद के अमरिया क्षेत्र में सोमवार का दिन प्रशासनिक सक्रियता और मानवीय संवेदनाओं का साक्षी बना, जब संजय सिंह गंगवार (गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री) ने गांव-गांव पहुंचकर न केवल पीड़ित परिवारों का दु:ख बांटा, बल्कि जिम्मेदार तंत्र को... ▸ पढ़ें पेज 07 पर...

# ट्रेनों ने किया मायूस, विमानों के सस्ते टिकटों से यात्रियों ने भरी उड़ान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



होली पर घर लौटने के लिए विमानों के घटते किराये रेल यात्रियों को अपनी ओर खींच रहे हैं। दिल्ली से लखनऊ के बीच विमान और ट्रेन (प्रीमियम तत्काल) के किराये में अब महज 700 रुपये का अंतर रह गया है। मुंबई से लखनऊ आने वाले यात्रियों के लिए भी हवाई सफर बेहतर विकल्प साबित हो रहा है। 3 मार्च को दिल्ली (आनंद विहार) से लखनऊ आने वाली सप्तक्रांति एक्सप्रेस में थर्ड एसी के प्रीमियम तत्काल का किराया 2,935 रुपये है। वहीं, एअर इंडिया एक्सप्रेस की रात 10:45 बजे की उड़ान (आईएक्स-1040) का टिकट 3,641 रुपये में उपलब्ध है। हालांकि, इंडिगो और एअर इंडिया की शाम की अन्य उड़ानों के दाम 7,900 से 8,200 रुपये के बीच बने हुए हैं। इंडिगो की 3 और 4 मार्च को शाम 7:30 बजे की फ्लाइट 6ई-830 का टिकट मात्र 5,906 रुपये है। वहीं, अकासा एयर की फ्लाइट क्यूपी 1524 का किराया 5,926 रुपये है। ट्रेन देखें तो 3 मार्च को पुष्पक एक्सप्रेस के सेकंड एसी का प्रीमियम तत्काल टिकट 4,155 रुपये में मिल रहा है। इसी तरह, कोलकाता से लखनऊ आने वाली उड़ान 6ई-6139 का टिकट 5,816 रुपये, जयपुर से आने वाली उड़ान 6ई-7482 का टिकट 6,939 और अहमदाबाद से आने वाली उड़ान 6ई-6244 का टिकट 10,237, हैदराबाद से आने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-6167 9,941, बंगलूरू से आने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आइएक्स-1603 का टिकट 7,078, अकासा एयर की उड़ान क्यूपी-2902 का टिकट 8,308 रुपये रुपये में मिल रहे हैं।

### 300 से अधिक बसें रिजर्व में रखी

रोडवेज प्रशासन ने होली बाद लखनऊ से गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, बहराइच, प्रयागराज, वाराणसी सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों के लिए 300 से अधिक बसें रिजर्व में रखी हैं। इन बसों को मेंटेनेंस के बाद ही वर्कशॉप से रवाना करने के निर्देश दिए गए हैं।

### होली बाद रविवार को उड़ानें भी महंगी

होली बाद विमानों का किराया वैसे सामान्य के आसपास ही है, लेकिन अगले रविवार को लखनऊ से दिल्ली, मुंबई की उड़ानों के टिकट तीन गुने तक महंगे हो गए हैं। छह, सात व आठ मार्च दिल्ली जाने के लिए इंडिगो के विमानों का किराया 4,678, 5,466 व 6,516 रुपये पहुंच गया है। एअर इंडिया का क्रमशः 4,782, 5,516 व 6,896 रुपये है। आम दिनों में यह किराया तीन से चार हजार रुपये रहता है। इसी क्रम में, लखनऊ से मुंबई जाने वाली इंडिगो का किराया उपरोक्त तारीखों पर क्रमशः 8,536, 9,321 व 11,161 रुपये पहुंच गया है। ऐसे ही एअर इंडिया का 12,786, 10,789 और 11,561 रुपये, अकासा एयरलाइंस का 10,602, 11,277, 17,051 रुपये पहुंच गया है। आम दिनों में यह पांच हजार रुपये तक रहता है।

### ट्रेनों, बसों में उमड़ी भीड़, अब होली बाद लौटने के संकट से जूझेंगे यात्री

होली मनाने के लिए राजधानी आने वालों का सिलसिला जारी है। सोमवार को भी ट्रेनों, बसों में यात्रियों की भीड़ रही। वहीं, अब होली के बाद यात्रियों की वापसी की राह आसान नहीं होगी। दिल्ली व मुंबई की ट्रेनों में लंबी वेटिंग है। ऐसे में लखनऊ से दिल्ली व मुंबई लौटने वाले 25 हजार यात्रियों को तत्काल कोटे की 4500 सीटों का ही सहारा है। वापस जाने के लिए यात्रियों को रेगुलर व स्पेशल ट्रेनों में लंबी वेटिंग से जूझना पड़ेगा। मुंबई जाने वाली गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस की स्लीपर में छह व आठ मार्च को रिग्रेट तथा थर्ड एसी में वेटिंग 49, 38 पहुंच गई है। पुष्पक एक्सप्रेस की स्लीपर में छह, सात व आठ मार्च को 79, 74, 67 व थर्ड एसी में 39, 57, 27 वेटिंग है। गोरखपुर-मुंबई होली स्पेशल की स्लीपर में 88, 61, 66 व थर्ड एसी में 26, 28, 21 वेटिंग, अवध एक्सप्रेस में रिग्रेट, बनारस मुंबई होली स्पेशल की थर्ड एसी इकॉनमी में 22 वेटिंग छह मार्च को है। इसी क्रम में लखनऊ से दिल्ली जाने वाली तेजस एक्सप्रेस की चेयरकार में छह, सात व आठ मार्च को 22, 47, 118 वेटिंग एवं एग्जीक्यूटिव क्लास में सात, नौ व रिग्रेट चल रही है। वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयरकार में सात को 93, आठ को 157 वेटिंग है। शताब्दी एक्सप्रेस की चेयरकार में 23, 77, 156 वेटिंग है। डबलडेकर एक्सप्रेस की चेयरकार में छह मार्च को 755 सीटें रिक्त हैं। लेकिन एसी एक्सप्रेस की थर्ड एसी बोगी में 60, 94, 128 तथा वीआईपी ट्रेन लखनऊ मेल की स्लीपर में 115, 114, रिग्रेट व थर्ड एसी में 39, 67, रिग्रेट चल रहा है। डिब्रूगढ़ नई दिल्ली स्पेशल की स्लीपर व थर्ड एसी में रिग्रेट, जयनगर अमृतसर स्पेशल में भी सीटें खाली नहीं हैं।

### खाड़ी देशों की 11 उड़ानें निरस्त, आठ हुईं बहाल

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग से खाड़ी देशों में विमानों का संचालन सोमवार को भी बाधित रहा। दुबई व ईरान का एयरस्पेस बंद होने से लगातार तीसरे दिन खाड़ी देशों की ओर जाने वाली उड़ानें निरस्त रहीं। हालांकि, लखनऊ एयरपोर्ट की एयर ऑपरेशन रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को निरस्त उड़ानों की संख्या 17 से घटकर 11 ही रही। सऊदी अरब व ओमान की आठ उड़ानें सोमवार को संचालित हुईं। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर दुबई से सोमवार को आने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आइएक्स-198 निरस्त रही। ऐसे ही दुबई जाने वाली आईएक्स 193, अबुधाबी से आने वाली इंडिगो की 6ई-1416, अबुधाबी जाने वाली इंडिगो की 6ई-1415, शारजाह से आने वाली इंडिगो की 6ई-1424, शारजाह जाने वाली इंडिगो की 6ई-1423, दुबई से आने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स-194, रियाद से आने वाली आईएक्स-190, रियाद जाने वाली आईएक्स 189, दम्माम से आने वाली इंडिगो की 6ई-098 व जाने वाली इंडिगो की 6ई-097 निरस्त रहीं।

#### आठ उड़ानें हुईं बहाल

सोमवार को खाड़ी देशों से लखनऊ आने-जाने वाली आठ उड़ानें बहाल हुईं। इसमें मस्कट से लखनऊ आने वाली ओवी 705, लखनऊ से मस्कट जाने वाली ओवी 706, मस्कट से लखनऊ आने वाली डब्ल्यूवाइ 265, लखनऊ से मस्कट जाने वाली डब्ल्यूवाइ 266, रियाद से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक्सवाइ 333, लखनऊ से रियाद जाने वाली एक्सवाइ 334, जेद्दा से लखनऊ आने वाली एसवी 890, लखनऊ से जेद्दा जाने वाली एसवी 891 का संचालन हुआ।

## भाजपा नेताओं ने जमकर खेली होली, अबीर-गुलाल से सराबोर हुआ समारोह



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

होली का मुख्य पर्व बुधवार को मनाया जाएगा, लेकिन गोमती नगर स्थित आईएमआरटी बिजनेस स्कूल परिसर में सोमवार को ही होली का उत्साह देखने को मिला। पूरा परिसर रंगों और उत्सव के माहौल में डूबा नजर आया। होली गीतों की धुन पर छोटे कार्यकर्ताओं से लेकर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों तक सभी ने अबीर-गुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को रंग लगाया। इस दौरान फूलों की होली भी खेली गई। भाजपा नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह की ओर से समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, मंत्री दयाशंकर सिंह व दानिश आजाद, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया सहित करीब 50 भाजपा पार्षद शामिल हुए। इसके अलावा व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक ओपी श्रीवास्तव, मनीष रावत, अमरेश कुमार, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, पवन सिंह चौहान, सीएमओ एनबी सिंह, प्रवक्ता प्रवीन गर्ग और अनुराग शाहू भी समारोह में रंगों की खुशियां साझा करते नजर आए।

## पोस्टकार्डों पर दिखी 'होली' की झलक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीपीएमजी यूपी परिमंडल प्रणव कुमार ने पिक्चर पोस्टकार्डों को जारी किया
- जीपीओ में 5 पिक्चर पोस्टकार्ड रंगों का त्यौहार 'होली' के विशेष सेट की सार्वजनिक प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया

रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर आज भारतीय डाक विभाग उत्तर प्रदेश परिमंडल द्वारा जीपीओ में 5 पिक्चर पोस्टकार्ड रंगों का त्यौहार 'होली' के विशेष सेट की सार्वजनिक प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीपीएमजी यूपी परिमंडल प्रणव कुमार ने पिक्चर पोस्टकार्डों को जारी किया। इन पोस्टकार्डों में रंगों के त्यौहार होली की झलक साफ दिखी। सीपीएमजी प्रणव कुमार ने इस मौके पर कहा,होली का पर्व हमे आपसी प्रेम, सामाजिक समरसता की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर होली के सांस्कृतिक एवं पारंपरिक महत्व को दर्शाते हुए 5 थीम होलिका दहन, फूलों वाली होली, लठ्ठमार होली, हुरंगा होली एवं रंगभरी एकादशी पर आकर्षक पिक्चर पोस्टकार्ड के सेट की सार्वजनिक प्रस्तुति की गयी । इन पोस्टकार्डों में प्रदेश के रंगों के उत्सव की झलक, भारतीय संस्कृति की विविधता ,पारंपरिक लोक जीवन की सुंदर अभिव्यक्ति प्रस्तुत की गई ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पीएमजी मुख्यालय परिक्षेत्र लखनऊ सुनील कुमार राय तथा निदेशक डाक सेवाएं मुख्यालय उत्तर प्रदेश परिमंडल डॉ. आनंद कुमार सिंह मंचासीन रहे। जीपीओ के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गलत काम न करने वाले बीएलओ कर रहे आत्महत्या बेटी की शादी के लिए छुट्टी नहीं मिल रही: अखिलेश यादव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एसआईआर पर कहा है कि दिन-रात चौबीसो घंटे के दबाव के अलावा प्रदेश में बीएलओ पर गलत काम करने का दबाव भी है। पहले जो दबाव फार्म 7 से सही लोगों के नाम कटवाने का था, वैसा ही दबाव अब फार्म 6 के माध्यम से नये फर्जी नाम जोड़ने का है। ऐसा गलत काम करने के लिए अधिकतर बीएलओ का मन गवाही नहीं देता है, इसीलिए वो हताश होकर आत्महत्या जैसे प्राणघातक फैसले तक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'एसआईआर-2026 जीवनमुक्ति' के शीर्षक से आत्महत्या की चिट्ठी लिखकर ग्राम अलियाबाद, बिंदकी फतेहपुर में शिक्षामित्र बीएलओ अखिलेश कुमार सविता ने शनिवार शाम को सरकारी प्राथमिक विद्यालय के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कारण स्पष्ट रूप से एसआईआर का अत्यधिक दबाव व 10 दिन बाद होने वाली बेटी की शादी के लिए अधिकारियों द्वारा छुट्टी न देना था। अखिलेश यादव ने बीएलओ से अपील की है कि निराश-हताश न हों। आपका जीवन आप और आपके परिवार के लिए अनमोल है। इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जब खलनायक बन चुकी सत्ताओं का घोर पतन दुनिया ने देखा है। उन्होंने कहा कि भाजपाई स्वयं तो निर्मम-निर्दयी हैं ही, इन्होंने अधिकारियों को भी हृदयहीन-संवेदनहीन बना दिया है। बेटी की शादी का भावनात्मक महत्व और जिम्मेदारी कितनी होती है, ये वो ही जान सकते हैं, जिनके अपने परिवार हैं। भाजपा को इस पाप का महापाप लगेगा।

## होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने होली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। श्री सिंह ने होलिका दहन के अवसर पर पर्यावरण के अनुकूल गाय के गोबर से निर्मित गौ काष्ठ/लट्ठों का प्रयोग होलिका दहन पर करने की अपील भी की है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद होगी बल्कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी सहयोग मिलेगा।श्री सिंह ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि रंगों, उल्लास और आपसी प्रेम के पावन पर्व होली का त्योहार हमारे जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और भाईचारे का संदेश लेकर आता है। प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान राज्य मंत्री बलदेव सिंह तथा उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।मंत्रियों ने अपने संदेश में कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह त्योहार समाज में सद्भाव, एकता और उल्लास का संदेश देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करे।

## महिला स्वावलम्बन से विकसित भारत का संकल्प सशक्त

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- स्वयं सहायता समूहों की दीदियों ने रचा आर्थिक सशक्तिकरण का इतिहास
- लखपति से करोड़पति महिला बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार का दृढ़ संकल्प: केशव

'जब नारी सशक्त होती है तो परिवार, समाज और राष्ट्र सशक्त होता है। स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि अवसर और मंच मिले तो वे आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। '

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वाराणसी स्थित संपूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय में आयोजित ग्यारह दिवसीय रीजनल राष्ट्रीय स्तर सरस मेले के भव्य समापन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने सरस मेले में अपने उत्पादोंकृसजावटी सामग्री, खाद्य प्रसाद, पीतल शिल्प, अचार-मुरब्बा, लेदर उत्पाद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, वस्त्र, कालीन, जूट एवं मूंज उत्पादकृके माध्यम से न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि बड़ा व्यापार कर यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ महिलाएं ही हैं। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक समूह अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर प्रदेश में 1 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है तथा उन्हें भविष्य में 'करोड़पति महिला' बनाने की दिशा में संगठित प्रयास करे। यह पहल आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की मजबूत आधारशिला बनेगी। उप मुख्यमंत्री ने वाराणसी की दो बीमा सखियों मीना देवी एवं प्रतिभा देवी तथा दो लखपति महिलाओं शर्मीला देवी एवं लक्ष्मी वर्मा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद के 703 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि तथा 20 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड मद में कुल रू 10 करोड़ 60 लाख 50 हजार की धनराशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया,साथ ही दो समूहों की महिलाओं को ई-रिक्शा वितरित कर उन्हें प्रमाण पत्र सौंपे गए।मेले में सर्वाधिक बिक्री के लिए लखीमपुर खीरी के समूह को प्रथम तथा मीरजापुर को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ स्टाल सजावट हेतु गाजीपुर के मालिक मरदान शाह समूह को सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री ने सभी स्टालों का अवलोकन कर उत्पादों की जानकारी ली तथा आजीविका मिशन द्वारा संचालित फूड कोर्ट की सराहना की।कार्यक्रम में पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग विषयक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिससे समूहों की उत्पाद गुणवत्ता और बाजार प्रतिस्पर्धा को और सुदृढ़ किया जा सके।इस अवसर पर महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधान परिषद सदस्यगण, हंसराज विश्वकर्मा व धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व मेयर कौशलेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।उप मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि भविष्य में भी सरस मेले के आयोजन निरंतर किए जाएंगे।

## इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में चंद्रग्रहण अवलोकन हेतु विशेष निशुल्क कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

3 मार्च की शाम आकाश में एक अत्यंत आकर्षक खगोलीय घटना घटित होगी। इस दिन वर्ष 2026 का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। यदि मौसम साफ रहा तो भारत के अनेक भागों, लखनऊ सहित उत्तर भारत में, इसका अंतिम चरण देखा जा सकेगा। यह ग्रहण विशेष इसलिए भी है क्योंकि पूर्ण अवस्था में चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दे सकता है, जिसे आम भाषा में 'ब्लड मून' कहा जाता है।इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला लखनऊ द्वारा नक्षत्रशाला परिसर में जनसामान्य हेतु रात्रि आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा । इस कार्यक्रम में नक्षत्रशाला द्वारा टेलिस्कोप के माध्यम से चंद्रग्रहण का अवलोकन जनसामान्य को करवाया जायेगा । भारत के अधिकांश हिस्सों में चंद्रमा उस समय उदित होगा जब ग्रहण पहले से जारी रहेगा। लखनऊ में सूर्यास्त 18रू08 बजे होगा, इसलिए चंद्रमा पूर्व दिशा में क्षितिज के पास दिखाई देगा। उस समय ग्रहण का पूर्ण चरण समाप्त हो चुका होगा। किन्तु आंशिक चरण जारी रहेगा। इस दौरान चंद्रमा हल्का धुंधला या लालिमा लिए दिखाई दे सकता है। लखनऊ से चंद्रग्रहण को देखने की अधिकतम संभावित अवधि लगभग 39 मिनट हो सकती है। इस विशेष कार्यक्रम को सायंकाल से रात्रि 19:00 बजे तक संचालित किया जायेगा । यह कार्यक्रम निशुल्क होगा एवं उत्तर प्रदेश अमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया जायेगा ।वास्तव में चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। पूर्णिमा की रात यह घटना संभव होती है। जैसे-जैसे पृथ्वी की छाया चंद्रमा को ढकती है, चंद्रमा धीरे-धीरे धुंधला पड़ने लगता है और पूर्ण अवस्था में लाल या तांबे जैसा दिखाई दे सकता है। जब पृथ्वी सूर्य के प्रकाश को सीधे चंद्रमा तक पहुँचने से रोकती है, तब सूर्य का प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल से होकर मुड़ता और छनता हुआ चंद्रमा तक पहुँचता है। हमारा वायुमंडल नीली रोशनी को अधिक बिखेर देता है और लाल रोशनी को आगे जाने देता है। यही कारण है कि सूर्यास्त लाल दिखाई देता है और इसी कारण पूर्ण चंद्र ग्रहण के समय चंद्रमा लालिमा लिए दिखता है। 3 मार्च का पूर्ण चंद्र ग्रहण खगोल प्रेमियों और आम नागरिकों के लिए एक अनूठा अवसर है। जिसके लिए नक्षत्रशाला द्वारा चंद्रग्रहण को देखने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन सायंकाल से रात्रि 19 बजे तक संचालित किया जायेगा ।

## लखनऊ में भारत-अफगानिस्तान वनडे मैच 17 जून को, रोहित-कोहली की जुगलबंदी का विराट प्रदर्शन देखेगा शहर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

आईपीएल की चकाचौंध के बाद शहर के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच वनडे मुकाबला खेला जाएगा। दोनों देशों के बीच जून माह में होने वाली सीरीज में एक टेस्ट मैच और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। इसके अंतर्गत 17 जून को दूसरे वनडे मुकाबले में भारत और अफगानिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी।

### देखने को मिलेगी दिग्गज खिलाड़ी रो-को की जुगलबंदी

लखनऊ में भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली (रो-को) की जुगलबंदी देखने को मिलेगी। मौका होगा भारत और अफगानिस्तान के बीच 17 जून को होने वाले वनडे मुकाबले का, जो अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। आईपीएल के ठीक बाद होने वाली सीरीज में दोनों टीमों के बीच एक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। इसमें दूसरा वनडे लखनऊ में होगा। अगले साल होने वाले वनडे विश्वकप की तैयारियों के मद्देनजर यह सीरीज बेहद अहम होगी, जहां भारत और अफगान अपने टीम कंबीनेशन को तैयार करेंगी। भारतीय क्रिकेट के दो महानतम खिलाड़ियों के खेलने के कारण शहर के खेल प्रशंसकों को उत्साह देखते ही बनेगा और 17 जून को होने वाले मुकाबले में इकाना स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ दिखेगा। भारत की क्रिकेट टेस्ट और टी-20 प्रारूप से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा और विराट कोहली वर्तमान में केवल वनडे टीम के लिए खेलते हैं और अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले वनडे सीरीज में दोनों दिग्गजों का खेलना तय माना जा रहा है।



### इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा दसवां वनडे मैच

स्टेडियम में अभी तक कुल नौ वनडे मैच खेले जा चुके हैं। इसमें वनडे विश्वकप के पांच मैच भी शामिल है। जहां तक भारत का सवाल है तो यह टीम इंडिया का लखनऊ में तीसरा मुकाबला होगा। पहला मुकाबला भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच छह अक्तूबर 2022 में खेला गया था, जिसमें अफ्रीकी टीम ने नौ रन से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला वनडे विश्वकप में 29 अक्तूबर को टीम इंडिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम 100 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का कहना है कि उत्तर प्रदेश को एक और अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की मेजबानी मिलना खुशी की बात है। भारत-अफगानिस्तान मैच का आवंटन राज्य में क्रिकेट गतिविधियों के निरंतर विस्तार को दर्शाता है। हाल के वर्षों में बड़े टूर्नामेंटों की सफल मेजबानी के अनुभव के आधार पर मुझे विश्वास है कि भारत और अफगानिस्तान मैच भव्यता से खेला जाएगा और भविष्य में इसी तरह के आयोजन होते रहेंगे। इकाना स्पोर्ट्स सिटी के सीएमडी उदय सिन्हा ने कहा कि भारतीय क्रिकेट में विराट कोहली और रोहित का दर्जा कहीं ऊंचा है। उन्हें साथ में खेलते देखना रोमांचित कर देता है। अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में दोनों भूमिका काफी अहम होगी। लखनऊ में होने वाले इस मुकाबले में इन रोको की जोड़ी को देखने के लिए प्रदेश भर से प्रशंसक जुड़ेंगे। हमारी ओर से इस मुकाबले की सफल मेजबानी के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी जएगी।

### अभिषेक शर्मा के सपोर्ट में आए युवराज सिंह, बोले, एक-दो मैच के आधार पर जज न करें

टी-20 विश्वकप में फॉर्म से जूझ रहे अभिषेक शर्मा के गुरु और पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने कहा कि वह चाहे अभिषेक हों या शुभमन गिल, किसी भी खिलाड़ी को एक-दो मैच में प्रदर्शन के आधार पर जज नहीं करना चाहिए। फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों के पास कोई ऐसा होना चाहिए जो सुधार की राह दिखाए। जब मुझे दिक्कत हुई तो मैंने सचिन तेंदुलकर से बात की थी, तब चीजें समझ में आईं। ऐसे में निराश होने की कोई जरूरत रहीं। शहर के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में एक कार्यक्रम में भाग लेने आए पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने यादें ताजा करते हुए कहा कि बचपन में उनका पहला बल्ला पिता ने दिया था और कहा था कि आज से इसी से खेलो। उस बल्ले से जब मैंने छक्का लगाया था, जो एक व्यक्ति को लग गया। वह मुझे दौड़ाने लगा और मैं बैट छोड़कर भाग गया था। हालांकि, बाद में उस आदमी ने बैट वापस किया था। ये कुछ ऐसी यादें है जो जीवनभर संजोकर रखीं हैं। मौजूदा रणजी चैंपियन जम्मू कश्मीर की तारीफ करते हुए इस टीम ने रणजी चैंपियन बनने का सफर मुश्किलों के बीच तय किया और आज देश की दिग्गज टीमों को पीछे छोड़कर श्रेष्ठता साबित की। इस टीम से सबको सीखने की जरूरत है जो बुनियादी सुविधाओं के अभाव में निखरकर चमकीं।

#### यूपीसीए की ओर से चयनित 250 खिलाड़ियों को दी गई क्रिकेट किट

डीपी वर्ल्ड ने उत्तर प्रदेश में जमीनी स्तर पर क्रिकेट को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए लखनऊ में अपनी 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' पहल का विस्तार किया। इस पहल के तहत एक यूपीसीए की ओर से चयनित खिलाड़ियों को 250 क्रिकेट किट्स उपलब्ध कराई गईं। ये सभी उपकरण शहर की सेज क्रिकेट अकादमी में स्थापित किए जाएंगे। मौके पर युवराज सिंह ने कहा कि 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' जैसी पहल से युवा क्रिकेटर्स को वह इन्फ्रास्ट्रक्चर और आत्मविश्वास मिलता है, जिसकी जरूरत उन्हें अपने सपने पूरे करने के लिए है। डीपी वर्ल्ड, सबकॉन्टिनेंट (इंडिया) के कंट्री मैनेजर हेमंत कुमार रुइया ने कहा कि उभरते क्रिकेटर्स के सामने सबसे बड़ी चुनौती सही सुविधाओं तक पहुंच की होती है। डीपी वर्ल्ड में हमारा मानना है कि सुविधाएं सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता ने कहा कि राज्य में प्रतिभाओं का बड़ा आधार है और इस तरह की साझेदारियां जमीनी स्तर पर क्रिकेट विकास को मजबूती देती हैं।

# पुलिस चौकी में खुद को जलाने वाले युवक की हुई दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

पुलिस चौकी में आग लगाने वाले मनोज वर्मा की सोमवार को दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोप है कि उसका पत्नी से विवाद चल रहा था। इस मामले में पुलिस लगातार उसके घर पर दबिश दे रही थी।

इससे परेशान होकर उसने रविवार को आग लगा ली थी। उसने इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल भर्ती कराया गया था। जहां से बाद में उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया था। जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मनोज वर्मा के भाई राजेन्द्र ने बताया कि मनोज ड्राइवर का काम करता था। उसकी शादी 2015 में बुलंदशर के खुर्जा क्षेत्र से हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक तो सबकुछ ठीक रहा लेकिन बाद में उनके बीच बात-बात कर झगड़ा होने लगा। जिसके बाद पत्नी घर छोड़कर चली गई थी उसने दहेज उत्पीड़न का केस कर दिया था।

चार साल से मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इस मामले में कई बार समन जारी हो चुके हैं। मनोज वर्मा 50 वर्षीय ने खैर पुलिस चौकी में रविवार को खुद को आग लगा ली थी। भाई का आरोप है कि पुलिस केस की जांच को लेकर घर पर रोज दबिश देती थी। मनोज के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करती थी। मनोज इससे परेशान था। वह केस के सिलसिले में पुलिस से मिलने खैर कोतवाली क्षेत्र की कस्बा चौकी पहुंचा था। उसके बाद पता नहीं पुलिस ने उससे क्या कहा कि भाई ने खुद को आग लगा ली।पुलिस ने परिजन को आग लगने की सूचना दी। जिसके बाद उसे पास के खैर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से उसे जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

वहां पर वेंटिलेटर खाली नहीं था। इसलिए भाई को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया। वहीं पर उसका इलाज चल रहा था। मनोज ने सोमवार सुबह करीब 5 बजे दम तोड़ दिया।सीओ वरुण सिंह का कहना है कि मनोज वर्मा चौकी के सामने ही एक व्यक्ति के यहां ड्राइवरी का काम करते थे।उन्होंने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। चौकी पर उपस्थित दो सिपाहियों ने आग पर पानी व कपड़ा डालकर बचाया। उन्हें तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए लेकर पहुंचे। वहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया था।इलाज के दौरान उनकी मौत हुई है। टॉर्चर करने का आरोप गलत है।

## बी.एल.ओ. खरीद रही है योगी सरकार: ओ पी यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ पी यादव ने योगी सरकार पर बी.एल.ओ. को खरीदने का आरोप लगाया है। योगी सरकार ने भाजपा कार्यकर्ताओं के जरिए हर बी.एल.ओ. को नकदी व तोहफे में भेजकर एस.आई.आर. में विपक्षी सोंच के मतदाताओं के नाम करने का इनाम दे रही है। एक ओर योगी सरकार ने यह एलान किया था कि 28 फरवरी तक सभी कर्मचारियों को वेतन एवं पेंशनरों को पेंशन मिल जायेगी, लेकिन सरकार का यह भी एक जुमला साबित हुआ। होली के त्योहार में कर्मचारियों को वेतन न मिलने के कारण उनके परिजनों का होली मनाने का अरमान ठंडा हो गया। यादव ने भारत के निर्वाचन आयोग को फैक्स भेजकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# होली प्रेम और सौहार्द का पर्व, शांति बनाए रखें: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




होली पर्व पर जिलाधिकारी संजय सिंह चौहान ने सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने नागरिकों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि होली रंगों,उमंग और आपसी भाईचारे का प्रतीक पर्व है, जिसे प्रेम,सद्भाव और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामुदायिक समरसता का भी प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करे जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे या सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो। जबरन रंग न लगाएं, कीचड़ या गंदगी न फेंके तथा डीजे व ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करें। डीएम ने मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने और वाहन चलाते समय विशेषसावधानी बरतने की सलाह दी। अभिभावकों से अपील की गई कि वे बच्चों को सुरक्षित एवं संयमित ढंग से होली खेलने केलिए प्रेरित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी।तथा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

# लक्ष्मणपुर रोड बाईपास पर सघन चेकिंग अभियान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रायबरेली के जगतपुर थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर लक्ष्मणपुर रोड बाईपास के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व जगतपुर थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने किया।

अभियान के दौरान मुख्य रूप से दोपहिया वाहनों की जांच की गई। वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र की गहनता से पड़ताल की गई। पुलिस ने हेलमेट पहनने के निर्देश दिए और बिना हेलमेट या अधूरे कागजात पाए जाने पर चालान भी किए।



थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि होली के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में लगातार गश्त और चेकिंग अभियान जारी रहेगा। उन्होंने जनता से आपसी सौहार्द बनाए रखने और कानून का पालन करते हुए त्योहार मनाने की अपील की।

## त्योहारों पर सुरक्षा कड़ी: एसपी ने किया 7 किमी पैदल गश्त, संदिग्धों की जांच

**रायबरेली।** में आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने कमान संभाली है। उन्होंने देर शाम शहर में लगभग 7 किलोमीटर तक पैदल गश्त किया।

इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई और उनके पहचान पत्र सहित आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। फ्लैग मार्च में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी प्रफुल्ल शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, क्षेत्राधिकारी सदर अरुण नौहार और सैकड़ों पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बताया कि इस महीने लगातार त्योहार हैं, जिनमें होली, रमजान और नवरात्र शामिल हैं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शासन के निर्देश पर पुलिस टीमें लगातार जनता के बीच काम कर रही हैं। जनपद के विभिन्न चौराहों पर 24 घंटे के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है, जिनकी ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई जा रही है। संदिग्ध वाहनों और लोगों की लगातार चेकिंग की जा रही है। एसपी ने बताया कि आज उनके द्वारा शहर के विभिन्न मोहल्लों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया।

# सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल हिंदी विषय की परीक्षा में एक परीक्षार्थी रहा अनुपस्थित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न कराया गया । परीक्षा के लिए पंजीकृत 392 परीक्षार्थियों में से 391 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित पाया गया।

प्रधानाचार्य आशिम रूमी ने बताया कि 2 मार्च को सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल हिन्दी ए तथा बी विषय की परीक्षा सम्पन्न कराया गया। विद्यालय मे परीक्षार्थियों को प्रवेश से पूर्व तलाशी ली गई तथा बोर्ड द्वारा जारी किए गए नियमों के तहत परीक्षा कक्षा में प्रवेश दिया गया। उन्होंने बताया कि हिन्दी ए तथा बी विषय के लिए पंजीकृत 392 परीक्षार्थियों में से 391 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। हिन्दी ए विषय के लिए 308 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 307 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित पाया गया। हिन्दी बी विषय में 84 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। पंजीकृत सभी 84 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।




## एएमयू शोधार्थी मुगीज अहमद को यूएई में अंतरराष्ट्रीय नियुक्ति

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से पेट्रोलियम स्टडीज में पीएच.डी. पूर्ण करने वाले मुगीज अहमद को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की कंपनी ओरेन स्पेशियलिटीज एफजेडसीओ में अंतरराष्ट्रीय नियुक्ति मिली है। उनका प्रारंभिक वेतन पैकेज 28 लाख रुपये प्रतिवर्ष बताया गया है। यह नियुक्ति एएमयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस (जनरल) के माध्यम से हुई। प्रतिष्ठित वैश्विक पद के लिए उनका चयन उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध दक्षता और पेट्रोलियम अध्ययन के क्षेत्र में पेशेवर क्षमता को दर्शाता है। विश्वविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एएमयू के शोधार्थियों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया।

# पुलिस ने एक घंटे में बरामद किया तीन साल का बच्चा

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

थाना गांधीपार्क पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत एक गुमशुदा तीन वर्षीय बच्चे को उसके परिजनों से एक घंटे के भीतर मिला दिया। बच्चे के मिलने से परिजनों के चेहरे पर खुशी लौट आई।

सोमवार को पीआरवी 5324 ने स्थानीय थाने को सूचना दी थी कि एक तीन वर्षीय बच्चा अकेला घूमता हुआ मिला है। बच्चा अपना नाम बताने में असमर्थ था और काफी डरा हुआ लग रहा था। जनपद में गुमशुदा बच्चों की तलाश, उनकी शीघ्र बरामदगी और रास्ता भटके बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने के लिए 'ऑपरेशन स्माइल' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गांधीपार्क पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस टीम ने बच्चे की तलाश में आसपास की गलियों और मोहल्लों में प्रचार-प्रसार किया और जनसहयोग मांगा। एक घंटे के भीतर साधू आश्रम के पास बाबा कॉलोनी से बच्चे के माता-पिता को ढूंढ निकाला गया और बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में थाना गांधीपार्क के उपनिरीक्षक आलोक शर्मा और उपनिरीक्षक प्रवेन्द्र सिंह शामिल थे।



## शिया समुदाय का नायब इमाम की हत्या के विरोध में अमेरिका-इजरायल मुर्दाबाद के नारे

**रायबरेली।** ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामनेई की कथित हत्या के विरोध में शिया समुदाय ने प्रदर्शन किया। शहर कोतवाली इलाके के गुलाब रोड पर शिया धर्मगुरुओं और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने एकत्र होकर अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने **अमेरिका इजरायल मुर्दाबाद** और **शिया सुन्नी भाई भाई** जैसे नारे लगाए। यह विरोध प्रदर्शन टाउन हॉल से जिलाधिकारी आवास तक एक जुलूस के रूप में निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भी हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने नायब इमाम की हत्या को लेकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।यह विरोध प्रदर्शन टाउन हॉल से जिलाधिकारी आवास तक एक जुलूस के रूप में निकाला गया।

# बकरी चोरी का खुलासा, दो युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**




जनपद के थाना शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में बकरी चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई बकरी भी बरामद कर ली है।पुलिस के अनुसार जिले में अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में सोमवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई के नेतृत्व में शिवरतनगंज पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी।तभी मुखबिर से सूचना मिली कि बकरी चोरी की घटना में शामिल दो युवक चोरी की बकरी बेचने की फिराक में घूम रहे हैं।सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लक्ष्मी प्रसाद पुत्र शत्रोघन पासी 25 वर्ष निवासी कुसुम्भी तथा अर्जुन उर्फ टन्ना पुत्र भुल्ली 28 वर्ष निवासी कुसुम्भी टिकरी के रूप में हुई है।पूछताछ में दोनों ने 27 फरवरी को गांव कुसुम्भी टिकरी से बकरी चोरी करने की बात स्वीकार की।पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मु0अ0सं0 17/26 में धारा 303(2) व 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है।बरामदगी के बाद संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्रा, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में संतोष का माहौल है।

# एएमयू के विधि छात्र ने मानव-वन्यजीव संघर्ष पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के विधि संकाय के प्रथम वर्ष के बी.ए. एलएल.बी. छात्र तथा डॉ. बी.आर. अंबेडकर हॉल के आवासीय सदस्य अयान अली खान ने मानव वन्यजीव संघर्ष विषय पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया।

यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन **ह्यूमन एनिमल कॉन्फ्लिक्ट: ब्रिजिंग गैप्स टुवड्र्स सस्टेनेबल को-एग्जिस्टेंस** शीर्षक से कोलकाता स्थित आदमास विश्वविद्यालय द्वारा त्रिपुरा राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया था।

सम्मेलन का आयोजन संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद, यूथ फॉर **ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल (वॉशिंगटन डीसी) तथा गार्डियंस ऑफ ह्यूमन राइट (जीओएचआर)** के सहयोग से किया गया, जिसमें विद्वानों, विधि विशेषज्ञों और नीति-निमार्ताओं ने मानव वन्यजीव संघर्ष से संबंधित उभरती चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया।

अयान अली खान ने **ह्यूमन-एनिमल कॉन्फ्लिक्ट: लीगल चैलेंजेज एंड द क्वेस्ट फॉर सस्टेनेबल को-एग्जिस्टेंस** शीर्षक से अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने वर्तमान कानूनों में मौजूद कमियों को रेखांकित करते हुए इसकी रोकथाम, समन्वय और मुआवजा तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक सुधारों का प्रस्ताव रखा। अध्ययन में संरक्षण और मानव सुरक्षा तथा विकास के बीच संतुलित, अधिकार-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की वकालत की गई। डॉ. बी.आर. अंबेडकर हॉल के प्रोवोस्ट प्रो. मोहम्मद तारिक ने अयान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर शोधपत्र प्रस्तुति के लिए बधाई दी है।

एएमयू डेंटल कॉलेज की रेजिडेंट ने ई-पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हासिल किया

अलीगढ़ मुस्लिम विश्विद्यालय के डॉ. जेड.ए. डेंटल कॉलेज के पेरियोडोंटोलॉजी विभाग की जूनियर रेजिडेंट (प्रथम वर्ष) डॉ. अंबर खान ने ई-पोस्टर प्रतियोगिता 2025 के आइडिया कांसेप्ट श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन इंडो-यूएस एपीजे अब्दुल कलाम सेंटर फॉर स्टेम एजुकेशन एंड रिसर्च, एएमयू द्वारा इंटरनेशनल सोसाइटी फार मुस्लिम वीमेन इन साइंस (आईएसएमडब्ल्यू) के सहयोग से किया गया था।

डा खान ने पोस्टर एआई से लैस लार जांच उपकरणः मुंह की बीमारियों की बिना दर्द वाली जांच की तकनीक शीर्षक से प्रस्तुत किया गया, जिसे नवाचार, अंतर्विषयी दृष्टिकोण और नैदानिक प्रासंगिकता के लिए व्यापक सराहना मिली।

पेरियोडोंटोलॉजी विभाग में उनके मार्गदर्शक प्रो. एन.डी. गुप्ता ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विभाग की बढ़ती शोध उत्कृष्टता और सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण को दशार्ती है।

## दीनशाह गौरा में होली से पहले सजी रंगों और पिचकारियों की दुकानें, उमड़ी भीड़

**रायबरेली।** जिले के दीनशाह गौरा ब्लॉक क्षेत्र में होली पर्व की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। गदागंज का बाजार रंगों की चमक से गुलजार है। यहां दुकानों पर पिचकारी, गुलाल, अबीर और हर्बल रंगों की भरमार देखने को मिल रही है। बच्चों के लिए गदा, तीर, फरसा और त्रिशूल के आकार की पिचकारियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इस बार बाजार में पहली बार गोल्डन रंग भी आया है, जो युवाओं और बच्चों को काफी पसंद आ रहा है। पिचकारियों की कीमत 20 रुपये से शुरू हो रही है।

स्थानीय दुकानदारों मयंक कुमार, अवधेश कुमार और विवेक ने बताया कि रंगों की दुकानें सज गई हैं और लोग अपनी पसंद के रंग खरीद रहे हैं। बाजार में हर वैरायटी के रंग उपलब्ध हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि पर्व करीब आने के साथ ही भीड़ और बढ़ेगी, जिससे बाजार में और रौनक आएगी।

रंगों और पिचकारियों के साथ-साथ पारंपरिक खानपान की भी तैयारियां जोरों पर हैं। कचरी और चुररी की बिक्री शुरू हो चुकी है, वहीं मिठाई और नमकीन की दुकानों पर भी विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

# एएमयू एनएसएस ने अंगदान विषय पर किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा अंगदान विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंगदान के जीवनरक्षक और मानवीय महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना था।

कार्यक्रम में सहकुलपति प्रो. मोहम्मद मोहसिन खान, एनएसएस समन्वयक डॉ. मोहम्मद मोहसिन खान, प्रो. मलिक शोएब अहमद, एमआईसी, बिल्डिंग विभाग तथा रोटेरियन लाल गोयल उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता रोटेरियन लाल गोयल ने अंगदान के वैज्ञानिक, कानूनी एवं नैतिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला और युवाओं से समाज के प्रति जिम्मेदार योगदान देने का आह्वान किया।




रोटेरियन क्लब गोयल ने कहा कि एक अंगदाता कई लोगों के जीवन में नई आशा जगा सकता है। उन्य वक्ताओं ने सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर एएमयू की छात्रा एवं सक्रिय एनएसएस स्वयंसेवक नोशीन शान, जिन्होंने हाल में ह्यविकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्रदान किया गया किया, को भी सम्मानित किया गया और उन्हें राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ। संचालन डॉ. फौजिया फरीदी ने किया तथा डॉ. मोहम्मद मोहसिन खान ने विश्वविद्यालय प्रशासन और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंसूर आलम, डॉ. अब्दुल जब्बार, एम.डी. इमरान खान और नाहिद अकबरी भी उपस्थित रहीं।

## एएमयू शोधार्थी ने हिमालयी पक्षियों की ध्वनियों पर शोध प्रस्तुत किया

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वन्यजीव विज्ञान विभाग की शोधार्थी आयशा मोहम्मद मसलेहुद्दीन ने एथेंस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सेंटरिंग कम्युनिटीः इंटीग्रेटिव कंजर्वेशन में वर्चुअल माध्यम से विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने मध्य हिमालय क्षेत्र में पाई जाने वाली स्ट्रीक्ड लाफिंगथ्रश पक्षियों की ध्वनियों में विविधता पर आधारित अपना शोध साझा किया।

यह अध्ययन पक्षियों की आवाजों के माध्यम से उनके संचार, पहचान, व्यवहार और संरक्षण से जुड़े पहलुओं को समझने पर केंद्रित था। आयशा विभाग की पहली शोधार्थी हैं, जो एवियन बायोअकूस्टिक्स जैसे उभरते हुए क्षेत्र में विशेषज्ञता रखती हैं। उनके शोध का निर्देशन प्रो. सतीश कुमार ने किया, जबकि सह-निर्देशन जूलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के डॉ. अनिल कुमार द्वारा किया गया।



## 'टॉक्सिक' में काम करने से पहले, इस 450 करोड़ी साउथ फिल्म को डुबो चुकी हैं

# कियारा आडवाणी

बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा कियारा आडवाणी पिछली बार फिल्म 'वॉर 2' में नजर आई थीं. एक्शन से भरपूर इस फिल्म में उन्होंने दो सुपरस्टार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ काम किया था. ये फिल्म बहुत तगड़े बजट में बनाई गई थी. लेकिन, बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी. अब कियारा एक और बिग बजट फिल्म में नजर आएंगी. ये फिल्म है 'टॉक्सिक'. इस मल्टीस्टारर फिल्म में कन्नड़ स्टार यश लीड रोल निभा रहे हैं. इस साउथ फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. वैसे आपको बता दें कि कियारा आडवाणी इससे पहले भी साउथ सिनेमा में काम कर चुकी हैं.

कियारा आडवाणी को फिल्मी दुनिया में काम करते हुए एक दशक से ज्यादा का वक्त हो चुका है. अपने करीब 12 साल के एक्टिंग करियर में एक्ट्रेस ने बॉलीवुड को कई शानदार फिल्में दी हैं. बॉलीवुड के अलावा साउथ सिनेमा में भी वो दिखाई दीं. टॉक्सिक में काम करने से पहले वो एक ऐसी साउथ फिल्म में नजर आई थी जिसे 450 करोड़ रुपये के भारी भरकम बजट में बनाया गया था. लेकिन, इस पिक्चर को दर्शकों ने नकार दिया था.



**राम चरण संग बनी थी जोड़ी**

कियारा आडवाणी ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत 2014 में कबीर सदानंद की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'फगली' से की थी. इसके प्रोड्यूसर अक्षय कुमार थे. वहीं साउथ सिनेमा में उनका डेब्यू हुआ था फिल्म 'भारत आने नेनु' से. 2018 की इस फिल्म में उन्होंने साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के अपोजिट काम किया था.

साउथ में कियारा आडवाणी मशहूर अभिनेता राम चरण के साथ भी स्क्रीन शेयर कर चुकी हैं. ये जोड़ी फैंस को फिल्म 'गेम चेंजर' में देखने को मिली थी. हालांकि 10 जनवरी 2025 को रिलीज हुई ये फिल्म डिजास्टर साबित हुई थी. इसका बजट 450 करोड़ रुपये था और भारत में इसकी कमाई सिर्फ 131 करोड़ रुपये हुई थी.

**'धुरंधर 2' से भिड़ेगी 'टॉक्सिक'**

टॉक्सिक में यश के साथ कियारा के अलावा नयनतारा, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी और रुक्मिणी वसंत जैसी हसीनाएं भी नजर आएंगी. गीतू मोहनदास के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 19 मार्च को रिलीज होने वाली है. बॉक्स ऑफिस पर इसका क्लैश रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' से होगा. धुरंधर 2 भी इसी दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

## 8 महीने की प्रेग्नेंसी में Hema Malini ने शूट किया था ये होली सॉन्ग, साथ में थे Dharmendra



जब हेमा-धर्मेंद्र ने जमाया 'रंग'

हर साल की तरह इस साल भी होली का त्योहार देश-दुनिया में धूमधाम से मनाया जाएगा. मार्च की शुरुआत में लोग रंगोत्सव मनाते हुए नजर आएंगे. बॉलीवुड में भी रंगोत्सव की धूम देखने को मिलती है. न सिर्फ ऑफ स्क्रीन, बल्कि ऑन स्क्रीन भी सेलेब्स होली का त्योहार धूमधाम से मनाते हुए दिखाई दिए हैं. बॉलीवुड में होली से जुड़े कई गाने भी काफी मशहूर हैं. हम आपको एक ऐसे ही गाने के बारे में बता रहे हैं.

इस गाने को हिंदी सिनेमा की दिग्गज अदाकारा हेमा मालिनी पर फिल्माया गया था. इसमें उनका साथ दिया था उनके पति और लीजेंड्री अभिनेता धर्मेंद्र ने. इस जोड़ी ने होली के गाने से जमकर रंग जमाया था. लेकिन, आपको ये जानकर हैरानी हो सकती है कि हेमा मालिनी इस गाने की शूटिंग के वक्त प्रेग्नेंट थीं वो भी 8 महीने की. मुश्किल हालातों में एक्ट्रेस ने अपने काम के प्रति गजब का डेडिकेशन दिखाया था.

**हेमा-धर्मेंद्र का होली सॉन्ग**

होली के त्योहार को धर्मेंद्र और हेमा मालिनी का गाना 'भागी रे भागी बृजबाला' खास बना देता है. ये फिल्म 'राजपूत' का गाना है जो साल 1982 में रिलीज हुई थी. प्रेग्नेंसी के अंतिम दिनों में भी पूरी एनर्जी और लगन के साथ हेमा मालिनी ने इस गाने की शूटिंग की थी. गाने की शूटिंग के कुछ दिनों बाद ही एक्ट्रेस ने अपनी पहली और बड़ी बेटी ईशा देओल को जन्म दिया था.

**नहीं नजर आया बेबी बंप**

मेकर्स ने हेमा मालिनी को प्रेग्नेंसी में शूट करने के लिए ऐसी ड्रेस पहनाई थी जिसमें उनका बेबी बंप नजर नहीं आया था. इस गाने में एक्ट्रेस सफेद और नीले रंग की ड्रेस में नजर आई थीं. इसके अलावा उन्होंने हैवी जूलरी भी कैरी की थी. इस गाने को शूट करना एक्ट्रेस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं था. इसके जरिए न सिर्फ उन्होंने अपने डांस बल्कि, अपने समपर्ण की झलक भी दिखाई थी.

**1980 में की थी शादी**

पहले से शादीशुदा धर्मेंद्र का दिल बाद में हेमा मालिनी पर आ गया था. लंबे अफेयर के बाद दोनों ने साल 1980 में शादी कर ली थी. ईशा के अलावा उनकी एक और बेटी अहाना देओल भी हैं. गौरतलब है कि धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को 89 साल की उम्र में निधन हो गया था.

## मजाक-मजाक में बदल गई थी किस्मत, बॉलीवुड में आने से पहले मृणाल ठाकुर ने इन सीरियल्स में किया था काम



मृणाल का कमाल

हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन दिनों सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आ रही हैं. ये फिल्म एक हफ्ते पहले रिलीज हुई है और एक्ट्रेस के पास आगे भी कई प्रोजेक्ट हैं. मृणाल ठाकुर ने हिंदी सिनेमा के साथ-साथ मराठी और साउथ सिनेमा की फिल्मों में भी काम किया है. इसके अलावा एक्ट्रेस ने छोटे पर्दे पर भी धूम मचाई है.

मृणाल ठाकुर के माता-पिता चाहते थे कि उनकी बेटी डेंटिस्ट बनें. एक्ट्रेस ने पेरेंट्स के सपने को पूरा करने के लिए एंट्रेंस परीक्षा भी पास कर ली थी, हालांकि इसके बाद एक्ट्रेस का झुकाव पत्रकारिता की तरफ हो गया. ऐसे में उन्होंने जर्नलिस्ट बनने का ख्वाब सजाया. उन्होंने ये बात पिता को बताई. इसके बाद एक्ट्रेस ने जर्नलिज्म में एडमिशन लिया. लेकिन, उनकी किस्मत में तो ग्लैमर वर्ल्ड में करियर बनाना लिखा हुआ था. कॉलेज के दौरान मजाक-मजाक में दिए एक ऑडिशन ने उनकी लाइफ बदल डाली थी.

**मजाक-माजक में दिया था टीवी शो का ऑडिशन**

1 अगस्त 1992 को महाराष्ट्र के नागपुर शहर में जन्मीं मृणाल ठाकुर का परिवार बाद में मुंबई आ गया था. एक्ट्रेस ने स्कूल की पढ़ाई मुंबई से की. इसके बाद मुंबई के KC College में एडमिशन लिया. कॉलेज की पढ़ाई के दौरान अभिनेत्री ने मजाक-मजाक में एक ऑडिशन दिया था. इसके बाद उन्होंने 2012 में स्टार प्लस के टीवी शो 'मुझसे कुछ कहतीज्ये खामोशियां' से एक्टिंग डेब्यू किया था.

**इन शो का का भी हिस्सा रहीं एक्ट्रेस**

'मुझसे कुछ कहतीज्ये खामोशियां' के बाद मृणाल ने 'कुमकुम भाग्य' में काम किया था. इसमें उन्हें 'बुलबुल' के किरदार में दर्शकों ने खूब पसंद किया था और फिर उन्हें बुलबुल नाम से ही लोग जानने लगे थे. इसके अलावा अभिनेत्री 'अर्जुन' और 'नच बलिए' जैसे शोज में भी नजर आ चुकी हैं.

**फिर किया बड़े पर्दे का रुख**

मृणाल ठाकुर ने इसके बाद बड़े पर्दे का रुख किया था. फिल्मी दुनिया में उनकी शुरुआत मराठी फिल्म 'हैलो नंदन' से हुई थी. लेकिन, साल 2018 की फिल्म 'लव सोनिया' ने उनके करियर को नई दिशा दी. जबकि ऋतिक रोशन के साथ 'सुपर 30' में काम करके उन्हें बड़ी सफलता और पॉपुलैरिटी मिली थी. इसके बाद वो बाटला हाउस, सीता रामम, तूफान, जर्सी और सन ऑफ सरदार 2 आदि फिल्मों में भी नजर आई.

# कटरीना कैफ

## की पहली साउथ फिल्म, 23 साल बड़े एक्टर संग किया था काम



हिंदी सिनेमा की बेहतरीन और खूबसूरत अदाकारा कटरीना कैफ ने फिल्म इंडस्ट्री में दो दशक से ज्यादा का सफर तय किया है. साल 2003 में कटरीना कैफ ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की थी. तब से लेकर अब तक उनकी एक्टिंग की जर्नी जारी है. बॉलीवुड में खूब नाम और शोहरत कमाने वाली इस हसीना ने साउथ इंडिया में भी काम किया है. अपनी पहली ही साउथ इंडियन फिल्म में वो 23 साल बड़े साउथ सुपरस्टार के साथ नजर आई थीं.ब्रिटिश हॉन्ग कॉन्ग में जन्मीं कटरीना कैफ 2000 के दशक की शुरुआत में अपने कुछ दोस्तों के साथ भारत घूमने आई थीं. इस दौरान मुंबई में एक फैशन शो में उन्हें डायरेक्टर कैजाद गुस्ताद ने फिल्म 'बूम' का ऑफर दिया था. कटरीना इस फिल्म के लिए राजी हो गई थीं. 2003 की इस पिक्चर में उन्होंने अमिताभ बच्चन, गुलशन ग्रोवर और जैकी श्रॉफ जैसे दिग्गजों के साथ काम किया था. हालांकि फिल्म बुरी पिटी थी और इसके बाद एक्ट्रेस ने साउथ सिनेमा का रुख किया था.



कटरीना की पहली साउथ फिल्म

**कटरीना की पहली साउथ इंडियन फिल्म**

बूम से हिंदी सिनेमा में असफल शुरुआत करने के बाद कटरीना कैफ ने साउथ सिनेमा में अपनी किस्मत आजमाई. साउथ इंडियन सिनेमा में उनका डेब्यू 2004 की फिल्म 'माल्लिसवरी' से हुआ था. ये साउथ में उनकी पहली और ओवरऑल दूसरी फिल्म थी. इसमें वो जाने-माने अभिनेता वेंकटेश दग्गुबाती के अपोजिट नजर आई थीं जो उम्र में उनसे 23 साल बड़े हैं. जहां कटरीना की उम्र 42 साल है, तो वहीं वेंकटेश 65 साल के हैं.

**मदरहुड को एन्जॉय कर रही हैं कटरीना**

कटरीना कैफ ने इसके अलावा मशहूर अभिनेता नंदमुरी बालकृष्णा के साथ तेलुगु फिल्म 'अल्लारी पिद्दुगु' में भी काम किया है. ये पिक्चर 2005 में रिलीज हुई थी. कटरीना ने अपनी पहचान मैंने प्यार किया, वेलकम, सिंह इज किंग, पार्टनर, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, जब तक है जान, धूम 3, सूर्यवंशी और टाइगर सीरीज की फिल्मों से बनाई है.

एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो आखिरी बार फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में नजर आई थीं. वहीं इन दिनों एक्ट्रेस मदरहुड को एन्जॉय कर रही हैं. उन्होंने दिसंबर 2021 में अभिनेता विकी कौशल से शादी की थी. जबकि 4 साल बाद 7 नवंबर 2025 को कटरीना ने बेटे को जन्म दिया था.

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## इस क्षेत्रीय युद्ध को वैश्विक संकट में बदलते हुए देर नहीं लगेगी

**सबसे खतरनाक पहलू यह है कि बड़ी शक्तियां अलग अलग खेमों में बंटती दिख रही हैं। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है और अन्य शक्तियां भी खुलकर पक्ष लेने लगती हैं, तो यह टकराव बहुध्रुवीय युद्ध का रूप ले सकता है। विश्व युद्ध शब्द का प्रयोग भले अभी अतिशयोक्ति लगे, पर वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और सामरिक गठबंधनों पर पड़ने वाला प्रभाव इसे विश्वव्यापी संकट अवश्य बना सकता है। बहरहाल, आज जरूरत है संयम की, संवाद की और कूटनीतिक साहस की। शक्ति प्रदर्शन से अस्थायी बढ़त मिल सकती है, स्थायी शांति नहीं। यदि पश्चिम एशिया को फिर से युद्धभूमि बनाया गया, तो उसकी कीमत केवल वहां के लोग नहीं, पूरी दुनिया चुकाएगी।**

*पश्चिम एशिया एक बार फिर बारूद के ढेर पर खड़ा है और इस बार चिंगारी किसी सीमा विवाद या छाया संघर्ष की नहीं, बल्कि खुली सैन्य कार्रवाई की है। अमेरिका और इजराइल ने जिस समन्वित अभियान के तहत ईरान पर प्रहार किया है, उसने केवल एक देश को नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्रीय संतुलन को झकझोर दिया है। सवाल यह है कि क्या यह कदम वास्तव में परमाणु खतरे को रोकने के लिए था, या फिर पश्चिम एशिया की राजनीति को अपने अनुकूल ढालने की एक सुनियोजित चाल है? तेहरान पर सीधे हमले, सर्वोच्च नेतृत्व को निशाना बनाने की कोशिश और शासन परिवर्तन के संकेत, यह सब किसी सीमित सैन्य कार्रवाई की परिभाषा में नहीं आता। यह शक्ति प्रदर्शन है। यह संदेश है कि जो अमेरिकी रणनीति के खिलाफ खड़ा होगा, उसे सैन्य कीमत चुकानी पड़ेगी। लेकिन इतिहास गवाह है कि बाहरी हस्तक्षेप से पैदा हुई अस्थिरता अक्सर नियंत्रण से बाहर हो जाती है। इराक और अफगानिस्तान के अनुभव अभी पुराने नहीं हुए हैं। ईरान का जवाब भी उतना ही आक्रामक है। क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाना और खाड़ी देशों तक मिसाइलों की पहुंच दिखाना यह बताता है कि संघर्ष सीमित नहीं रहेगा। यदि खाड़ी के देश भी अपनी जमीन पर हुए हमले के विरोध में ईरान के खिलाफ सीधे युद्ध में उतरते हैं तो यह आग कई सीमाओं को लांघ सकती है। इससे समुद्री मार्गों, तेल आपूर्ति और सामरिक जलडमरूमध्य पर खतरा बढ़ेगा जिससे संकट केवल क्षेत्रीय स्तर पर नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर फैल जायेगा। सबसे बड़ी चिंता होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर है। यदि वहां अवरोध पैदा होता है तो दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की रीढ़ टूट सकती है। तेल की कीमतों में उछाल केवल बाजार का आंकड़ा नहीं होता, वह विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं को झकझोर देता है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर हैं, वह सीधे प्रभावित होंगे। महंगाई बढ़ेगी, राजकोषीय दबाव बढ़ेगा और आम नागरिक की जेब पर बोझ पड़ेगा। यह भी स्पष्ट है कि इस टकराव का असर केवल सैन्य या आर्थिक नहीं है। हवाई क्षेत्र बंद हो रहे हैं, उड़ानें रद्द हो रही हैं, प्रवासी समुदायों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। इसके साथ ही पश्चिम एशिया में बसे लाखों भारतीयों की सुरक्षा का प्रश्न हमारे लिए केवल कूटनीतिक मुद्दा नहीं, मानवीय दायित्व भी है। सबसे खतरनाक पहलू यह है कि बड़ी शक्तियां अलग अलग खेमों में बंटती दिख रही हैं। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है और अन्य शक्तियां भी खुलकर पक्ष लेने लगती हैं, तो यह टकराव बहुध्रुवीय युद्ध का रूप ले सकता है। विश्व युद्ध शब्द का प्रयोग भले अभी अतिशयोक्ति लगे, पर वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और सामरिक गठबंधनों पर पड़ने वाला प्रभाव इसे विश्वव्यापी संकट अवश्य बना सकता है। बहरहाल, आज जरूरत है संयम की, संवाद की और कूटनीतिक साहस की। शक्ति प्रदर्शन से अस्थायी बढ़त मिल सकती है, स्थायी शांति नहीं। यदि पश्चिम एशिया को फिर से युद्धभूमि बनाया गया, तो उसकी कीमत केवल वहां के लोग नहीं, पूरी दुनिया चुकाएगी। भारत को संतुलित, दृढ़ और दूरदर्शी कूटनीति के साथ अपनी ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। देखा जाये तो युद्ध की आंधी में विवेक ही सबसे बड़ा हथियार होता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**चंदन का तिलक और ठंडाई के साथ सामूहिक भोज इस त्यौहार को गरिमामय छवि प्रदान करते हैं। देर रात तक चंग की धुंकार, घूमर, डांडिया नृत्य और विभिन्न क्षेत्रों की गायन मंडलियां अपने प्रदर्शन से रात बढ़ने के साथ-साथ मस्ती और खुशी को बढ़ाते हैं। देश की सीमाओं से परे होली ने बहु संस्कृतिवाद और वैश्विक एकजुटता के प्रतीक के रूप में भी लोकप्रियता हासिल की है। अमेरिका, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम जैसे महत्वपूर्ण भारतीय प्रवासी समुदायों वाले देशों में होली का उत्सव सांस्कृतिक कैलेंडर का अभिन्न अंग बन गया है, जो सभी राष्ट्रीयताओं और पृष्ठभूमियों के लोगों को आकर्षित करता है। ये उत्सव अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान और संवाद के अवसर प्रदान करते हैं।**

## होली: रंग, संस्कृति और जीवन दर्शन का उत्सव



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**होली के पावन पर्व पर हमें इस बात के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा कि अपने मन, वाणी और व्यवहार में अंतर्निहित आसुरी प्रवृत्तियों का परिष्कार करें एवं उसके स्थान पर पवित्रता की देवी को प्रतिष्ठित करें। हमें ऐसी सद्इच्छा करनी चाहिए होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ायें दु:ख, चिंताएं, द्वेष-भाव, मतभेद और मनभेद आदि भस्म हो जाएं।**

रंगों का त्योहार होली भारत और दुनिया भर में भारतीय समुदायों के बीच सबसे जीवंत और आनंदमय उत्सवों में से एक है। परंपरागत रूप से वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली, हंसी, एकता और रंगों का उत्सव है। हालांकि इसकी जड़ें उत्तर भारत में गहरी हैं लेकिन अब यह त्योहार पूरे भारत में दक्षिण भारत सहित और विश्व स्तर पर जहां भी भारतीय संस्कृति फल-फूल रही है, वहां मनाया जाता है। होली का महत्व पौराणिक कथाओं में गहराई से जुड़ा हुआ है और विभिन्न कथाएं इसकी समृद्ध परंपरा का हिस्सा हैं। ऐसी ही एक कथा प्रह्लाद और होलिका की कहानी है, जो अत्याचार और छल पर भक्ति और धर्म की विजय का प्रतीक है। एक अन्य कथा राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम का गुणगान करती है, जिनके रंगों से भरे खेल इस त्योहार का पर्याय बन गए हैं। होली की तरह इसकी परम्पराएं भी अत्यंत प्राचीन हैं और इसका स्वरूप और उद्देश्य समय के साथ बदलता रहा है। प्राचीन काल में यह विवाहित महिलाओं द्वारा परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता था और पूर्ण चंद्र की पूजा करने की परम्परा थी। वैदिक काल में इस पर्व को नवात्रैष्टि यज्ञ कहा जाता था। उस समय खेत के अधपके अन्न को यज्ञ में दान कर प्रसाद लेने का विधान था। अन्न को होला कहते हैं, इसी से इसका नाम होलिकोत्सव पड़ा। भारतीय ज्योतिष के अनुसार चैत्र शुदी प्रतिपदा के दिन से नववर्ष का भी आरम्भ माना जाता है। इस उत्सव के बाद ही चैत्र महीने का आरम्भ होता है। अतः यह पर्व नवसंवत् का आरम्भ तथा वसंतागमन का प्रतीक भी है। इसी दिन प्रथम पुरुष मनु का जन्म हुआ था, इस कारण इसे मन्वादितिथि कहते हैं। होली नवजीवन, समृद्धि और पुरानी बातों को भुलाने का प्रतीक है- चाहे वह बीते मौसम को त्यागना हो, पुरानी शिकायतों को दूर करना हो या नकारात्मकता को। भारतीय पौराणिक कथाओं में निहित होलिका और प्रह्लाद की कहानी अहंकार और बुराई पर आस्था और अच्छाई की विजय का प्रतीक है। होली की पूर्व संध्या पर किया जाने वाला होलिका दहन का अनुष्ठान अतीत को जलाकर नई शुरुआत का स्वागत करता है। यह रंगोत्सव हमारे पूर्वजों की दूरदर्शिता है जो अनेक विषमताओं के बीच भी समाज में एकत्व का संचार करता है। होली के उत्सव में रंगों का विशेष महत्व है क्योंकि यह उत्सव को गहराई और अर्थ प्रदान करता है। प्रत्येक रंग का अपना विशेष प्रतीक होता है जो जीवन, प्रकृति और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दर्शाता है। रंगों को एक-दूसरे पर उछालना बाधाओं को तोड़ने, बुराई पर अच्छाई की विजय और लोगों के बीच एकता, समानता और आनंद को बढ़ावा देने का प्रतीक है। होली पहले मोदुगा (ब्यूटिया मोनोस्पर्मा), गेंदा, गुड़हल, टेसू, हल्दी, नीम, चुकंदर और नील जैसे फूलों से प्राप्त प्राकृतिक रंगों से खेली जाती थी। हालांकि, आधुनिकीकरण के कारण इन प्राकृतिक रंगों की जगह कृत्रिम रासायनिक रंगों ने ले ली। हानिकारक विषाक्त पदार्थ, भारी धातुएं और औद्योगिक रंग जो त्वचा की एलर्जी, श्वसन संबंधी समस्याएं और दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। जल निकायों और मिट्टी का प्रदूषण, जो त्योहार के बाद भी लंबे समय तक पर्यावरण को प्रभावित करता है। होली की खुशी स्वास्थ्य और स्थिरता की कीमत पर नहीं मिलनी चाहिए। सौभाग्य से प्राकृतिक रंगों का पुनरुद्धार हो रहा है। अब अधिक लोग पौधों से बने और पर्यावरण के अनुकूल होली के पाउडर को अपना रहे हैं और प्राकृतिक रंगों की सुंदरता को फिर से तलाश रहे हैं। उत्सव के बीच मीठे पकवानों की खुशबू हवा में घुल जाती है, जिससे त्योहार में एक अलग ही रंग भर जाता है। पारंपरिक मिठाइयां और नमकीन बड़े प्यार और देखभाल से तैयार किए जाते हैं, जो होली की उदारता और आतिथ्य सत्कार की भावना का प्रतीक हैं। सबसे लोकप्रिय पकवानों में खोया और मेवों से भरी गुजिया और ठंडाई शामिल हैं। ठंडई मसालों से भरपूर और भांग से सुगंधित ताज़ा पेय है। ये स्वादिष्ट पकवान दोस्तों और पड़ोसियों के साथ बांटे जाते हैं, जिससे समुदाय और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। इन मिठाइयों और व्यंजनों का स्वाद तो लाजवाब है ही, इनका गहरा सांस्कृतिक महत्व भी है, जो जीवन की मिठास और समृद्धि की खुशी का प्रतीक हैं। ये बचपन और पारिवारिक समारोहों की यादें ताजा कर देते हैं, जहां हंसी और प्यार उम्र और पृष्ठभूमि की सीमाओं को पार करते हुए खुलकर बहते थे। होली के रंग जब आनंद और उल्लास फैलाते हैं तो वे भारतीय संस्कृति की जीवंतता और विविधता के लिए सशक्त प्रतीक बन जाते हैं। रंगों की इस बहुरंगी छटा के माध्यम से होली उन परंपराओं, भाषाओं और रीति-रिवाजों की विविधता को दर्शाती है जो भारतीय समाज का ताना-बाना बुनती हैं। यह जीवन का उत्सव है, उस अटूट दृढ़ता और नवीनीकरण की भावना का प्रमाण है जो हम सभी को एकजुट करती है। होली अपने प्रतीकात्मक महत्व और रीति-रिवाजों से परे समावेशिता और क्षमा की भावना का प्रतीक है, जो लोगों को मतभेदों को भुलाकर उस साझा मानवता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है जो हम सभी को एक साथ बांधती है। यह प्रेम और करुणा की शक्ति की याद दिलाती है जो कठिनाइयों पर विजय पाने और मित्रता और समझ के बंधन को मजबूत करने में सहायक होती है। होली के उपलक्ष्य में अनेक सांस्कृतिक एवं लोक चेतना से जुड़े कार्यक्रम होते हैं। महानगरीय संस्कृति में होली मिलन के आयोजनों ने होली को एक नया उल्लास एवं उमंग का रूप दिया है। इन आयोजनों में बहुत शालीन तरीके से गाने-बजाने के सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। चंदन का तिलक और ठंडाई के साथ सामूहिक भोज इस त्यौहार को गरिमामय छवि प्रदान करते हैं। देर रात तक चंग की धुंकार, घूमर, डांडिया नृत्य और विभिन्न क्षेत्रों की गायन मंडलियां अपने प्रदर्शन से रात बढ़ने के साथ-साथ मस्ती और खुशी को बढ़ाते हैं। देश की सीमाओं से परे होली ने बहु संस्कृतिवाद और वैश्विक एकजुटता के प्रतीक के रूप में भी लोकप्रियता हासिल की है। अमेरिका, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम जैसे महत्वपूर्ण भारतीय प्रवासी समुदायों वाले देशों में होली का उत्सव सांस्कृतिक कैलेंडर का अभिन्न अंग बन गया है, जो सभी राष्ट्रीयताओं और पृष्ठभूमियों के लोगों को आकर्षित करता है। ये उत्सव अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान और संवाद के अवसर प्रदान करते हैं, जिससे भारतीय संस्कृति और परंपराओं की समझ और सराहना को बढ़ावा मिलता है। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है बल्कि जीवन का ही उत्सव है- यह मानवीय भावना के लचीलेपन और प्रेम, क्षमा और नवीनीकरण की स्थायी शक्ति का प्रमाण है।



**जिससे भारतीय संस्कृति और परंपराओं की समझ और सराहना को बढ़ावा मिलता है। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है बल्कि जीवन का ही उत्सव है- यह मानवीय भावना के लचीलेपन और प्रेम, क्षमा और नवीनीकरण की स्थायी शक्ति का प्रमाण है।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पूर्णिमा 17:11 तक |
| नक्षत्रः | मघा 07:28 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | सुकर्माण, 10:24 |
| सूर्योदयः | 06:37 |
| सूर्यास्तः | 18:14 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 15:20-16:47 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:49 |

## जन एक्सप्रेस

### फिसल रही जुबान !

*बहसबाजी चरम।*
*फिसल रही जुबान ।।*
*हैं आतुर अब सारे।*
*पाने को सम्मान ।।*
*नीचा उन्हें दिखाना।*
*है हमको हर हाल ।।*
*है चुनावी बेला।*
*उठने दो सवाल ।।*
*माहिर होने खातिर।*
*जारी है प्रयास ।।*
*होके रहेंगे अब तो।*
*हम ही सबके खास ।।*
*है खाका तैयार।*
*उसी तरफ है ध्यान ।।*
*बोलकर अपशब्द।*
*छूना आसमान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## स्किन पर निखार और पाचन के लिए रोज सुबह पीती हूं आंवला शॉट

**आजकल** की लाइफस्टाइल ने हमारी सेहत को चुपचाप नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है, देर रात तक जागना, बाहर का तला-भुना खाना, अनियमित मील टाइम और लगातार स्क्रीन के सामने बैठना, इन सबका असर सिर्फ वजन या पाचन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि हमारी स्किन पर भी साफ दिखाई देने लगता है। कुछ समय पहले मैं खुद इस दौर से गुजर रही थी, पेट कभी ठीक रहता, कभी अचानक गड़बड़ हो जाता, चेहरे पर बेजानपन, हल्के दाने और वो नेचुरल ग्लो कहीं खो सा गया था। महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स और तरह-तरह के हेल्थ ड्रिंक्स ट्राई करने के बाद भी जब खास फायदा नहीं हुआ, तो समझ आया कि समस्या बाहर नहीं, अंदर से शुरू हो रही है।

**आंवला शॉट कैसे बनाएं?:** आंवला शॉट को बनाना बेहद आसान है। सबसे पहले 3 आंवले को छोटे टुकड़ों में काट लें और बीज निकाल दें। फिर इसमें 2-3 काली मिर्च, 2-3 करी पत्ते और 2 चुटकी हल्दी मिलाकर थोड़ा पानी डालें और मिक्सर में ब्लेंड कर लें। तैयार जूस को छानकर एक छोटे गिलास में निकालें। इसका स्वाद हल्का तीखा और कसैला होता है, लेकिन सुबह खाली



पेट इसे पीना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है।

**पाचन में मिला सुधारः** लगभग 10-15 दिनों के अंदर मुझे सबसे पहले पाचन में बदलाव महसूस हुआ। पेट हल्का रहने लगा, गैस और एसिडिटी की समस्या कम हुई। आंवला विटामिन ष्ट और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो पाचन अग्नि को संतुलित करने में मदद करता है। काली मिर्च और हल्दी शरीर में सूजन कम करने और मेटाबॉलिज्म सुधारने में सहायक मानी जाती हैं। करी पत्ता भी आयुर्वेद में पाचन सुधारने के लिए उपयोगी माना जाता है। इन सभी का संयोजन पेट को अंदर से साफ रखने में मददगार साबित हुआ।

**स्किन पर दिखा निखारः** करीब दो से तीन हफ्तों के बाद मैंने अपनी स्किन में बदलाव नोटिस किया। चेहरा पहले से ज्यादा फ्रेश और ग्लोइंग लगने लगा। पिंपल्स की समस्याकम हुई और स्किन की डलनेस भी घटने लगी। आंवला को आयुर्वेद में रसायन माना जाता है, जो स्किन को अंदर से पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करते हैं, जिससे समय से पहले झुर्रियां आने की समस्या भी कम हो सकती है। हल्दी का एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी स्किन को शांत रखने में सहायक है।

**इम्यूनिटी और एनर्जी में भी फर्कः** इस आंवला शॉट का एक और फायदा मैंने यह महसूस किया कि दिनभर सुस्ती कम रहती थी। शरीर में हल्कापन और एनर्जी बनी रहती थी। आंवला इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए जाना जाता है। बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम की समस्या भी पहले की तुलना में कम हुई।

**आयुर्वेदाचार्य की सलाहः** आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा सलाह देते हैं कि यह एक प्राकृतिक और आयुर्वेदिक नुस्खा है, लेकिन हर व्यक्ति की तासीर अलग होती है। जिन लोगों को एसिडिटी ज्यादा रहती है या जिन्हें किडनी स्टोन की समस्या है, उन्हें आंवला का सेवन डॉक्टर की सलाह से करना चाहिए।

### एक्सप्रेस विशेष

## संयम और सुरक्षा के संग मनाएं रंगोत्सव



योगेश कुमार गोयल

**होली के बाद बहता रंगीन पानी नालियों से होता हुआ नदियों और मिट्टी तक पहुंचता है, जहां वह पारिस्थितिक संतुलन को प्रभावित करता है। इसके विपरीत, प्राकृतिक और हर्बल रंग न केवल सुरक्षित होते हैं।**

**यदि हमारे उत्साह में असावधानी घुल जाए और उससे किसी की त्वचा, आंखों या पर्यावरण को क्षति पहुंचे तो उत्सव की आत्मा ही आहत हो जाती है। इसलिए होली का सच्चा आनंद तभी है, जब उसमें सजगता और संवेदनशीलता का समावेश हो। बाजार में मिलने वाले रासायनिक रंग क्षणिक चमक अवश्य देते हैं परंतु वे त्वचा रोग, एलर्जी और जल स्रोतों के प्रदूषण जैसी समस्याओं को जन्म देते हैं।**

**रंगों** के त्यौहार होली पर भला कौन ऐसा व्यक्ति होगा, जो आपसी द्वेषभाव भुलाकर रंग-बिरंगे रंगों में रंग जाना नहीं चाहेगा। लोग एक-दूसरे पर रंग डालकर, गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं लेकिन होली के दिन प्राकृतिक रंगों के बजाय चटकीले रासायनिक रंगों का बढ़ता उपयोग चिंता का सबब बनने लगा है। ज्यादातर रंग अम्लीय अथवा क्षारीय होते हैं, जो व्यावसायिक उद्देश्य से ही तैयार किए जाते हैं और थोड़ी सी मात्रा में पानी में मिलाने पर भी बहुत चटक रंग देते हैं, जिससे होली पर इनका उपयोग अंधाधुंध होता है। ऐसे रंगों का त्वचा पर बहुत हानिकारक प्रभाव पड़ता है। शुष्क त्वचा वाले लोगों और खासकर महिलाओं व बच्चों की कोमल त्वचा पर तो इन रंगों का सर्वाधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। अम्ल तथा क्षार के प्रभाव से त्वचा पर खुजलाहट होने लगती है और कुछ समय बाद छोटे-छोटे सफेद रंग के दाने त्वचा पर उभरने शुरू हो जाते हैं, जिनमें मवाद भरा होता है। यदि तुरंत इसका सही उपचार कर लिया जाए तो ठीक, अन्यथा त्वचा संबंधी गंभीर बीमारियां भी पनप सकती हैं। घटिया क्वालिटी के बाजारू रंगों से एलर्जी, चर्म रोग, जलन, आंखों को नुकसान, सिरदर्द इत्यादि विभिन्न हानियां हो सकती हैं। कई बार होली पर बरती जाने वाली छोटी-छोटी असावधानियां भी जिंदगी भर का दर्द दे जाती हैं। इसलिए अगर आप अपनी होली को खुशनुमा और यादगार बनाना चाहते हैं तो कुछ विशेष बातों पर अवश्य ध्यान दें। रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल करें। ज्यादातर बाजारू रंगों में इंजन ऑयल तथा विभिन्न घातक केमिकल मिले होते हैं, जिनका त्वचा पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। होली खेलने से पहले चेहरे तथा पूरे शरीर पर सरसों अथवा नारियल का तेल या कोल्ड क्रीम अथवा सनस्क्रीन क्रीम लगा लें ताकि रोमछिद्र बंद हो जाएं और रंग त्वचा के ऊपरी हिस्से पर ही रह जाएं। इससे होली खेलने के बाद त्वचा से रंग छुड़ाने में भी आसानी होगी। होली खेलने से पहले बालों में अच्छी तरह तेल लगा लें और नाखूनों पर कैस्टर ऑयल लगाएं ताकि बाद में रंग आसानी से छुड़ाया जा सके। होली खेलने जाने से पूर्व आंखों में गुलाब जल डालें और जहां तक संभव हो, आंखों पर चश्मा लगाकर होली खेलें ताकि रंगों का असर आंखों पर न पड़ सके। महिलाएं होली खेलते समय मोटे तथा ढ़ीले-ढ़ाले सूती तथा गहरे रंग के वस्त्र पहनें। सफेद अथवा हल्के रंग के वस्त्र पानी में भीगकर शरीर से चिपक जाते हैं, जिससे सार्वजनिक रूप से महिला को शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ सकता है। आप ऐसा व्यवहार हरगिज न करें, जिससे आपके रिश्तेदारों, पति के मित्रों अथवा अन्य पुरूषों को आपसे छेड़छाड़ करने का अनुचित अवसर मिल सके। अपना व्यवहार पूर्णतः संयमित, शालीन और मर्यादित रखें और सामने वाले की कोई गलत हरकत देखने के बाद भी उस पर मौन साधकर उसे और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित न करें। होली खेलने के तुरंत बाद स्नान अवश्य करें लेकिन त्वचा से रंग छुड़ाने के लिए कपड़े धोने के साबुन, मिट्टी के तेल, चूने के पानी, दही, हल्दी इत्यादि का प्रयोग हानिकारक है। चेहरे पर लगे गुलाल को सूखे कपड़े से अच्छी तरह पोंछ लें और रंग लगा हो तो नारियल तेल में रूई डुबोकर अथवा क्लींजिंग मिल्क से हल्के हाथ से त्वचा पर लगा रंग साफ करें। रंग छुड़ाने के लिए नहाने के पानी में थोड़ी सी फिटकरी डाल लें और ठंडे पानी से ही स्नान करें। गर्म पानी से रंग और भी पक्के हो जाते हैं। डिटर्जेंट सोप के बजाय नहाने के अच्छी क्वालिटी के साबुन का उपयोग किया जा सकता है। स्नान के बाद भी त्वचा पर खुजली या जलन महसूस हो तो गुलाब जल में ग्लिसरीन मिलाकर लगाएं। बालों से रंग छुड़ाने के लिए बालों को शैम्पू करें। स्नान के बाद आंखों में गुलाब जल डालें। होली खेलते समय यदि आंखों में रंग चला जाए अथवा आंखों में जलन महसूस हो तो आंखों को मलें नहीं बल्कि तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से मिलें। होली केवल रंगों की चहल-पहल नहीं बल्कि मानवीय संवेदनाओं की गहराई को स्पर्श करने वाला उत्सव है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# अमरिया में संवेदना और सख्ती का संदेश : राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने थामा पीड़ित परिवारों का हाथ

## फैक्ट्री हादसे में मृत बब्लू की पत्नी को 12 लाख की सहायता, सुरक्षा मानकों पर अधिकारियों को कड़े निर्देश

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार





पीलीभीत। जनपद के अमरिया क्षेत्र में सोमवार का दिन प्रशासनिक सक्रियता और मानवीय संवेदनाओं का साक्षी बना, जब संजय सिंह गंगवार (गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री) ने गांव-गांव पहुंचकर न केवल पीड़ित परिवारों का दु:ख बांटा, बल्कि जिम्मेदार तंत्र को सख्त संदेश भी दिया।

भरापचपेड़ा गांव में गत दिनों फैक्ट्री में कार्य के दौरान मिट्टी का ढेर गिरने से दबकर मृत हुए बब्लू के घर पहुंचकर राज्य मंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मृतक की पत्नी को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। इस दौरान वातावरण बेहद भावुक रहा। मंत्री ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है और हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

### यूपी सीडा अधिकारियों पर जताई नाराजगी

मौके पर ही मंत्री ने यूपी सीडा के अधिकारियों से बातचीत की और मृतक परिवार को समय पर सहायता न दिए जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए और पीड़ित परिवारों को त्वरित राहत पहुंचाई जाए।

### फैक्ट्रियों में सुरक्षा पर सख्त रुख

राज्य मंत्री ने उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल को निर्देशित किया कि किसी भी कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ समझौता न हो। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट या सुरक्षा उपकरणों के किसी भी कर्मचारी को काम पर न जाने दिया जाए। समय-समय पर औचक निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### करगैना पीरा में भी जताई संवेदना

इसके बाद मंत्री करगैना पीरा पहुंचे, जहां अर्जुन के चाचा के निधन पर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व राज्य मंत्री मेडिकल कॉलेज में भर्ती अर्जुन से भी मिले। उन्होंने चिकित्सकों से उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली और समुचित चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जनप्रतिनिधि की सक्रियता बनी चर्चा का विषय

अमरिया क्षेत्र के कई अन्य गांवों में भी पहुंचकर राज्य मंत्री ने स्थानीय परिवारों का हालचाल जाना। उनके इस दौरे को क्षेत्र में जनप्रतिनिधि की संवेदनशीलता और सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है।

दौरे के दौरान मंत्री का संदेश स्पष्ट था–दुर्घटनाओं में पीड़ित परिवारों को त्वरित राहत और कार्यस्थलों पर सुरक्षा के मानकों से कोई समझौता नहीं।

प्रशासनिक सख्ती और मानवीय सहानुभूति के इस संतुलन ने अमरिया क्षेत्र में एक अलग ही छाप छोड़ी।

# बृज होली महोत्सव में उमड़ा भक्तिरस, राधारमण मंदिर से गौरधाम तक गूंजे राधे-राधे के जयकारे

### लड्डू मार होली, फूलों की वर्षा और चैतन्य महाप्रभु के अभिषेक दर्शन ने भक्तों को कराया वृंदावन का एहसास



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल पीलीभीत के तत्वावधान में आयोजित बृज होली महोत्सव इन दिनों पूरे भक्तिरस के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के तृतीय और चतुर्थ दिवस पर नगर के प्रमुख मंदिरों में भव्य होली उत्सव आयोजित हुए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

महोत्सव के तृतीय दिवस पर नगर के श्री राधारमण मंदिर में दिव्य होली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री राधारमण जी की भव्य श्रृंगार आरती से हुई, जिसके पश्चात संकीर्तन प्रारंभ हुआ। बृज की प्रसिद्ध लड्डू मार होली और फूलों की होली ने वातावरण को पूर्णतः भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा करते हुए गुलाल लगाकर नृत्य करते नजर आए। उस समय ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा पीलीभीत श्रीधाम वृंदावन में परिवर्तित हो गया हो।

संकीर्तन के दौरान 'रसिया को नार बनाओ री रसिया को', 'मेरो खोए गयो बाजू बंद रसिया होरी में', 'तोहे सूजी कहा अलमस्त गुजरिया होली खेलन को आई रे' और 'रंग में रंग दई बाह पकड़ लई लाजन मर गई होली में' जैसे पारंपरिक होली गीतों पर मंडल के सदस्यों ने ऐसा समां बांधा कि भक्त झूम उठे।

संकीर्तन से पूर्व मंडल के वरिष्ठ सदस्य नीरज रस्तोगी, डॉ.एस.के. अग्रवाल, विश्वनाथ चंद्र और अतुल अग्रवाल ने सभी भक्तजनों को ठाकुर जी का प्रसादी अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमोद पंत, राजीव अग्रवाल, दीपक गोयल, अटल शुक्ला, अर्पित शुक्ला, पंकज रस्तोगी, उमेश चंद्र, अभिलाष कुमार, मनीष अग्रवाल, ओम वर्मा, शिवांश सक्सेना, अजय पांडे, मुदित अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

वहीं महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर श्री गौरधाम मंदिर, साहूकारा में सायं 5 बजे से भव्य होरी उत्सव का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को श्री चैतन्य महाप्रभु जी के अभिषेक दर्शन का दिव्य सौभाग्य प्राप्त हुआ। भक्तजन सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर भक्ति में लीन रहे।

मंडल की ओर से सभी भक्तों को सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने का सादर आमंत्रण दिया गया। पूरे आयोजन में 'राधे-राधे' के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा और श्रद्धालु बृज की होरी के रंग में सराबोर नजर आए।

# ज़मीन की लकीर ने रिश्तों को लांघा, किशनपुर में खून से लिखी गई पारिवारिक दुश्मनी

## चचेरे भाइयों के बीच रंजिश ने ली जान, पत्नी-बेटी समेत पांच घायल; सवालों के कटघरे में सामाजिक संवेदनाएं





- किशनपुर की यह घटना बताती है कि जब विवाद सुलझाए नहीं जाते, तो वे सड़ते रहते हैं और एक दिन विस्फोट बन जाते हैं। परिवार, पंचायत और समाज की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कानून की।
- हरिओम की मौत केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि रिश्तों की हत्या भी है। एक मासूम बेटी की आंखों में जो भय और प्रश्न हैं, उनका जवाब सिर्फ कानून नहीं दे सकता उन्हें जवाब समाज को देना होगा।
- आज जरूरत केवल आरोपियों की गिरफ्तारी की नहीं, बल्कि उस मानसिकता पर चोट करने की है जो रिश्तों से ऊपर संपति को रखती है। वरना गांवों की गलियां यूं ही खून से लाल होती रहेंगी और हम हर बार यही कहकर रह जाएंगे– 'काश, समय रहते समझौता हो जाता।

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के दियोरिया कला क्षेत्र के गांव किशनपुर में रविवार की शाम जो हुआ, उसने सिर्फ एक परिवार को नहीं, पूरे समाज को आईना दिखा दिया। पुश्तैनी जमीन की खींची गई लकीर ने खून की लकीर का रूप ले लिया। चचेरे भाइयों के बीच वर्षों से सुलग रहा विवाद अचानक ऐसी आग बना कि एक युवक की जान चली गई और उसके अपने ही आंगन में रिश्तों की अर्थी उठ गई। यह घटना सिर्फ एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि उस टूटते सामाजिक ताने-बाने की भयावह तस्वीर है, जिसमें रिश्ते अब ज़मीन के कागज़ों से हल्के हो चले हैं।

### जब आंगन बना रणभूमि चिंगारी लपट बनकर भड़क उठी

किशनपुर निवासी हरिओम का अपने चचेरे भाइयों गंगाराम, सुनील, बब्बू और पवन से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। ग्रामीण बताते हैं कि यह विवाद केवल खेत की मेड़ तक सीमित नहीं था, बल्कि परिवारों के बीच संवाद की डोर भी लगभग टूट चुकी थी। करीब दो माह पहले भी दोनों पक्ष आमने-सामने आए थे। उस समय पुलिस ने शांति भंग की कार्रवाई कर मामला शांत कराया, लेकिन गांव में तनाव की चिंगारी बुझी नहीं थीं सिर्फ राख के नीचे दब गई थी।

रविवार की शाम वही चिंगारी लपट बनकर भड़क उठी। आरोप है कि चचेरे भाई अपने साथियों के साथ हरिओम के घर में घुस आए। गाली-गलौज और हाथापाई के बाद उसे जबरन बाहर खींच लिया गया। सड़क पर गिराकर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ वार किए गए। वार इतने निर्मम थे कि हरिओम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जिस सड़क से रोज़ बच्चे खेलते हुए गुजरते थे, वह सड़क खून से लाल हो गई।

### बचाने आई पत्नी-बेटी भी नहीं बख्शी गई भीड़ जुटी, हमलावर फरार

सबसे भयावह दृश्य तब सामने आया, जब पति को बचाने के लिए उसकी पत्नी सोनी दौड़कर बाहर आई। उनके साथ मासूम बेटी प्रियांशी, बहन लता और अन्य परिजन भी पहुंचे। आरोप है कि हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से किए गए वार में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल परिजनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत अब भी नाजुक बताई जा रही है।

एक बेटी की आंखों के सामने पिता की हत्या–यह दृश्य सिर्फ एक परिवार नहीं, पूरे समाज को झकझोर देने वाला है। घटना की खबर फैलते ही गांव में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। भीड़ बढ़ती देख आरोपी फरार हो गए। गांव में मातम पसरा है। मृतक के घर पर चीख-पुकार और सन्नाटा एक साथ महसूस किया जा सकता है।

### पुलिस की कार्रवाई और उठते सवाल

सूचना मिलते ही सुकीर्ति माधव (पुलिस अधीक्षक), विक्रम दहिया (अपर पुलिस अधीक्षक) और प्रगति चौहान (क्षेत्राधिकारी) सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। कुछ आरोपियों को हिरासत में लिए जाने की भी चर्चा है।

गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बीच एक सवाल बार-बार उठ रहा है–क्या दो माह पहले हुए विवाद में यदि सख्त और प्रभावी कार्रवाई होती, तो क्या यह खूनी अंजाम टल सकता था? जब रिश्ते ज़मीन से हल्के पड़ जाएं यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि आज के दौर की सच्चाई का कड़वा आईना है। कभी चचेरा भाई, भाई से बढ़कर होता था। खेत की मेड़ें अलग हो सकती थीं, लेकिन दिलों की दूरी इतनी गहरी नहीं होती थी।

आज हालात यह हैं कि जमीन का एक टुकड़ा खून के रिश्तों पर भारी पड़ रहा है।

अदालतों में चल रहे मुकदमे, गांवों में पनपती रंजिशें और प्रशासनिक औपचारिकताएं इन सबके बीच संवाद, समझ और सामाजिक हस्तक्षेप कहीं खोता जा रहा है।

## होली को लेकर बरखेड़ा में पुलिस सतर्क, होलिका दहन स्थलों का किया गया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम दहिया ने क्षेत्राधिकारी बीसलपुर श्रीमती प्रगति चौहान एवं थाना बरखेड़ा पुलिस बल के साथ थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कटकवारा सहित अन्य गांवों में होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। संवेदनशील बिंदुओं को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि होलिका दहन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके पश्चात पुलिस अधिकारियों ने ग्राम कटकवारा एवं आसपास के क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए त्योहार को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करते हुए मुस्तैदी, सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी और गश्त जारी रहेगी। पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि होली पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।



# पर डग्गामारों पर चला 'कानून का रंग' 54 सीट की बस में 106 सवारियां पकड़ाई







जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

रंगों के पर्व होली पर घर लौटने की जल्दी और भीड़ का फायदा उठाकर नियमों को ताक पर रखने वाले डग्गामार बस संचालकों पर परिवहन विभाग ने सख्त शिकंजा कस दिया। सोमवार को विशेष चेकिंग अभियान के दौरान पीलीभीत में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने असम चौराहे पर एक निजी बस को पकड़कर सीज कर दिया। बस में क्षमता से दोगुने यात्री भरे मिले नजारा देखकर अधिकारी भी दंग रह गए।

### 54 की सीट, 106 सवारियां; अंदर दमघोंटू हालात

कार्रवाई उस समय हुई, जब हरिद्वार से लखीमपुर जा रही एक निजी बस को असम चौराहे पर रोककर जांच की गई। कागजों में 54 यात्रियों की बैठने की क्षमता वाली बस में कुल 106 यात्री सवार पाए गए। बस के भीतर खड़े होने तक की जगह नहीं थी। कई यात्री सीटों के बीच फंसे खड़े थे, तो कुछ दरवाजे के पास लटककर सफर कर रहे थे। सबसे खतरनाक दृश्य बस की छत पर बैठी सवारियों का था, जो अपनी जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, इतनी ओवरलोडिंग किसी भी मोड़, ढलान या ब्रेक लगने की स्थिति में बड़े हादसे को न्योता दे सकती थी। त्योहार की भीड़ में एक चूक कई परिवारों की खुशियां छीन सकती थी।

### मौके पर ही बस सीज, डग्गामारों में हड़कंप

यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने तत्काल प्रभाव से बस को सीज कर दिया। जैसे ही कार्रवाई की खबर फैली, आसपास चल रही अन्य डग्गामार बसों में अफरा-तफरी मच गई। कई वाहन चालक मार्ग बदलते नजर आए। कार्रवाई के दौरान मौजूद लोगों ने कहा कि त्योहारों पर इस तरह की ओवरलोडिंग आम बात बन चुकी है, लेकिन इस बार विभाग ने सख्त संदेश दे दिया है।

### यात्रियों को नहीं छोड़ा असहाय, दो बसों से भेजा गंतव्य

बस सीज होने के बाद यात्रियों को अस्थायी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि एआरटीओ ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था कराई। दो अन्य बसों की मदद से सभी 106 यात्रियों को सुरक्षित रूप से लखीमपुर के लिए रवाना किया गया। यात्रियों ने भी माना कि जल्दबाजी में उन्होंने जोखिम उठाया, लेकिन विभाग की कार्रवाई ने उन्हें संभावित खतरे का अहसास करा दिया।

### जान जोखिम में डालकर सफर न करें : एआरटीओ

मीडिया से बातचीत में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने स्पष्ट कहा कि त्योहारों पर लोग अपनों तक पहुंचने की जल्दी में रहते हैं, लेकिन जीवन से बड़ा कोई उत्सव नहीं होता। उन्होंने आमजन से अपील की कि डग्गामार और ओवरलोड वाहनों में सफर करने से बचें। उन्होंने चेतावनी दी कि त्योहारों के दौरान विशेष चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। बिना परमिट संचालन, ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रशासन का संदेश : सड़क सुरक्षा से समझौता नहीं

होली के मौके पर की गई इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

यदि समय रहते यह बस न रोकी जाती, तो एक बड़ी दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था। त्योहार खुशियों का हैं। लेकिन सुरक्षित सफर ही सच्ची खुशी की गारंटी है। परिवहन विभाग की यह सख्ती सड़क सुरक्षा के प्रति प्रशासन की गंभीरता का प्रमाण है और डग्गामारों के लिए साफ चेतावनी भी।

# यूपी-उत्तराखण्ड बॉर्डर पर सघन चेकिंग, होली पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

### सीओ सदर सुश्री नताशा गोयल ने न्यूरिया क्षेत्र में किया पैदल मार्च, संदिग्धों की तलाशी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। पीलीभीत में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री नताशा गोयल द्वारा यूपी-उत्तराखण्ड बॉर्डर पर विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना न्यूरिया क्षेत्रान्तर्गत उत्तर प्रदेश/उत्तराखण्ड सीमा पर आबकारी विभाग एवं न्यूरिया पुलिस के संयुक्त दल ने संदिग्ध व्यक्तियों, दोपहिया-चारपहिया वाहनों एवं वस्तुओं की गहन तलाशी ली। बॉर्डर से होकर गुजरने वाले वाहनों की बारीकी से जांच की गई तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी गई।



अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार के मद्देनजर बाहरी तत्वों की आवाजाही पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त : थाना अध्यक्षों को निर्देश

चेकिंग अभियान के उपरांत सीओ सदर ने थाना न्यूरिया क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले बाजारों और चिन्हित संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। स्थानीय व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों एवं आम लोगों से संवाद स्थापित करते हुए होली को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। स्थलीय निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए थानाध्यक्ष न्यूरिया को प्रभावी गश्त, सतत निगरानी और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि होली का पर्व शांति और सद्भाव के साथ संपन्न हो सके।

# पवित्र स्थल से लौटते वक्त खूनी साजिश, गुरुद्वारे के ग्रंथी पर निर्मम हमला

## पूरनपुर के घाट क्षेत्र में घात लगाकर वारदात, सिर पर फावड़े से प्रहार; हालत नाजुक, इलाके में भारी पुलिस बल तैनात

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

सीमावर्ती तहसील पूरनपुर में रविवार की रात उस समय हड़कंप मच गया, जब गुरुद्वारे में सेवा कर रहे एक ग्रंथी पर अज्ञात हमलावरों ने जान लेने की नीयत से हमला कर दिया। पवित्र स्थल से लौट रहे ग्रंथी को सुनसान घाट क्षेत्र में रोककर फावड़े जैसे भारी औजारों से सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ वार किए गए। घायल ग्रंथी करीब एक घंटे तक सड़क पर खून से लथपथ पड़े तड़पते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक, खुटार थाना क्षेत्र के गांव कजरा निवासी हर संगम सिंह रामपुरा कोन स्थित गुरुद्वारे में ग्रंथी के रूप में सेवा दे रहे हैं। रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह बाइक से गुरुद्वारे की ओर जा रहे थे। आरोप है कि नादहा डिजाइन के समीप घाट क्षेत्र में पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन्हें घेर लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने अचानक बाइक रुकवाई और बिना किसी बहस के सीधे जानलेवा हमला कर दिया। फावड़ा और अन्य धारदार औजारों से सिर पर कई वार किए गए। हमले की तीव्रता इतनी थी कि ग्रंथी मौके पर ही सड़क पर गिर पड़े। हमलावर वारदात को अंजाम देकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना स्थल अपेक्षाकृत सुनसान होने के कारण घायल काफी देर तक वहीं पड़े रहे। लगभग एक घंटे बाद वहां से गुजर रहे मजदूरों की नजर उन पर पड़ी। खून से लथपथ हालत देखकर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।




सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से घायल को अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से भी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है।

### पत्नी की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

घायल की पत्नी गुरजीत कौर ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की जा रही है।पुलिस सूत्रों का कहना है कि हमले के पीछे पुरानी रंजिश, आपसी विवाद या अन्य किसी साजिश की भी जांच की जा रही है। हालांकि अभी तक हमलावरों की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### ग्रामीणों में रोष, गिरफ्तारी की मांग तेज

घटना की खबर फैलते ही स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थल से जुड़े व्यक्ति पर इस तरह का हमला पूरे समाज को झकझोरने वाला है। ग्रामीणों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। फिलहाल पूरे इलाके में इस सनसनीखेज वारदात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोग स्तब्ध हैं कि सेवा और श्रद्धा से जुड़े व्यक्ति पर इतनी बर्बरता से हमला कैसे कर दिया गया। पुलिस की आगे की कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

# नहर की पटरी टूटी, 100 बीघा गेहूं सहित कई फसलें बर्बाद, किसानों में रोष





**जन एक्सप्रेस । रामपुरा (जालौन)**

रामपुरा क्षेत्र के टीहर पुल से पचोखरा पुल की ओर नहर की पटरी फटने से लगभग 40-50 एकड़ गेहूं, लाही और बेझर की खड़ी फसल पानी में डूबकर बर्बाद हो गई।

घटना बीती रात की है, जिसके बाद प्रभावित किसानों के चेहरों पर मायूसी साफ नजर आई।

बताया गया कि रामपुरा क्षेत्र की सिंचाई मुख्य रूप से नहर पर निर्भर है। बीती रात नहर में क्षमता से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण टीहर पुल से पचोखरा पुल के बीच कुछ दूरी पर पटरी अचानक टूट गई। तेज बहाव का पानी सीधे खेतों में घुस गया और देखते ही देखते सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई। क्षेत्रीय किसान वीरसिंह, अप्पू, कमलापत, वीरेंद्र सहित कई किसानों ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है। पिछले वर्ष भी इसी स्थान पर दो बार नहर की पटरी टूटी थी, जिससे फसल को भारी नुकसान हुआ था। किसानों का आरोप है कि नहर विभाग हर बार सिर्फ औपचारिक मरम्मत कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। बीरसिंह, अप्पू, कमलापत, वीरेंद्र आदि किसानों ने कहा कि जब-जब नहर फटी है, सबसे पहले ग्रामीणों ने ही अपनी जान जोखिम में डालकर पानी का बहाव रोकने का प्रयास किया है।

बाद में विभागीय अमला मौके पर पहुंचता है। उनका कहना है कि यदि समय रहते मजबूत पक्की मरम्मत और पटरी की सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जाए तो हर साल होने वाले इस नुकसान से बचा जा सकता है। इस संबंध में नहर विभाग के एसडीओ जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जिस स्थान पर पटरी टूटी, वहां कुलावे पर पहले से एक पाइप डाला गया था। किसानों द्वारा एक और पाइप डाल दिए जाने से मिट्टी ढीली हो गई, जिसके चलते पटरी क्षतिग्रस्त हुई। उन्होंने कहा कि मौके पर बोरियां लगाकर पटरी को दोबारा पक्का कर दिया गया है। फिलहाल किसान प्रशासन से मुआवजे और स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं, ताकि भविष्य में उनकी मेहनत पर इस तरह पानी न फिर सके।

## गुजरात में विवाहिता द्वारा खुदकुशी करने के मामले ने पकड़ा तूल

**जालौन (उरई)।** गुजरात में विवाहिता द्वारा खुदकुशी करने एवं गांव में अंतिम संस्कार के दौरान मायके पक्ष के लोगों द्वारा हंगामा करने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी मातेश्वरी ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा गुजरात के महसान जिले में रहकर पानी पूरी का काम करता है। उसका विवाह लगभग सात वर्ष पूर्व हुआ था। पत्नी बुलबुल भी उसके साथ ही रहती थी। बीती 27 फरवरी को बुलबुल ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में मायके पक्ष के लोगों ने गुजरात में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी पुलिस ने उनके बेटे को गिरफ्तार भी कर लिया है। इसके बाद भी मायके पक्ष के लोग बौखलाए हुए हैं। सामाजिक दायित्व के चलते वह पुत्रवधू के शव को गांव में लाई थी और उसका अंतिम संस्कार करवा रही थी। इसी दौरान रेंढ़र थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मायके पक्ष के 40-50 लोग गांव में आ गए और झगड़ा करने लगे। उन्होंने पति के साथ गाली, गलौज और उनकी पिटाई कर दी। उनके साथ आई महिलाएं घर के अंदर घुस गई और घर में रखे गहने आदि उठाकर ले गई।

# होली के त्योहार को आपसी भाईचारे से मनायें लेकिन सावधानी बरतें: डीएम

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

होली पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार द्वारा एडवाइजरी जारी, जनपदवासियों को सुरक्षित व संयमित तरीके से होली का पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि होली के त्योहार और रमजान मास के दृष्टिगत उक्त दोनों अधिकारियों द्वारा आम जनमानस से अपील की गई कि होली के पर्व को सकुशल एवं सुरक्षित ढंग मनाए।

होली के त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक ने जनपद के निवासियों के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि सभी नागरिक जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सम्यक पालन करते हुए होली के त्योहार को आपसी भाई-चारा एवं हर्षोल्लास, अपनी सौहार्द और सावधानी के साथ मनाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि होली खुशियों का पर्व है, लेकिन थोड़ी सी लापरवाही बड़ी अनहोनी का कारण बन सकती है। होलिका दहन के समय सावधानियां बरतें। होलिका दहन आबादी और आवासीय क्षेत्रों से दूर करें। आग जलाते समय विशेष सावधानी बरतें और सुरक्षित दूरी से ही तापें। गर्भवती एवं नवविवाहित महिलाओं को होलिका के अत्यधिक निकट जाने से बचना चाहिए। पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार द्वारा अपील की गई कि होली खेलते समय किसी की अनुमति के बिना रंग न लगाएं। त्योहार के दौरान पर्याप्त पानी व जूस पीते रहें, ताकि शरीर हाइड्रेट रहे। किसी भी प्रकार के व्यसन और नशे से दूरी बनाए रखें। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार ने अपील की है कि होली के दौरान भांग, गांजा, शराब आदि नशीले पदार्थों से दूर रहें। शराब पीकर या नशे का सेवन कर वाहन ना चलाए । यह स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दोनों के लिए हानिकारक है और सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकता है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जालौन ने सभी के स्वस्थ एवं सुरक्षित रहने की कामना की है। किसी भी आपदा या आपात स्थिति में सहायता हेतु जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम (कक्ष संख्या 12 के फोन नंबर 05162-257090 टोल फ्री नंबर 1077, व्हाट्सएप नंबर 9454416363 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त राहत आयुक्त कार्यालय के नंबर 9454411081, 1070, 112, 108 पर भी सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### होली खेलने से पहले शरीर व बालों में लगा लें तेल: सीएमओ

**उरई।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. बीरेंद्र सिंह द्वारा कहा गया कि सभी बच्चों महिलाओं और वयस्कों को अपनी आंखों, त्वचा एवं बालों की सुरक्षा हेतु होली खेलने से पहले शरीर और बालों में नारियल, सरसों या जैतून का तेल लगाएं, जिससे रंगों का दुष्प्रभाव कम हो। धूप से बचाव के लिए सनस्क्रीन और मॉइस्चराइजर का उपयोग करें। आँखों को बचाके रखें केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग ना करे। कपड़े एवं सुरक्षा ऐसे वस्त्र पहनें जो शरीर को पूरी तरह ढकें।

# डीएम ने गौवंश संरक्षण को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**



जनपद में निराश्रित एवं संरक्षित गौवंश की समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने चमारी स्थित गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौवंश के लिए उपलब्ध चारा, भूसा, हरा चारा, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई तथा चिकित्सा सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला में स्वच्छता, पोषण एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे गौवंश को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गौशाला गौसंरक्षण शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गर्मी के दृष्टिगत छायादार स्थान, पर्याप्त जल उपलब्धता एवं नियमित फॉगिंग, सैनिटाइजेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से गौवंश की संख्या, टीकाकरण की स्थिति तथा उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की और आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जनसुनवाई से बढ़ा भरोसा, बीडीओ अरुण कुमार सिंह की पहल सराहनीय

### तालाब, सड़क और जल संरक्षण कार्यों में आई तेजी, पारदर्शी प्रशासन और सख्त मॉनिटरिंग से मजबूत हो रहा महेवा ब्लॉक

- औचक निरीक्षण से बढ़ी जवाबदेही, विकास कार्यों में गुणवत्ता पर जोर
- रोजगार सृजन को प्राथमिकता, महेवा में विकास की रफ्तार तेज, योजनाओं के क्रियान्वयन में

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**



विकास खंड महेवा में 1 दिसंबर 2025 को कार्यभार ग्रहण करने वाले खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने पद संभालते ही विकास कार्यों में नई ऊर्जा का संचार किया है। उनके नेतृत्व में मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गति दोनों देखने को मिल रही हैं। मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। लंबित कार्यों की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। तालाबों की खुदाई, चेकडैम निर्माण, कच्ची एवं संपर्क मार्गों का निर्माण, नालियों की सफाई और वृक्षारोपण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ-साथ आधारभूत ढांचे को भी मजबूती मिल रही है।

खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह नियमित रूप से ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण कर रहे हैं। जहां कहीं भी लापरवाही या अनियमितता सामने आई, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उनका स्पष्ट संदेश है कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन जैसी योजनाओं के प्रभावी संचालन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई की व्यवस्था को मजबूत किया गया है, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल रही है। महेवा विकास खंड में अरुण कुमार सिंह की कार्यशैली से प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही का वातावरण बना है। उनके प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा मिली है और ग्रामीणों में भरोसा एवं संतोष की भावना बढ़ी है।

# रमजान बरकतों वाला महीना, इसे गफलत में न गुजारें: इरशाद अशरफी

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**

मजहबे इस्लाम में माहे रमजान-उल-मुबारक की बड़ी शान और मर्तबा बयान किया गया है। जैसे ही रमजान का चांद नजर आता है, हर मुसलमान के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ जाती है। दारुल उलूम गौसिया मजिदिया के नाजिमे आला (प्रबंधक) अल्हाज हाफिज इरशाद अशरफी ने कहा कि अल्लाह तआला का हम पर बड़ा एहसान है कि उसने हमें रमजान जैसी अजीम नेमत अता की।

उन्होंने कहा कि हमें चाहिए कि हम अपने परवरदिगार के हुक्म को मानते हुए पूरे एहतराम के साथ रोजे रखें। यदि किसी शरई मजबूरी के कारण कोई रोजा नहीं रख पा रहा है, तो उसे खुलेआम खाने-पीने से बचना चाहिए और रोजेदारों का सम्मान करना चाहिए। साथ ही, जिन चीजों को अल्लाह ने हराम और मना फरमाया है, उनसे पूरी तरह परहेज करना चाहिए। हाफिज इरशाद अशरफी ने बताया कि रमजान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना है।

इसी मुकद्दस महीने में अल्लाह तआला ने कुरआन पाक को नाजिल फरमाया। इसलिए हर मुसलमान को चाहिए कि इस महीने में ज्यादा से ज्यादा कुरआन की तिलावत करे, नमाज की पाबंदी करे और अपने गुनाहों से तौबा करे। उन्होंने अपील की कि लोग अपनी जकात और सदकात की रकम से गरीब, मजलूम और बेसहारा लोगों की मदद करें, ताकि समाज में भाईचारा और हमदर्दी का माहौल कायम हो।

# हरदोई में परिवहन निगम की बस रोककर परिचालक व यात्रियों से मारपीट व लूट का आरोप

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई। जिले में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। सांडी थाना क्षेत्र के ग्राम हुसेपुर के पास बोलेरो सवार दबंगों ने परिवहन निगम की बस को रोककर चालक-परिचालक व यात्रियों के साथ मारपीट करते हुए नकदी लूट ली।बस परिचालक ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी है।पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार घटना सोमवार 1 मार्च 2026 की है। हरदोई डिपो के संविदा चालक शैलेंद्र सिंह बस संख्या क्ष78 स्न्ज्ञ 9244 को चौसार से हरदोई ला रहे थे। इसी दौरान लमकान के पास एक बोलेरो (क्ष30 क्ष्ड्ढ 0194) ने बस को गलत तरीके से ओवरटेक करने की कोशिश की, जिससे बस दुर्घटना का खतरा पैदा हो गया।यात्रियों के मुताबिक कुछ दूरी पर ग्राम हुसेपुर के पास बोलेरो सवार 6-7 लोगों ने बस के आगे वाहन लगाकर उसे जबरन रुकवा लिया। इसके बाद आरोपियों ने बस में चढ़कर चालक, परिचालक और यात्रियों के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान बस परिचालक जनार्दन तिवारी के बैग से लगभग ?4,800,

यात्री श्लोक त्रिपाठी से करीब ?6,000,रवि दीक्षित से लगभग ?2,500,संतोष कुमार से करीब ?2,200 रुपये भी लूट लिए।घटना से बस में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई।घटना के बाद चालक शैलेंद्र सिंह ने सांडी थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। तहरीर पर श्लोक त्रिपाठी, संतोष कुमार, रवि दीक्षित और रोहित कुमार सहित अन्य चश्मदीदों के हस्ताक्षर भी दर्ज हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने रोडवेज कर्मचारियों और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएँ खड़ी कर दी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ती दबंगई पर सख्त कार्रवाई जरूरी है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



## पालतू पिल्ले पर चढ़ा दी कार, विरोध करने पर की मारपीट; घर पर फेंके पत्थर

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के कालिंदी विहार में सोमवार को दबंग पड़ोसी ने पालतू पिल्ले पर कार चढ़ा दी, जिससे उसके पैर की हड्डी टूट गई। घटना का विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के घर पर पथराव किया और मारपीट भी की। चंद्र नगर, कालिंदी विहार निवासी शिवम जैन ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब दो बजे पड़ोसी ने तेज रफ्तार कार उनके पालतू पिल्ले पर चढ़ा दी। इससे पिल्ला गंभीर रूप से घायल हो गया। विरोध करने पर आरोपी रवि बघेल ने 10 से 12 साथियों के साथ उनके घर पर पथराव कर दिया। परिजनों के साथ मारपीट की। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में आरोपी रवि बघेल और अंकुश को हिरासत में ले लिया गया है।

# हरदोई में सड़क निर्माण में अनियमितताओं का आरोप, बिना रोड़ी व मिट्टी के डाला जा रहा डामर

- बाढ़ क्षेत्र की सड़क के निर्माण में मानकों की लगातार हो रही अनदेखी
- अरवल थाना क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा निर्माण कार्य

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



जनपद के अरवल थाना क्षेत्र मे चन्द्रमपुर से शंकरपुरी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग एक करोड़ की लागत से निर्माण कराए जा रहे डामर रोड में मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्रीय लोगो ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों से जांच की मांग की है। यहां मानक के अनुसार सड़क पर न तो पत्थर ही डाला गया और न मानक के अनुसार निर्माण कार्य ही कराया जा रहा है। मिट्टी पर ही डामर डालकर सीधे सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

आप को बताते चलें कि सवायजपुर विधान सभा क्षेत्र का यह अत्यंत दुर्गम व पिछडा इलाका गंगा ,रामगंगा व गम्भीरी सहित तीन नदियों से घिरा हुआ है।

यहां प्रतिवर्ष नदियों में आने बाली बाढ़ से सम्पर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। जिससे लोगो को आवागमन के लिए संकट हो जाता है।क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों से चन्द्रमपुर से शंकरपुरी तक पक्की सड़क के निर्माण को शासन से मंजूरी मिलते ही लोगो मे खुशी थी। लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क के निर्माण कार्य मे गुणवत्ता को दरकिनार कर मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई गयीं।

इलाकाई लोगो ने सड़क निर्माण में गुनवत्ता को लेकर तमाम सवाल लगाए क्योंकि यहां सड़क पर नाममात्र की रोड़ी कहीं कहीं पर डाली गई और सीधे डामर डालकर सड़क का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया।क्षेत्रीय लोगो ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की है।

## एसपी ने होली पर्व को लेकर होलिका दहन स्थलों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** जनपद हरदोई में होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा द्वारा थाना लोनार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, अग्नि सुरक्षा प्रबंध तथा संवेदनशील स्थानों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, हुड़दंग या सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए ।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्व के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही स्थानीय नागरिकों और ग्राम प्रधानों से संवाद स्थापित कर आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की गई। जनपद पुलिस द्वारा लोगों से अपील की गई है कि वे पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

# पारीषा तिवारी ने हर हाल में चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



**हरदोई।** नगर के रेस्टोरेंट में सोमवार को दोपहर में भाजपा नेत्री और समाज सेविका पारीषा तिवारी होली मिलन समारोह के तहत मीडिया मीट में पत्रकारों से रूबरू हुई। उन्होंने बताया पिछले लगभग एक वर्ष से शाहाबाद विधान सभा को उन्होंने अपनी राजनैतिक कर्म भूमि बनाकर जनसेवा का संकल्प लिया है। वह भाजपा के घोषणा पत्र सबका साथ सबका विकास के रास्ते पर चल रही हैं। भाजपा सरकार ने आम आदमी के लिए काफ़ी संख्या में कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। जिसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को समान रूप से मिल रहा है। वह भी भाजपा की निष्ठावान कार्यकर्ता है और शाहाबाद से भाजपा के टिकट की दावेदार हैं अगर भाजपा नेतृत्व उन पर विश्वास जता कर आगामी विधान सभा में प्रत्याशी बनाता है, तो वह चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने इस अवसर पर आये सभी लोगों को होली पर्व की शुभकामनायें दी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद हरदोई के थाना सांडी क्षेत्र में एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अभियान के तहत टीम ने अपने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें उनके अधिकारों, सुरक्षा से संबंधित कानूनों तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान टीम ने महिलाओं को 1090 महिला पावर लाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन सहित अन्य महत्वपूर्ण सहायता नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।पुलिस टीम ने बालिकाओं को छेड़खानी, उत्पीड़न अथवा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि की स्थिति में बिना डर के तुरंत शिकायत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हें आश्वस्त किया गया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।थाना सांडी की एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम द्वारा चलाए गए इस अभियान को स्थानीय लोगों ने सराहा और इसे महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आगे भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जाते रहेंगे, ताकि महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके।

# मानदेय वृद्धि से खुश शिक्षामित्रों ने विधायक को किया धन्यवाद ज्ञापित

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा से खुश शिक्षामित्रों ने रविवार को भाजपा विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह **रानू** से मिलकर धन्यवाद ज्ञापित किया। ब्लॉक हरपालपुर के समस्त शिक्षामित्र परिवार के साथ प्रतिनिधित्व करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा मित्रों के मानदेय में वृद्धि को लेकर मुख्यमंत्री व विधायक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खुशी का इजहार किया गया। विधायक ने भी शिक्षामित्रों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें बधाई दी।उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षमित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश कुमार यादव सहित हरपालपुर ब्लॉक के तमाम शिक्षामित्र मौजूद रहे।

# होली-रमजान के मद्देनजर डीएम-एसपी का फ्लैग मार्च

## भाईचारे के पर्व पर प्रशासन का पहरा, कानून-व्यवस्था से नहीं होगा समझौता

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



होली एवं रमजान पर्व के मद्देनजर जिले में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने सोमवार को थाना श्यामदेउरवा क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि होली और रमजान दोनों ही पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों का वास्तविक आनंद मिल-जुलकर मनाने में ही है। ऐसे अवसर समाज में एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने और जरूरत पड़ने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से होली के दृष्टिगत सतर्क एवं सक्रिय रहने, संवेदनशील स्थलों पर पैनी निगरानी रखने तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अफवाहों की कड़ी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले की दिलीपपुर थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि थाना इलाके के भाव्या मैरेज हाल में 25 फरवरी को आयोजित एक विवाह समारोह के दौरान डीजे बंद होने को लेकर लड़की पक्ष के राजू गुप्ता, कृष्णा गुप्ता एवं उनके छः-सात साथियों द्वारा डीजे संचालक से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। बीच-बचाव करने पर वादी व उसके साथियों पर लोहे की रॉड व मुक्कों से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई गईं। जिसके बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस दो नामजद व छः सात अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार के कुशल पर्वेक्षण में दिलीपपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त दुर्गेश श्रीवास्तव पुत्र धीरेन्द्र को दिलीपपुर थाना इलाके के भव्या मैरिज हाल जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया।

## हत्या नहीं सड़क हादसे में हुई थी युवक की मौत, पुलिस की निष्पक्ष जांच में खुलासा

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के कोहड़ौर थाना इलाके के धन्नीपुर गांव निवासी रामचन्दर के बेटे वीरेन्द्र गौतम की मौत के मामले में सोमवार को एसपी दीपक भूकर ने प्रेसवार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। एसपी के निर्देशन में सीओ सिटी द्वारा गहनता से की गई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि युवक की हत्या नहीं की गई थी बल्कि उसकी मौत सड़क हादसे में हुई थी। युवक की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया था जिसके बाद पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

वहीं घटना के बाद से ही परिस्थितियों व तथ्यों को देखते हुए इलाके में लोगों के बीच भी ये चर्चा थी कि युवक की मौत सड़क दुर्घटना है न कि हत्या। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में सीओ सिटी शिवनारायण पूरे मामले की गहनता से छानबीन कर रहे थे। जांच के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि 25 फरवरी को मृतक वीरेन्द्र कुमार गौतम अपने साथियों के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ था। जहां पर साथियों के साथ उसने बीयर का सेवन किया जिसकी पुष्टि सीसीटीवी फुटेज एवं ऑनलाइन भुगतान अभिलेखों से हुई है। रात लगभग साढ़े नौ बजे मृतक अकेले मोटरसाइकिल से आकाश पाण्डेय के निवास पर मोबाइल फोन वापस करने गया। मोबाइल सुपुर्द करने के बाद मृतक अकेले ही मोटरसाइकिल से वापस लौटा। सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों से यह स्पष्ट हुआ कि रात लगभग पौने दस बजे लौली नहर पुल के समीप नहर मार्ग पर मोटरसाइकिल असंतुलित होकर सड़क किनारे स्थित विद्युत पोल से टकरा गई। टक्कर अत्यंत तीव्र थी, जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई तथा मृतक को गंभीर शारीरिक चोटें आईं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं चिकित्सकीय अभिमत में मृत्यु का कारण गंभीर सिर की चोट एवं आघातजनित चोटें अंकित की गई हैं, जो सड़क दुर्घटना से संगत हैं। विवेचना के दौरान नामजद व्यक्तियों की घटनास्थल पर उपस्थिति अथवा किसी प्रकार की मारपीट या फिर आपराधिक कृत्य में संलिप्तता का कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार मोबाइल सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से भी यह पुष्टि हुई कि घटना दुर्घटनावश हुई।

## पुलिस व बदमाश के बीच मुठभेड़ में शातिर बदमाश समेत उसके दो साथी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की हथिगवां थाने की पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। जिसे इलाज के लिए पुलिस ने सीएचसी कुण्डा में कराया भर्ती। उसके दो साथी भी पुलिस गिरफ्त में। हथिगवां थाना इलाके के समसपुर परेवा के रहने वाले हैं तीनों आरोपी। बता दें कि हथिगवां थाना इलाके के समसपुर कोटवा गांव निवासी कुनाल अपने दोस्त आकाश व आदर्श के साथ कानपुर बनारस हाइवे के सर्विस लेन पर टहल रहे थे। तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने आदर्श का मोबाइल छीन लिया और जब कुनाल का मोबाइल छिनने लगे तो वह भागा, जिस पर बदमाशों ने गोली मार दी। गोली कुनाल के हाँथ में लगी थी। जिसके बाद उसकी मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस सरगर्मी से बदमाशों की तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना प्रभारी हथिगवां सत्येन्द्र सिंह व उनकी पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि हाइवे ( समसपुर ) के पास हुई लूट में शामिल अभियुक्त कल्याणपुर दुअर नदी पुल के पास मौजूद है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अभियुक्त अब्दुल रहमान पुत्र तबरेज आलम को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस, एक मोबाइल के साथ ही एक मोटरसाइकिल बरामद किया। पूछताछ में उसने बताया कि अपने गांव के रहने वाले अलहसन व इब्राहिम के साथ मिलकर उसने लूट की थी। जिसके बाद अलहसन को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं इब्राहिम की तलाश के दौरान बरोंधा अंडरपास के पास पहुंचने पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में इब्राहिम के दाहिने पैर में गोली लगी। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक तमंचा, दो जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा लूटी गई मोबाइल समेत दो मोबाइल बरामद की गई।


### गांव के बाहर पीपल के पेड़ से फंदा लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**देवरिया/खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के खखड़ी गांव में सोमवार देर शाम को एक 18 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। घटना गांव के पुराने ईंट-भट्ठे के पास स्थित पीपल के पेड़ के पास की है। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में फंदे पर लटके आकाश कुशवाहा को नीचे उतारकर अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मची हुई है। खुखुंदू क्षेत्र के खखड़ी गांव निवासी विनोद कुशवाहा की तीन संतानों में आकाश कुशवाहा सबसे बड़ा बेटा था। ग्रामीणों का कहना है कि आकाश सोमवार शाम को मगहरा चौराहे पर गया था। वहां गांव के कुछ लोगों से मिला जुला और बातचीत की। वहीं से रस्सी खरीद कर वह घर के लिए चला। लेकिन आकाश घर न पहुंचकर गांव के पुराना ईंट-भट्ठा स्थित पीपल के पेड़ के पास जाकर डाली में रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी। ग्रामीणों के मताबिक आकाश गांव नहीं रहता था।

## डॉक्टर राजेश भट्ट के साथ अभद्रता कर रहे मेडिकल संचालक, वीडियो वायरल

### 24 घंटा खुलने वाले मेडिकल स्टोर संचालक आए दिन मरीज के तीमारदारों एवं डॉक्टरो से करते हैं अभद्रता

जन एक्सप्रेस । महोबा



जिला पुरुष अस्पताल में एक तो लगातार डॉक्टरों की कमी है दूसरी तरफ जो डॉक्टर अच्छा काम करते हैं उनको कुछ अराजक तत्व लोग काम करने में अड़चन उत्पन्न करते हैं ऐसा ही मामला आज सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो में देखने को मिल रहा है कि मृदुभाषी मिलनसार और सभी के लिए तत्पर खड़े रहने वाले डॉक्टर राजेश भट्ट के साथ कुछ लोग लड़ाई झगड़ा सहित गलत सलत बातें डॉ राजेश भट्ट को कह रहे हैं।

गौरतलब हो कि डॉ राजेश भट्ट ने जिला अस्पताल सीएमएस को एक लिखित शिकायत देकर अवगत कराया है कि आई0पी0डी0 वार्ड के डयूटी रुम में स्थानीय निवासी पंकज तिवारी मेडीकल संचालक, रवि सोनी एवं पवन पंडित जो शराब पीकर आये और जिला चिकित्सालय में भर्ती किसी मरीज को रिफर कराने हेतु आए वही ड्यूटी में तैनात महिला सुष्मा सिस्टर, वार्डवाय शैलेन्द्र राहू, कर्मियों से शराब पीकर गाली गलौच करने लगे। एवं जाति सूचक शब्द का उपयोग करने लगे, अतः स्टाफ भयभीत हो गया एवं डर गया। आई0पी0डी0 वार्ड रुम में तैनात कर्मियों ने तत्काल इसकी घटना की सूचना प्रभारी सी0एम0एस0 डा0 राजेश भट्ट को दी उन्होने मौके पर पहुंचकर उनको समझाने का प्रयास किया कि मरीज को 1 दिन पूर्व रिफर कर दिया गया था फिर भी वह शराब के नशे डा0 भट्ट सहित अन्य स्टाफ को मां बहन की गालियां देने लगे एवं उनका मोबाइल, पैसे छीनने की कोशिश की उसी समय उक्त तीनो लोग सरकारी दस्तावेजो के साथ छेड़छाड़ एवं उनके साथ मारपीट करने पर आमादा हो गये। जिसमें पुलिस की सहायता लेनी पड़ी पुलिस आने पर उक्त तीनो लोग धमकी देते हुये भाग गये।

आपको बता दें कि धमकी देना एवं डॉक्टर के साथ अभद्रता करने वाले लोगों के खिलाफ आम जन्मानुस में गुस्सा पनप रहा है क्योंकि एक तो मेडिकल संचालक महंगी दवाइयां बेच रहे हैं साथ ही डॉक्टर के साथ शराब पीकर अभद्रता करना कहीं ना कहीं यह दर्शाता है कि अच्छे डॉक्टर को यह मेडिकल स्टोर वाले लोग पसंद नहीं करते हैं क्योंकि इनके झांसे में जो डॉक्टर आ जाते हैं उनके लिए यह कई महंगी चीजों का उपहार उपलब्ध कराते हैं और उनके साथ कभी भी अभद्रता नहीं करते हैं क्योंकि इन लोगों को ज्यादातर महंगी दवाएं बेचकर भारी मुनाफा कमाने का चस्का लगा हुआ है इसलिए यह लोग आए दिन जिला अस्पताल में डॉक्टर और तीमारदारों के साथ अभद्रता करते हुए नजर आते हैं।

इसके साथ ही डॉ राजेश भट्ट ने सीएमएस से अनुरोध किया है कि शीघ्र ही जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए।

## भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा होली मिलन समारोह का पनवाड़ी में किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । महोबा



**पनवाड़ी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पनवाड़ी ब्लॉक महासचिव नीरज शर्मा के प्रतिष्ठान पर यूनियन का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रंगों के पावन पर्व पर सभी पदाधिकारियों एवं किसानों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी भाईचारे और संगठनात्मक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर किसानों की विभिन्न समस्याओं, उनके समाधान एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन किसानों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और क्षेत्रीय समस्याओं को प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अशोक राजपूत, डॉ. विपिन मिश्रा (जिला उपाध्यक्ष), जिला प्रवक्ता महेंद्र मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश नायक, जिला सचिव बृजेंद्र सोनकिया, तहसील अध्यक्ष मन बहादुर राजपूत, तहसील उपाध्यक्ष रविंद्र राजपूत, ओम प्रकाश मिश्रा (ब्लॉक अध्यक्ष), शिवनंदन अग्निहोत्री (ब्लॉक मीडिया प्रभारी), शिवनारायण राजपूत (तहसील कोषाध्यक्ष, कुलपहाड़), श्याम सुंदर (तहसील सचिव, कुलपहाड़), अमन शर्मा (जिला अध्यक्ष, युवा मोर्चा), भारती राजपूत (ब्लॉक अध्यक्ष, महिला मोर्चा पनवाड़ी), सुनीता अग्निहोत्री (ब्लॉक सचिव), नीरज शर्मा (ब्लॉक महासचिव), अवधेश मिश्रा (कोटरा), रोहित मिश्रा (गरोली), लखन गुप्ता, डॉ. जयप्रकाश मिश्रा, सागर अग्रवाल, राजू दीक्षित, मूरत ध्वज नायक उर्फ बबलू नगर अध्यक्ष पनवाड़ी- संतोष कौशिक, ओम प्रकाश उर्फ संजू पाठक, कौशलेंद्र पश्तोर (ब्लॉक उपाध्यक्ष पनवाड़ी- श्यामाचरण पांचाल पनवाड़ी) सक्रिय सदस्य सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। समारोह का समापन संगठन की मजबूती और किसान एकता के नारों के साथ हुआ। इस मौके पर सहभोज का भी आयोजन किया गया।

### होली-रमजान के मद्देनजर डीएम-एसपी का फ्लैग मार्च

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** होली एवं रमजान पर्व के मद्देनजर जिले में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा ने सोमवार को थाना श्यामदेउरवा क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि होली और रमजान दोनों ही पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों का वास्तविक आनंद मिल-जुलकर मनाने में ही है। ऐसे अवसर समाज में एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने और जरूरत पड़ने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## डीएम और एसपी ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, दिया निर्देश



जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

होली पर्व के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु डीएम शिव सहाय अवस्थी एवं एसपी दीपक भूकर द्वारा एडीएम एवं एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ सिटी शिव नारायण वैस के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस दौरान अधिकारियों ने प्रमुख चौराहों, बाजारों, संवेदनशील स्थलों एवं होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, लगातार भ्रमणशील रहने, ड्रोन व सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी रखने तथा सोशल मीडिया पर कड़ी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। अधिकारियों द्वारा स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद कर होली पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन पण्डाल में कथा सुनकर श्रोता भावविभोर

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



मंगरौरा ब्लॉक के उसका गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन अंतिम दिन भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कथा के अंतिम दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा पंडाल ÷राधे-राधे÷ और ÷हरे कृष्ण÷ के जयघोष से गूंज उठा। कथावाचक आचार्य चंद्र कुमार शुक्ला ने श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष तथा भागवत महात्म्य का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा मानव जीवन को सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि भागवत श्रवण से मनुष्य के पापों का क्षय होता है और आत्मा को शांति की प्राप्ति होती है। अंतिम दिन हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ कथा का विधिवत समापन किया गया। यजमान परिवार श्रीमती बिंदु मिश्र एवं श्री सोभनाथ मिश्रा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक प्रधान प्रतिनिधि उमेश चंद्र मिश्रा ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था की समुचित व्यवस्था रही। समापन अवसर पर राजनाथ मिश्र, प्रकाश चंद्र, देवेंद्र कुमार मिश्रा एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महोबा सीगौन गौशाला की स्थिति पर सवाल, ग्रामीणों ने सुधार की उठाई मांग

**महोबा** विकासखंड जैतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सीगौन में संचालित गौशाला की वर्तमान स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि गौशाला में व्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने की आवश्यकता है, ताकि गौवंश को समुचित देखभाल मिल सके। ग्रामीणों के अनुसार पशुओं के लिए चारा और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता नियमित रूप से सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। इसके अतिरिक्त परिसर में साफ-सफाई नहीं की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि गौशाला की निष्पक्ष जांच कराई जाए और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। उनका मानना है कि शासन द्वारा गौशालाओं के संचालन हेतु निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## प्रेम-भाईचारे के पर्व होली को सावधानी से मनाएं: डॉ. अभिषेक सक्सेना

जन एक्सप्रेस । महोबा



इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद महोबा के चेयरमैन डॉक्टर अभिषेक सक्सेना ने जनपदवासियों से होली का पर्व उत्साह के साथ-साथ सतर्कता के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रंगों का यह त्योहार आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है, इसलिए इसे सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से मनायें। उन्होंने कहा कि रासायनिक रंगों और मिलावटी गुलाल के उपयोग से त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने नागरिकों को हर्बल और प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करने, आंखों की सुरक्षा का ध्यान रखने और छोटे बच्चों व बुजुर्गों के प्रति विशेष संवेदनशीलता बरतने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि होली के दौरान जबरदस्ती रंग लगाने और हुड़दंग मचाने से बचना चाहिए। नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है, इसलिए यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को त्वचा एलर्जी, आंखों में जलन या अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें। अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि होली को पर्यावरण के अनुकूल, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं, ताकि यह पर्व सभी के लिए खुशियों और सकारात्मक संदेश का वाहक बने।

### ईसुरी की फागौ मे बसंत ऋतु का वर्णन: कुंवरकांत

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** बुंदेलखण्ड के लोककवि ईसुरी महाराज ने जहॉ अपनी काव्य नायिकाओ के रूप मे सौंदर्य पर चैकड़िया फागै कही है। वही बसंत ऋतु के सौंयर्द का वर्णन कुछ इस प्रकार किया है। अब ऋतु आयी बंसत बहारन, पान फूल फल डारन, हनन हद पहारन पारन, धाम धवल जल धारन। तपसी कुटी कंदरन माही गई वैराग्य विगारन। ईसुर कंत अंत है जिनके, तिनै देत दुख दारून। ईसुरी का जन्म सन् 1838 मे झॉसी जिले की मऊ तहसील के ग्राम मेड़की मे ब्राह्मण परिवार मे हुआ था अपने पिता की पॉचवी संतान होने के कारण ईसुरी को उनके बेऔलाद मामा अपने गांव लुहर गांव तहसील कुलपहाड़ ले आये थे इस प्रकार उनका पालन पोषन लुहर गांव मे हुआ था। तरूण अवस्था मे ईसुरी का विवाह ग्राम बगौरा की श्यामकुंवर से हो जाने पर वे बगौरा मे जाकर किलेदार चतुरभुज का करिंदा बनकर काम करने लगे और फागो की रचना करने लगे थें। ईसुरी की फागै उनकी काव्य नायिका रजुआ गंगिया रंगरेजिन के रूप लावण्य का वर्णन विशेषकर मिलता है। गंगिया रंगरेजिन पर उनकी फाग इस तरह है। भंवर भये बारी के नैना रंगरेजिन प्यारी के..। इसके अलावा अपनी काव्य नायिका रजुआ के लिए ईसुरी ने अनेको फागौ की काव्य रचना की है। इस काव्य रचना मे फाग इस तरह है नौने नई नजर के मारे, राती रजऊ हमारे। रोजऊ रोज, झरैअ, गुंनिय, दस दस वैस झारै। विधना उधना अलफ कचाकै, जिधना परिह पारै। ईसुर रोजऊ रजऊ के ऊपर राई नैन उतारे।

# अयातुल्लाह ख़ामेनेई की शहादत पर जौनपुर में जनसैलाब, कैंडल मार्च में गूंजे विरोध के स्वर






**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली ख़ामेनेई की शहादत की खबर से जौनपुर में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई।
रविवार की देर रात नासिरया अरेबिक कॉलेज से 'अहले जौनपुर' के नेतृत्व में विशाल शोक सभा एवं कैंडल मार्च आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में पुरुषों और महिलाओं ने भागीदारी की।
हाथों में मोमबत्तियां और तख्तियां लिए लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया।
मार्च के दौरान अमेरिका और इज़राइल के खिलाफ नारेबाज़ी भी की गई।
पूरे मार्ग पर माहौल गमगीन रहा, वहीं प्रतिभागियों में गहरा रोष भी देखने को मिला।

### मज़लूमों के रहनुमा थे ख़ामेनेई: मौलाना महफूजुल हसन खान

सभा को संबोधित करते हुए मौलाना महफूजुल हसन खान ने कहा कि आयतुल्लाह ख़ामेनेई पूरी दुनिया के मज़लूमों की आवाज़ थे। उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से संज्ञान लेने की मांग की।
मौलाना ने लोगों से अपील की कि वे संविधान के दायरे में रहकर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएं।
साथ ही संयुक्त राष्ट्र से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने संबंधित देशों के उत्पादों के बहिष्कार का आह्वान करते हुए शांतिपूर्ण विरोध जारी रखने की बात कही।

### अमन-ओ-अमान की दुआ के साथ मार्च संपन्न

मार्च के समापन पर मौजूद जनसैलाब ने ईरान में शहीद हुए लोगों के लिए दुआ की और विश्व में अमन-ओ-अमान की कामना की। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर मौलाना शिराज, शमशीर हसन, डॉ. क़मर अब्बास, आबिश इमाम सनी, डॉ इम्तियाज़ अहमद सिद्दीकी, तहसीन शाहिद, अंजुम शाहिद, इमरान अब्बास, शाकिर जैदी और यासिर इमाम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जौनपुर में लहराया परचम: कम्पोजिट विद्यालय डीहअशरफाबाद के 11 बच्चों ने दिलाया प्रथम स्थान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




विकास क्षेत्र सुइथाकलां स्थित कम्पोजिट विद्यालय डीहअशरफाबाद के विद्यार्थियों ने एक बार फिर जिले में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के कुल 11 बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है, वहीं ग्रामीणों में भी हर्ष की लहर दौड़ गई है।
विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुष्यंत मिश्रा ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षकों की मेहनत और बच्चों की लगन ने यह मुकाम दिलाया है। नियमित कक्षाओं के साथ-साथ अतिरिक्त मार्गदर्शन, मॉडल पेपर अभ्यास और विशेष शैक्षिक सत्रों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। शिक्षकों ने बच्चों की सफलता का श्रेय उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।
सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने अपनी उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि वे आगे भी इसी तरह मेहनत कर विद्यालय और जनपद का नाम ऊंचा करेंगे। अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे सुइथाकलां क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इससे अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी। क्षेत्र के शिक्षाविदों ने इसे सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता शिक्षा का सकारात्मक उदाहरण बताया।
विद्यालय परिसर में बच्चों का स्वागत फूल-मालाओं से किया गया। मिठाइयां बांटी गई और सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी बेहतर परिणाम देने का संकल्प

# जौनपुर ने मारी बाजी: राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

शासन के निर्देशानुसार प्रदेश भर में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण को लेकर चलाए जा रहे अभियान में जनपद जौनपुर ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की फरवरी माह की रिपोर्ट के अनुसार जनपद स्तरीय न्यायालयों में राजस्व वादों के निस्तारण में जौनपुर ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
शासन की विशेष पहल पर मा0 मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक माह जिलावार समीक्षा की जा रही है, जिसके चलते राजस्व विवादों के निपटारे में उल्लेखनीय तेजी आई है। इसी क्रम में जारी रिपोर्ट के अनुसार राजधानी लखनऊ प्रदेश में सर्वाधिक मामलों के निस्तारण में अव्वल रहा, जबकि जनपद स्तरीय न्यायालयों की श्रेणी में जौनपुर ने बाजी मारी।

### 542 मामलों का निस्तारण, 216.80 प्रतिशत उपलब्धि

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप राजस्व मामलों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष बल दिया जा रहा है।
बोर्ड ऑफ रेवन्यू की फरवरी माह की आरसीसीएमएस रिपोर्ट के अनुसार जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने निर्धारित मानक से कहीं अधिक मामलों का निस्तारण किया।
प्रति माह 250 मामलों के मानक के सापेक्ष 542 मामलों का निस्तारण किया गया, जो 216.80 प्रतिशत उपलब्धि है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ जौनपुर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा।
वहीं जनपद स्तरीय न्यायालयों में 300 मामलों के मानक के सापेक्ष 381 मामलों का निस्तारण कर बस्ती दूसरे स्थान पर तथा 353 मामलों का निस्तारण कर प्रतापगढ़ तीसरे स्थान पर रहा।

### जिलाधिकारी न्यायालय भी अव्वल

फरवरी माह में जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 86 मामलों का निस्तारण कर 286.67 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की, जो प्रदेश में सर्वाधिक है।
इस श्रेणी में भदोही दूसरे और बिजनौर तीसरे स्थान पर रहे। पिछले 15 माह से जौनपुर लगातार टॉप फाइव जिलों में बना हुआ है। जनपद में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण से आमजन को राहत मिल रही है और प्रशासन की कार्यप्रणाली की सराहना हो रही है।

# स्कूल पर फायरिंग व रंगदारी प्रकरण का खुलासा: बदलापुर पुलिस ने दो शातिर दबोचे



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

थाना बदलापुर क्षेत्र में स्थित सेंट जेवियर विद्यालय पर फायरिंग और रंगदारी मांगने की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में मु0अ0सं0 33/26 व 59/26 धारा 109(1), 308(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।
घटना 27 जनवरी 2026 को हुई थी, जब विद्यालय परिसर में अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी। इसके बाद 14 फरवरी 2026 को पुनः दुस्साहस दिखाते हुए स्कूल परिसर के समीप गोली चलाई गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया गया।
जांच के दौरान पुलिस ने पवन यादव निवासी हैदरपुर थाना तेजीबाजार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर रंगदारी के उद्देश्य से फायरिंग करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर रोहित सिंह निवासी मुरादपुर थाना बदलापुर को भी गिरफ्तार किया गया।
पुलिस के अनुसार रोहित सिंह पर पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया है, जबकि अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण ही संघ का ध्येय: युद्धवीर



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार परिवार मिलन का वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ।
नगर के टीडी इण्टर कालेज के प्रांगण में आयोजित वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने सामूहिक आसान, योग, समता, व्यायाम व गीत का प्रदर्शन किया। वार्षिकोत्सव के मुख्य वक्ता पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सेवा प्रमुख युद्धवीर जी ने कहा कि वार्षिकोत्सव संघ की वर्ष भर लगने वाली शाखा के प्रदर्शन का माध्यम होता है। संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण का माध्यम है।
विभिन्न शारिरिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवक एवं कार्यकता के निर्माण की प्रक्रिया सतत चलती है। इन कार्यक्रमों से व्यक्ति के अंदर गुणों का निर्माण होता है। संघ की शाखा से निर्मित स्वयंसेवक समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न संगठनों के माध्यम से समाज परिवर्तन का काम करते है।
इसी क्रम में मुख्य वक्ता ने आगे कहा कि देशहित के लिये सामूहिकता के भाव निर्माण की आवश्यकता रहती है। सामूहिक अनुशासन के आधार पर संगठित समाज का निर्माण होता है।
कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद, भारतीय जनता पार्टी, सेवा भारती, हिन्दू जागरण मंच, विद्या भारती, किसान संघ, आरोग्य भारती, भूतपूर्व सैनिक परिषद सहित लगभग 20 संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द प्रकरण में शिवसेना ने किया राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

शिव सेना यू.बी.टी. के प्रदेश सचिव संजय प्रधान के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राष्ट्रपति को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर मांग किया गया है कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द प्रकरण में हस्तक्षेप का इसका सुखद पटाक्षेप कराया जाय।
राष्ट्रपति को भेजे पत्र में कहा गया है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द के विरूद्ध निरन्तर राजनीतिक कारणों से षड़यंत्र किया जा रहा है। यद्यपि कि माननीय न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दिया है किन्तु सनातन परम्परा, गरिमा की रक्षा के लिये यह आवश्यक है कि राष्ट्रपति इस प्रकरण में रचनात्मक हस्तक्षेप कर इस प्रकरण का इस तरह से समाधान करायें कि सनातन परम्परा कमजोर न होने पाये।
पत्र भेजने के दौरान शिव सेना यू.बी.टी. के प्रदेश सचिव संजय प्रधान के साथ ई. रूपेन्द्र, शिवम प्रताप सिंह, सूरज कुमार शुक्ला, राधेश्याम शुक्ल आदि शामिल रहे।

# ईरान संकट के मद्देनज़र जनपद में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर स्थापित

**हेल्पलाइन नंबर 9454417117 जारी**

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर ईरान में उत्पन्न युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है।
जनपद जौनपुर के जो नागरिक किसी भी देश में फंसे हुए हैं या जिन पर संभावित खतरे की आशंका है, उनके परिजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर स्थापित किया गया है।
जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार हेल्पलाइन नंबर 9454417117 तत्काल प्रभाव से सक्रिय कर दिया गया है।
उक्त नम्बर पर संपर्क कर परिजन अपने संबंधित व्यक्ति की जानकारी, लोकेशन और अन्य आवश्यक विवरण साझा कर सकते हैं, ताकि शासन स्तर पर समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।
अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) परमानंद झा ने बताया कि यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा।
यहां तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी प्राप्त सूचनाओं को संकलित कर उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएंगे तथा आवश्यकतानुसार विदेश मंत्रालय व संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया जाएगा।
उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता पड़ने पर केवल आधिकारिक नंबरों पर ही संपर्क करें।
प्रशासन हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

# आप नेताओं की रिहाई न्याय की जीत, अब सोनम वांगचुक की जल्द वापसी का इंतजार- समाजसेवी अतुल तिवारी

**प्रदेश संगठन मंत्री अतुल तिवारी ने वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की जल्द रिहाई की भी जताई उम्मीद**



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल के उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री एवं आम आदमी पार्टी जौनपुर के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी समाजसेवी अतुल कुमार तिवारी ने एक प्रेस वक्तव्य जारी करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह सहित अन्य नेताओं के न्यायालय से बाइज्जत बरी होने का स्वागत किया है। अतुल तिवारी ने कहा कि न्यायालय का यह फैसला इस बात का प्रमाण है कि सत्य को परेशान किया जा सकता है, लेकिन पराजित नहीं। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं के ऊपर लगे सभी आरोप निराधार साबित हुए हैं। यह न केवल आम आदमी पार्टी की जीत है, बल्कि हमारे देश के जीवंत लोकतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका की भी बहुत बड़ी जीत है। देश के प्रमुख समाजसेवी सोनम वांगचुक की रिहाई पर व्यक्त किया विश्वास प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रदेश संगठन मंत्री अतुल कुमार तिवारी ने लद्दाख के प्रसिद्ध समाजसेवी और कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का भी समर्थन किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह सत्य की जीत हुई है, उसी तरह जल्द ही देश के बड़े समाजसेवी सोनम वांगचुक भी जेल से बाहर आएंगे। उन्होंने आगे कहा, हमें न्यायपालिका पर पूर्ण भरोसा है कि सोनम वांगचुक पर लगे झूठे और गलत आरोप भी जल्द ही खत्म होंगे। समाज की भलाई के लिए संघर्ष करने वाले व्यक्तित्व को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। समाजसेवी अतुल तिवारी ने अंत में दोहराया कि न्यायपालिका का यह रुख समाज में विश्वास पैदा करता है कि अंततः न्याय ही सर्वोपरि है।

# ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली ख़ामेनेई के निधन की खबर पर जौनपुर में उबाल, एसपी कार्यालय तक पहुंचा विरोध

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली ख़ामेनेई के निधन की खबर सामने आने के बाद जौनपुर शहर में गहरा शोक और आक्रोश देखने को मिला। रविवार को भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। खासकर महिलाओं में गम और नाराजगी साफ दिखाई दी। शहर के विभिन्न मोहल्लों से एकत्रित हुई महिलाएं रोती-बिलखती हुई जुलूस की शक्ल में निकलीं। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक मार्च किया। इस दौरान माहौल भावुक और गंभीर बना रहा। प्रदर्शनकारियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कई महिलाओं ने कहा कि यह पूरी मुस्लिम उम्माह के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने की अपील की।

# भैंस चोरी का खुलासा: सुजानगंज पुलिस ने 5 शातिर गिरफ्तार, 3 भैंसें व तमंचा बरामद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



थाना सुजानगंज पुलिस ने भैंस चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।
पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई 03 भैंस, एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस तथा एक महेन्द्रा पिकअप वाहन बरामद किया है।
मामला 28 फरवरी 2026 को दर्ज हुआ, जब ग्राम शिवरिहा निवासी रामरती देवी ने तहरीर देकर बताया कि 26 फरवरी की रात 1:27 से 1:46 बजे के बीच उनकी दो भैंस तथा दयाराम यादव की एक भैंस चोरी कर ली गई। इस संबंध में मु0अ0सं0 56/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान अन्य धाराएं व 3/25 आर्म्स एक्ट तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा भी बढ़ाई गई।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत 02 मार्च की सुबह करीब 2:15 बजे कुन्दहां-पीपरी घाट मार्ग पर ग्राम बाल्हामऊ के पास से अभियुक्त दीपक पांडेय उर्फ शेरू, पन्नालाल यादव, लालमणी यादव, गुलफाम व अकमल को गिरफ्तार किया गया।
पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में लालमणी यादव पर पूर्व में एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट व



अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। सभी आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया है।

# रिश्तेदारी में आये कार सवार पर बाइक सवार युवकों ने किया हमला, दो घायल



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के जौनपुर-शाहगंज हाईवे स्थित धन्नेपुर चौराहे के पास बाइक सवार युवकों ने कार सवार पर लाठी-डण्डे से हमला करते हुए उन्हें पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची मौके पर पुलिस ने घायल कार सवार को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद आजमगढ़ के निजामाबाद थाना क्षेत्र के करीमपुर गांव निवासी अनिल बिंद अपने परिवार के चंद्रेश बिंद के साथ सोमवार को दोपहर में लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मानेपुर गांव में अपने बहन के घर चौथ लेकर आए थे। आरोप है कि उसी समय जौनपुर-शाहगंज हाईवे पर धन्नेपुर चौराहे के पास लगभग 4 बाइक से सवार 8 की संख्या में युवक पहुंच गए। युवकों ने उक्त कार सवारों के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिसमें अनिल बिंद एवं चंद्रेश बिंद घायल हो गये। सूचना पर मौके पर 112 की पुलिस आ गई। पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। दोनों कार सवार युवकों को सिर में चोट आई है।

## बहन के घर चौथी लेकर आए युवकों पर बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने लाठी डंडों से किया हमला

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

लाइन बाजार थाना क्षेत्र के चौकिया धननेपुर चौराहे के पास 10 से 12 की संख्या में 5 बाइक पर सवार नकाबपोश बदमाशों ने लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मानेपुर ग्राम में लालता बिन्द के यहां अपनी बहन का चौथी लेकर आए थे
जैसे ही वह धन्ननेपुर चौराहा पर पहुंचे अज्ञात बदमाशों ने उनके ऊपर हमला कर दिया
जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिल कुमार बिंद 32 वर्ष पुत्र संतलाल बिंद करीमपुर थाना निजामाबाद जिला आजमगढ़ के रहने वाले हैं
एक कार में चार लोग सवार होके अपनी बहन के घर आए थे जिसमें से अनिल कुमार और उनके चाचा के ऊपर अज्ञात बदमाशों ने लाइन बाजार थाना क्षेत्र के धन्ननेपुर चौराहे के पास लाठी डंडों से हमला कर दिया।

# विधायक महादेवा ने किया सड़क निर्माण का उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

सोमवार को महादेवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दूध राम ने सड़क निर्माण कार्य का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान ताड़ी जोत ग्राम सभा में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक का स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। दसकोलवा, ताड़ी जोत और चिलवनिया में लगभग 1.5 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसका विधिवत शुभारंभ हुआ। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा। विधायक दूध राम ने कहा कि महादेवा विधानसभा में लगातार सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में ग्राम सभा प्रधान एवं रिटायर्ड तहसीलदार राजाराम, डा. श्रीराम, सुग्रीव प्रसाद, राम दरस, बाबू राम, पत्रकार अभिषेक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गन्ने के खेत में मिला बाघ का शव, शरीर पर नहीं चोट के कोई निशान

## नर बाघ का शव मिला:वन विभाग की टीम ने कब्जे में लिया, 10 साल के करीब है उम्र

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** दक्षिण खीरी वन प्रभाग की गोला वन रेंज में एक नर बाघ का शव मिला है। इमलिया गांव के बाहर गन्ने के खेत में शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। गौरतलब बाघ के शरीर पर चोट के फिलहाल कोई निशान नहीं पाए गए हैं। ऐसे में बाघ की मौत कैसे हुई इस पर अभी संशय बना हुआ है। मृत बाघ की उम्र सात से आठ वर्ष का अनुमान जताया जा रहा है और माना जा रहा है कि बाघ की मौत तकरीबन दस घंटे पहले रात्रि में हुई होगी। इस क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी पहले भी रही है।इमलिया के पश्चिम नाले की ओर खेतों में काम करने गए इलाकाई ग्रामीणों ने सोमवार को रावेन्द्र के गन्ने के खेत में बाघ का शव देखा तो वह डर गए। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बाघ के मृत होने की पुष्टि की है। बाघ बाहुल्य इलाका होने के चलते इलाके में मानव बाघ संघर्ष की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। इनके संघर्ष में कई ग्रामीणों की मौतें व घायल होने की घटनाएं हो चुकी हैं।यहां पर बाघ-तेंदुआ आदि वन्यजीवों की सुरक्षा का भी संकट बना हुआ है। बाघ की मौत का मामला कोई नया नहीं है। इसके पहले भी गोला, मैलानी, महेशपुर रेंज में अलग-अलग स्थान पर बाघों और तेंदुओं की मौत के मामले सामने आ चुके हैं। इन मौतों के पीछे कहीं शिकारियों की हरकतें रही हैं। तो कहीं आपसी संघर्ष से लेकर दुर्घटनाओं में उनकी मौत के मामले सामने आ चुके हैं।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से इस इलाके में बाघ की गतिविधियां बढ़ी हुई थीं, लेकिन किसी हमले की घटना सामने नहीं आई थी। वन्यजीव विशेषज्ञों ने मानवीय हस्तक्षेप और शिकार की आशंका को देखते हुए मामले की गंभीरता से जांच करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।
वन विभाग की टीम बाघ के शव का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी में है। गोला रेंजर संजीव कुमार तिवारी का कहना है कि बाघ की मौत के कारणों की पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही वजह का पता चल सकेगा।

# हैदराबाद पुलिस ने की पैदल गस्त



जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

होली के त्योहार के द्रस्टिगत हैदराबाद थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने मय हमराहियो के साथ कस्बे मे पैदल गस्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया है।
थानाध्यक्ष ने बताया की होली व रमजान के चलते कस्वा ममरी, अजान, रोशननगर कोटबारा, भल्लिया गांव मे पैदल गस्त की गई, इस दौरान एस एस आई संत पाल सिंह राठौर चौकी इंचार्ज ढखबा जय नरायन यादव चौकी इंचार्ज अजान, उप निरीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय, हेमन्त कटियार के सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# ग्राम बिरिया मे गन्ना किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। पलिया कला खीरी



बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया क्षेत्र के आदिवासी जनजाति थारु क्षेत्र के ग्राम बिरिया मे गन्ना किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। थारू क्षेत्र के ग्राम बिरिया में चीनी मिल, गन्ना विकास परिषद पलिया द्वारा एक गन्ना किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के उपनिदेशक पी के कपिल, जेस्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिथिलेश पांडे, उप महाप्रबंधक गन्ना राजीव तोमर, मौजूद रहे। किसानों को संबोधित करते हुए राजीव तोमर जी ने बताया कि अभी बसंत कालीन बुवाई का उत्तम समय चल रहा है। किसान भाई गन्ना प्रजाति को0 118, को0 98014, को0,15023, को0लख0 14201, की बुवाई करें, उन्होंने किसानों को बताया कि को0 0238 की बुवाई कदापि ना करें साथ ही कोई भी अस्वीकृत या अपरिचित प्रजाति की बुवाई ना करें। जिस खेत में गत वर्ष लाल सड़न रोग लगा हो उसमें दोबारा गन्ना की बुआई ना करें। साथ ही गन्ना बुवाई के लिए बीज के दो आंख वाले टुकड़े काटकर 250 ग्राम या हेक्सास्टॉप दवा को 250 लीटर पानी के घोल में 10 मिनट तक उपचारित करने के उपरांत ही बुवाई करें । खेत में गन्ना बुवाई से पूर्व ट्राइकोडरमा 5किलो ग्राम प्रति एकड़ की दर से 2 से 3 कुंटल सडी गोबर की खाद में मिलाकर छायादार स्थान में फैला कर संवर्धित कर ले तथा खेत में अंतिम जुताई के समय बिखेर दें। गन्ने की बुवाई ट्रेंच विधि या दोहरी पंक्ति विधि द्वारा ही करें। डॉ0 पी0के0 कपिल द्वारा किसानों को गन्ना फसल में पोषक तत्वों की जानकारी देते हुए बताया कि मृदा परीक्षण के आधार पर फसल में 180 किलोग्राम नाइट्रोजन, 80 किलोग्राम फास्फोरस, 40 किलोग्राम पोटाश, व 25 किलोग्राम जिंक सल्फेट प्रयोग करें। साथ ही गोबर की खाद 150 कुंटल अवश्य प्रयोग करें। जिससे खेत की उर्वरा शक्ति बनी रहे। कपिल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि खेती के साथ साथ बागवानी एवं सब्जियों की खेती करें, आमदनी बढ़ाने के लिए गन्ने के बीच की दूरी कम से कम चार फिट की दूरी होनी चाहिए जिससे सह फसली का लाभ लेकर आमदनी बढ़ा सकें, किसानों द्वारा खेत में जलाये जाने वाले पत्तियों से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। गोष्ठी के दौरान काफी संख्या में किसान व चीनी मिल के प्रमोद तोमर, रमाकांत मौजूद रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता घुम्मन प्रधान ने की।

# निघासन नगर पंचायत के सुक्खन में 'गरीबों की मुस्कान मेरी पहचान' मिशन की पहल, अग्नि पीड़ितों को मिली राहत सामग्री

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी



निघासन। नगर पंचायत क्षेत्र के सुक्खन मोहल्ले में हाल ही में लगी भीषण आग से कई परिवारों के घर जलकर राख हो गए। इस दर्दनाक हादसे में रज्जन, संतोष, पल्लू, सुखरानी, दीपू और अनिल सहित अन्य परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घरों में रखा अनाज, कपड़े और रोजमर्रा का सामान आग की लपटों में स्वाहा हो गया, जिससे पीड़ित परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया।इस कठिन समय में 'गरीबों की मुस्कान मेरी पहचान' मिशन टीम के रमाशंकर निषाद मानवता का परिचय देते हुए राहत कार्य शुरू किया। मिशन की ओर से समाजसेवी रमाशंकर निषाद निवासी कामतानगर ने स्वयं मौके पर पहुंचकर अग्नि पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना ही सच्ची सेवा है।
राहत सामग्री के तहत प्रत्येक प्रभावित परिवार को 25 किलो चावल, 5 किलो आटा, 2 किलो दाल, 5 किलो प्याज और सरसों का तेल प्रदान किया गया। इस सहयोग से पीड़ित परिवारों को तत्काल भोजन की व्यवस्था में काफी राहत मिली। आग की घटना के बाद कई परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर थे और उनके सामने भोजन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी। ऐसे में यह मदद उनके लिए किसी संजीवनी से कम नहीं रही। रमाशंकर निषाद ने कहा कि समाज में जब भी किसी पर विपत्ति आती है तो हम सबका कर्तव्य बनता है कि आगे बढ़कर सहयोग करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए मिशन की टीम तत्पर रहेगी। राहत वितरण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी मिशन की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। अग्नि पीड़ित परिवारों ने भावुक होकर मिशन टीम और रमाशंकर निषाद का आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि आग ने उनका सब कुछ छीन लिया, लेकिन समाज के सहयोग ने उन्हें हिम्मत दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन भी जल्द से जल्द स्थायी सहायता उपलब्ध कराएगा ताकि वे अपने घरों का पुनर्निर्माण कर सकें। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यदि इसी तरह समाज के लोग आगे आते रहें, तो किसी भी आपदा का सामना मिलकर किया जा सकता है। गरीबो की मुस्कान मेरी पहचान' मिशन की यह पहल न केवल जरूरतमंदों के लिए राहत लेकर आई, बल्कि समाज में सेवा और संवेदना का एक प्रेरक उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर नंदकिशोर आर्या, कंचन सिंह, जितेंद्र राज, प्रमोद कुमार साहनी, संदेश साहनी मौजूद रहे।

# खीरी के गरीब बच्चों को नहीं मिल रही प्राइवेट स्कूलों में निशुल्क शिक्षा

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत है निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में है 25% सीटों के अनिवार्य आरक्षण की व्यवस्था
खीरी विकास समिति ने डीएम, एसडीएम सहित शिक्षा विभाग के आलाधिकारियों से की मांग



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों में गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों को प्रवेश देने की मांग करते हुए खीरी विकास समिति के अध्यक्ष आमिर रज़ा पम्मी ने डीएम, एसडीएम, बीएसए और डीआईओएस को ज्ञापन देकर इस व्यवस्था को मानक के अनुसार कस्बा खीरी में लागू किए जाने की मांग की है।समिति के अध्यक्ष आमिर रज़ा ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (ञ्रक्षश्र,ष्ह्र), 2009 के तहत निशुल्क शिक्षा का प्रावधान है। इस कानून के तहत निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों को कक्षा-1 (या प्री-प्राइमरी) में 25% सीटें आर्थिक रूप से कमजोर और अलाभित समूहों के बच्चों के लिए आरक्षित करनी अनिवार्य हैं, जिनमें कक्षा 8 तक पढ़ाई मुफ्त होती है। परंतु प्रशासन की लापरवाही के चलते लगभग 70 हजार की आबादी वाले कस्बा खीरी में जहां 80% गरीब लोग निवास करते हैं। कस्बा खीरी में ही कई प्राइवेट हिंदी और इंग्लिश मीडियम विद्यालय संचालित हैं, परंतु इन विद्यालयो में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (ञ्रक्षश्र,ष्ह्र), 2009 के तहत नियमा निसार निशुल्क शिक्षा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिससे कस्बा खीरी के गरीब बच्चे इस अधिनियम के लाभ से वंचित रह रहे हैं। समिति ने डीएम, एसडीएम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कस्बा खीरी में स्थित संचालित प्राइवेट विद्यालयों की गहन जांच पड़ताल कर छात्रों की संख्या के अनुसार इन विद्यालयों में गरीब बच्चों का मानक के अनुरूप निशुल्क प्रवेश कराकर उन्हें उचित शिक्षा उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

# अवैध शराब का धंधा चरम पर

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा जोरों पर क्षेत्र में आबकारी विभाग का भ्रमण नाम मात्र होने के कारण अवैध शराब का धंधा बड़ी तादाद में फल फूल रहा है नगर के विभिन्न मोहल्लो में अवैध रूप से कच्ची शराब तो बेखौफ होकर बिक ही रही है साथ ही रात 10 बजे के बाद नगर में कुछ खास स्थानो पर कच्ची एवं सरकारी ठेके से लाकर देसी शराब का अवैध कारोबार भी बेखौफ जारी है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार जानते नहीं वो जानकर अंजान बने हुए है। शाहजहांपुर रोड पर एक खाने के होटल के पास सरकारी ठेका है जो अपने नियमित समय पर बन्द हो जाता है लेकिन उसकी शराब पास की दुकान पर बेखौफ बिकती है। नगर के तमाम युवक जो दारू और शराब के शौकीन है देर रात इस होटल पर जमे रहते है। नगर के अन्दर एक धार्मिक स्थल के निकट वैध और अवैध दारू जो अवैध रूप से बिकती है जहां पर नाबालिग युवक देर रात बन्द शटर से खरीदते यदा-कदा नहीं बल्कि रोज ही देखे जा सकते है।पुलिस के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में कच्ची अवैध शराब एवं उसके कारोबारियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाये जाते है। पुलिस को भारी सफलता भी मिलती है लेकिन इस धन्धे पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं।बौधनिया, शंकरपुर छावनी ,साहबगंज कच्ची शराब के बड़े केन्द्र तो है ही नगर के पश्चिम गांव खिरिया घासी में लगभग कई घरो में कच्ची शराब का अवैध कारोबार अपने पूरे यौवन पर है। ऐसे कई गांव है जहां कच्ची शराब का अवैध धन्धा कुटीर उद्योग का रूप धारण कर चुका है मगर जिम्मेदार आंखे मूंदे है।नगर में गांजा ,नशीली गोलियो के अवैध कारोबार के साथ-साथ कच्ची शराब का कारोबार भी अपने यौवन पर है वही सरकारी ठेके से शराब लाकर उसमें मिश्रण कर मात्रा बढ़ाकर अधिक रेट पर बेखौफ होकर बेची जा रही है।

# नाबालिग मूक-बधिर से गैंगरेप मामले दूसरा आरोपी पुलिस मुठभेड़ दौरान गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

सिंगाही थाना क्षेत्र में नाबालिग मूक-बधिर से गैंगरेप मामले में दूसरा आरोपी छोटू पुत्र गजोधर सिंह निवासी रामनगर बगहा थाना पढुआ को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है।
आरोपी को बांए पैर में पुलिस की गोली लगी है आरोपी को निघासन सीएचसी से, पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सिंगाही थाना क्षेत्र के सिंगाही नौरंगाबाद रोड़ मुख्तियार आम बाग मनमदपुर कच्ची रोड के पास पुलिस को आरोपी छोटू के लोकेशन की सूचना मिली, पुलिस ने आरोपी की घेराबंदी की तो रात को आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किया इसमें आरोपी के बांए पैर में गोली लगी है, घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बिजली पोल के करंट से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। शारदा नगर थाना क्षेत्र के नौधन गांव में बिजली के पोल से करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। युवक का शव सोमवार सुबह गांव के बाहर झुलसी हुई अवस्था में मिला। मृतक युवक की पहचान भानु पुत्र दीनबंधु के रूप में हुई है। भानु रविवार शाम अपने घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रात भर उसकी तलाश की। सोमवार सुबह गांव के बाहर बिजली के पोल के पास उसका झुलसा हुआ शव मिला। मृतक के भाई घनश्याम ने बताया यह मामला करंट लगने का प्रतीत हो रहा है। उनके अनुसार, बिजली के पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से भानु की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और विद्युत विभाग से इस संबंध में जानकारी मांगी जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बिजली व्यवस्था की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में चार झोपड़ियां जलीं, नगदी व सामान राख



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

क्षेत्र के एक गांव में रविवार को अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग में चार झोपड़ियां जलकर राख हो जीवी गई। आग लगने से नगदी सहित घर-गृहस्थी का सारा सामान जल गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।बताया जाता है कि संतोष पुत्र दुलारे के घर से अचानक आग लग गई, जो देखते ही देखते पास की अन्य झोपड़ियों तक फैल गई। आग की चपेट में आकर संतोष पुत्र दुलारे, पल्लू पुत्र दुलारे, दीपू पुत्र चंद्रर और रज्जन पुत्र कालिका की झोपड़ियां जलकर राख हो गई।
आग के दौरान घरों में रखे तीन गैस सिलेंडर भी जल गए, जबकि दीपू के घर का एक सिलेंडर फट गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दीपू के आवास निर्माण के लिए बैंक से लाए गए करीब 30 हजार रुपये, एक मोबाइल फोन समेत घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया।
ग्रामीणों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# कच्ची शराब बरामद, 02 क्विंटल लहन नष्ट! लहबड़ी में होली से पहले आबकारी टीम की बड़ी कार्रवाई

## धौरहरा के लहबड़ी में आबकारी विभाग का अवैध शराब पर छापा! 20 लीटर कच्ची शराब, 200 लीटर लहन व भट्ठी नष्ट




जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

धौरहरा में होली पर्व से पहले आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए सख्त अभियान चलाया है। इसी क्रम में धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के लहबड़ी में आबकारी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जहरीली कच्ची शराब और लहन बरामद किया।आबकारी इंस्पेक्टर अब्दुल अजीज के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी कर करीब 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। इसके साथ ही लगभग 200 किलोग्राम लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। आबकारी टीम ने अवैध शराब की भट्ठियां भी ध्वस्त किया, जिनका उपयोग कच्ची शराब तैयार करने में किया जाता था।अभियान के दौरान टीम ने धौरहरा क्षेत्र के लहबड़ी नाला के आसपास खेतों और झाड़ियों में छिपाकर रखे गए कच्चे माल की तलाश की। कई स्थानों पर जमीन खोदकर लहन दबाकर रखा गया था, जिसे बाहर निकालकर नष्ट किया गया।
आबकारी विभाग के अनुसार, होली के आसपास अवैध शराब की मांग बढ़ने की आशंका रहती है, जिसे देखते हुए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।
आबकारी इंस्पेक्टर अब्दुल अजीज ने बताया कि विभाग को लगातार सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में अवैध रूप से कच्ची शराब का निर्माण किया जा रहा है। इन्हीं सूचनाओं के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी गई।
उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।आबकारी विभाग ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध शराब के निर्माण या बिक्री की जानकारी मिले तो तत्काल सूचना दें। त्योहारों के दौरान जहरीली शराब से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# त्योहार और ईरान की घटना को लेकर पुलिस सतर्क

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी



क्षेत्र में होली और रमजान के त्योहारों के बीच ईरान की घटना को लेकर उपजे तनाव को लेकर पुलिस के आला अधिकारियों ने सतर्कता बरते हुए फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामों का सघन निरीक्षण करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। एएसपी अनिल कुमार राय के नेतृत्व में सीओ अरुण कुमार सिंह निरीक्षक उमेश चौरसिया चौकी प्रभारी अमीर नगर संजीव तिवारी, रेहरिया हिमांशु आनंद और कस्बा प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह और पैरामिलिट्री फोर्स के साथ कस्बा में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहले से तैयार किए गए रूट मैप पर तैनात पुलिस बल की संख्या बढ़ाने को लेकर मंथन किया गया वहीं समाजसेवियों से घटनाओं को लेकर अधिकारियों से सामंजस्य बनाने की अपील की है। बड़ी संख्या में सड़क पर उतरे पुलिस के जवानों को देख अराजक तत्वों में खलबली मच गई एएसपी ने छोटी-छोटी घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# आखिर संघर्ष के बाद पेपर मिल कर्मचारियों को मिलेगा होली बोनस

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जेबी दारूका पेपर मिल अड़बेनिया ग्रण्ट कर्मचारियों द्वारा लगातार मिल बन्द होने के बाद धरना प्रदर्शन किया जा रहा था जिसके चलते भारतीय किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा पेन्दर सिंह के नेतृत्व में मिल कर्मचारियों द्वारा दो मार्च को लखनऊ पैदल मार्च की घोषणा की गई थी दो मार्च की घोषणा को लेकर लगातार प्रशासन कर्मचारियों व भारतीय किसान मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा दो मार्च के पैदल मार्च को स्थगित करने के लिये प्रयासरत था लेकिन भारतीय किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों के नेतृत्व में पेपर मिल कर्मचारियों द्वारा तीन माह के वेतन बकाया आदि अन्य मांगो को लेकर निर्धारित समय पर जेबी दारूका पेपर मिल गेट से लेकर लखनऊ पैदल मार्च कर्मचारियों द्वारा सपरिवार के साथ भारतीय किसान मजदूर संधर्ष मोर्चा पेन्दर सिंह अल्पना सिंह आदि पदाधिकारियों के नेतृत्व जारी किया। क्षेत्राधिकारी सदर व उपजिलाधिकारी के हर प्रयास के बाद गल्लामण्डी समिति सीतापुर में पेपर मिल मालिक व कर्मचारियों की प्रशासन के द्वारा बैठक कराई गई जिसमें मिल मालिको द्वारा होली बोनस के दौर पर प्रत्येक कर्मचारी को पांच पाचं हजार रूपये देने की घोषणा कर्मचारियों के भारी संघर्ष के बाद की गई साथ ही यह भी तय किया गया कि न्यायालय के अग्रिम आदेश तक मिल गेट पर एक नोटिस चस्पा की जायेगी कि मिल बंद होने के कारण मिल में अभी कर्मचारियों की आवश्यकता नही है भविष्य में न्यायालय के आदेश के बादजो भी निर्णय आयेगा जिसमें कर्मचारियों और श्रमिको के बकाया भुगतान को सर्व प्रथम स्थान दिया जायेगा।

# खामेनेई की मौत से शिया समुदाय में आक्रोश

## रमजान में हमले की सभी धर्म के लोगों ने की निंदा





जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी


ईरान के लीडर आयतुल्लाह खामेनेई कि हमले में मौत की खबर मिलते ही शिया समुदाय के लोगों में भारी आक्रोश के साथ कठोर निंदा की है वहीं पवित्र माहे रमजान में हमले की घटना को सुन्नी समुदाय से लेकर तमाम वर्ग के लोगों ने निंदा की है।
रविवार की शाम मौलाना साहिल जैदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिया, सुन्नी समुदाय के कमरुल हसन कादरी अब्बास नकवी हसन मोहम्मद इलियास नकवी डॉ बाबू खा अब्दुल मन्नान डॉक्टर जुबेर नासिर खान मोनिस अंसारी इमामुद्दीन समेत सैकड़ों लोगों ने इमामबाड़े में एकत्र होकर अपने हाथों में कैंडल लेकर नगर भ्रमण करते हुए इसराइल और अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगाए वही रमजान में धोखे से हमला करने की कठोर निंदा करते हुए कहा इंसानियत शर्म सार हो गई अमेरिका का चेहरा विश्व में बेनकाब हो गया लोगों ने ट्रंप के पोस्ट पर जूते रगड़कर आग लगाकर विरोध जताया है।

## सात दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। श्री गांधी महाविद्यालय सिधौली की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर सामुदायिक पंचायत भवन, लोधपुरवा मोहल्ला बहादुरपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा प्रसार व मतदाता जागरूकता जैसे जनहितकारी कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। समापन समारोह में अध्यक्ष डॉ. रविंद्र सिंह ने एनएसएस को व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त पाठशाला बताया। मुख्य अतिथि डॉ. मनोज पाण्डेय व मुख्य समागत डॉ. सुधाकर प्रकाश वर्मा ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की ऊर्जा बताया। मुख्य वक्ता प्रो. सुनील कुमार ने सेवा, नैतिकता व नेतृत्व को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि अंशु केडिया की उपस्थिति में डॉ. देवेंद्र कश्यप, पिंकी अरविंद प्रजापति, डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति व कमल किशोर ने प्रेरक संदेश दिए।





Ministry of Health & Family Welfare
Government of India

## उच्च रक्तचाप प्रोटोकॉल

30 वर्ष से अधिक आयु के सभी वयस्कों के रक्तचाप को मापें

हाई बीपी: एसबीपी ≥ 140 या डीबीपी ≥ 90 mmHg

खुराक के अनुमापन या दवाओं को जोड़ने से पहले प्रत्येक दौरे पर अनुपालन की जाँच करें

1. अगर बीपी हाई हो तो: Amlodipine 5 mg प्रीसक्राइब करें
2. 30 दिन बाद फिर से बीपी मापें। यदि अभी भी उच्च है: Telmisartan 40mg भी दें
3. 30 दिन बाद फिर से बीपी मापें। यदि अभी भी उच्च है: Amlodipine को 10mg तक बढ़ाएं
4. 30 दिन बाद फिर से बीपी मापें। यदि अभी भी उच्च है: Telmisartan को 80mg तक बढ़ाएं
5. 30 दिन बाद फिर से बीपी मापें। यदि अभी भी उच्च है: Chlorthalidone 12.5mg** मिलाएं
6. 30 दिन बाद फिर से बीपी मापें। यदि अभी भी उच्च है: Chlorthalidone को बढ़ाकर 25mg** करें

... 30 दिन बाद फिर से बीपी मापें। यदि अभी भी उच्च है: जांचें करें की क्या रोगी नियमित रूप से और सही तरीके से दवाएं ले रहा है। यदि हाँ, तो किसी विशेषज्ञ को रिफर करें।

सभी रोगियों के लिए जीवनशैली संबंधित सलाह:

IHCI India Hypertension Control Initiative

अधिक जानकारी के लिए अपने नज़दीकि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में संपर्क करें













































